CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 22°C
न्यूनतम : 12°C

देहरादून, शनिवार 11 अप्रैल 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 243 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | बैसाख कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2083 | 22 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



स्वास्थ्य सेवाओं में यूपी नेरचा नया इतिहास: योगी — पेज 2



पंजाब किंग्स का लक्ष्य एसआरएच के खिलाफ अपनी लय को बनाए रखना — खेल टाइम्स



वृद्धावस्था का एक रोग जो बना चुनौती — सम्पादकीय



होर्मुज में ईरान के टैक्स लेने पर भड़के ट्रम्प, बोले– यह वह समझौता नहीं जो हमने किया — पेज 12

## जाति जनगणना रोकने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली, वार्ता**

सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सीजेआई सूर्यकांत ने एक याचिककर्ता को कड़े शब्दों में फटकार लगा दी। सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार को जाति जनगणना रोकने, संसाधनों के पुनर्वितरण को जनसंख्या उत्तरदायित्व से जोड़ने और एक बच्चे वाले परिवारों को आर्थिक प्रोत्साहन प्रदान करने वाली नीतियां बनाने का निर्देश देने वाली याचिका लगाई गई थी।

सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ ने इस याचिका को खारिज कर दिया। इस दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने याचिकाकर्ता से कहा कि आप इस याचिका में इस्तेमाल की गई भाषा



**■ ऐसी अभद्र भाषा कहां से लाते हैं, सीजेआई ने याचिककर्ता को लगाई कड़ी फटकार**

कहां से सीखते हैं? ये बदतमीजी की भाषा कहां से लेकर आते हैं आप लोग? आप लोग याचिका कैसे लिखते हैं अदालत ने जनहित याचिका में इस्तेमाल की गई भाषा के लिए याचिकाकर्ता की आलोचना की। सीजेआई सूर्यकांत ने व्यक्तिगत रूप से पेश हुए याचिकाकर्ता से कहा कि आपने अपनी याचिका में बदतमीजी की भाषा लिखी है। आपने अपनी याचिका में अभद्र भाषा लिखी है। आपकी याचिका किसने लिखी ह। इससे पहले दो फरवरी को शीर्ष अदालत ने 2027 की आम जनगणना में नागरिकों के जातिगत आंकड़ों को दर्ज करने, वर्गीकृत करने और सत्यापित करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर सवाल उठाने वाली एक अलग जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया था। 2027 की जनगणना, जो आधिकारिक तौर पर 16वीं राष्ट्रीय जनगणना है, 1931 के बाद पहली बार व्यापक जाति गणना को शामिल करने वाली और देश की पहली पूरी तरह से डिजिटल जनगणना होगी।

# ईरान-अमेरिका वार्ता पर सस्पेंस

## ईरान की ओर से अभी तक कोई साफ संदेश नहीं, जेडी वेंस पाक के लिए रवाना

### इस्लामाबाद में प्रस्तावित है वार्ता

**तेहरान/वाशिंगटन।**

अमेरिका के साथ होने वाली सीजफायर बातचीत के लिए ईरानी डेलिगेशन अब तक पाकिस्तान नहीं पहुंचा है। शनिवार को इस्लामाबाद में दोनों देशों के बीच अहम बैठक प्रस्तावित है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान लेबनान में जारी इजरायली हमलों से नाराज है और इसी वजह से उसने बातचीत को लेकर सख्त रुख अपनाया है। अभी तक उसकी ओर से बैठक में शामिल होने को लेकर साफ संकेत नहीं मिले हैं। इससे पहले खबर आई थी कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान पहुंच चुका है, लेकिन ईरानी मीडिया ने इन दावों को खारिज कर दिया। गौरतलब है कि 8 अप्रैल को अमेरिका और ईरान के बीच दो हफ्ते के सीजफायर पर सहमति बनी थी। उसी के तहत इस्लामाबाद में यह बातचीत तय हुई है। अब यह देखना अहम होगा कि क्या तय समय पर यह बैठक हो पाती है या फिर हालात के चलते इसमें बदलाव होता है।

वहीं पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका ने कूटनीतिक मोर्चे पर बड़ा कदम उठाया है। जेडी वेंस इस्लामाबाद के लिए रवाना हो गए हैं, जहां वे ईरान के साथ अहम बातचीत में हिस्सा लेंगे। यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब क्षेत्र में संघर्षविराम बना हुआ है, लेकिन हालात अब भी नाजुक हैं। वेंस के बयान ने साफ कर दिया है कि अमेरिका बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन किसी भी तरह की चालबाजी बर्दाश्त नहीं करेगा। रवाना होने से पहले वेंस ने कहा कि अगर ईरान ईमानदारी से बातचीत करता है, तो अमेरिका भी सकारात्मक रुख अपनाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका खुले हाथ से बातचीत करना चाहता है, लेकिन उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर ईरान ने बातचीत में खेल करने की कोशिश की तो अमेरिकी टीम सख्त रुख अपनाएगी। यह बयान साफ संकेत देता है कि बातचीत के साथ-साथ दबाव की रणनीति भी जारी रहेगी। यह वार्ता पश्चिम एशिया में एक महीने से जारी तनाव को खत्म करने के मकसद से हो रही है। हाल ही में अमेरिका और ईरान के बीच दो हफ्ते का संघर्षविराम हुआ है। अब यह बातचीत उसी को आगे बढ़ाने और स्थायी शांति का रास्ता निकालने के लिए अहम मानी जा रही है। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वेंस करेंगे। उनके साथ विशेष दूत स्टीव विटकाफ और जारेड कुशनर भी शामिल हैं। व्हाइट हाउस के मुताबिक यह बैठक शनिवार सुबह स्थानीय समय के अनुसार होगी और इसमें कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी।



**■ ईरान की मांग पहले लेबनान में सीजफायर, फिर होगी बात**

**■ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की धमकी, वार्ता असफल रही, तो ईरान पर होंगे भीषण हमले**

### होर्मुज में ईरान के टैक्स लेने पर भड़के ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमधय से तेल की आवाजाही को बाधित करने के तरीके पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि ईरान इस मामले में बहुत खराब काम कर रहा है और इसे अशोभनीय बताया।

युद्धविराम की प्रभावशीलता पर सवाल राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल को गुजरने देने के मामले में बहुत खराब काम कर रहा है, कुछ लोग इसे अशोभनीय कहेंगे। यह वह समझौता नहीं है जो हमने किया है। डोनाल्ड ट्रम्प की यह टिप्पणी तेल टैंकरों से शुल्क लेने की रिपोर्टें सामने आने के बाद आई है। इससे पहले ट्रम्प ने यह भी ट्वीट किया था कि ऐसी रिपोर्टें हैं कि ईरान होर्मुज जलडमरूमधय से गुजरने वाले टैंकरों से शुल्क ले रहा है। उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए और अगर वे कर रहे हैं, तो उन्हें अभी बंद कर देना चाहिए। व्हाइट हाउस युद्धविराम समझौते के हिस्से के रूप में जलडमरूमधय को फिर से खोलने का समर्थन करता है। हालांकि, उनका कहना है कि राष्ट्रपति ट्रम्प ईरान के सैन्य बल का विरोध करते हैं, जो अभी भी जलमार्ग को नियंत्रित करता है और गुजरने वाले जहाजों पर टोल वसूल कर राजस्व बढ़ाने की कोशिश कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट ने एक ही वकील की ओर से पेश 25 जनहित याचिकाएं खारिज कीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को 25 अलग-अलग जनहित याचिकाएं दायर करने वाले वकील को सलाह दी कि उन्हें अदालत में आने के बजाय संबंधित अधिकारियों से संपर्क करना चाहिए। जैसे ही मामला सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हुआ, याचिकाकर्ता और वकील सचिन गुप्ता ने सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष कहा कि वह अपनी पीआईएल वापस लेना चाहते हैं। पीठ ने गुप्ता से कहा कि आप अपने पेशे पर धयान केंद्रित करें। आपको अदालतों में आने के बजाय अधिकारियों से संपर्क करना चाहिए, उन्हें कुछ मुद्दों पर अधिक जानकारी देनी चाहिए। सीजेआई सूर्यकांत की अधयक्षता वाली पीठ में न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली भी शामिल थे।

### नीतीश कुमार ने राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली

**नई दिल्ली।** बिहार से राज्यसभा के लिए नवनिर्वाचित सदस्य नीतीश कुमार ने शुक्रवार को संसद भवन में सदन की सदस्यता शपथ ली। राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन ने जनता दल यू के नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को शपथ दिलाई। कुमार ने हिदी भाषा में शपथ ली। वह राज्यसभा के लिए हाल ही में हुए द्विवार्षिक चुनाव में उच्च सदन के लिए चुने गए थे।

### सेना ने कर्नल पुरोहित को ब्रिगेडियर रैंक पर पदोन्नति की मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** सेना ने महाराष्ट्र के मालेगांव विस्फोट मामले में गिरफ्तारी के बाद चर्चा में आए सेना के कर्नल श्रीकांत पुरोहित की ब्रिगेडियर के रैंक पर पदोन्नति को मंजूरी दे दी है। सूत्रों के अनुसार सेना ने कर्नल पुरोहित के पदोन्नति के आवेदन को सशस्त्र बल न्यायाधिकरण के स्थगनादेश के बाद मंजूरी दे दी है।

### आईएसआई से जुड़े जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया


**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के एक बड़े जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए इससे जुड़े 11 व्यक्तियों को गिरफ्तार करके अहम कामयाबी हासिल की है।

## गगनयान का दूसरा एयर ड्राप टेस्ट हुआ सफल

**नई दिल्ली।** भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान की तैयारियों को लेकर एक अहम उपलब्धि हासिल हुई है। केंद्रीय मंत्री डा. जितेंद्र सिंह ने इस सफलता पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि गगनयान मिशन के तहत दूसरा इंटीग्रेटेड एयर ड्राप टेस्ट (आईण्डीटी-02) सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। यह परीक्षण सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में आयोजित किया गया। आईण्डीटी यानी इंटीग्रेटेड एयर ड्राप टेस्ट गगनयान मिशन का एक बेहद अहम और तकनीकी रूप से जटिल परीक्षण है। इस मिशन की सबसे बड़ी चुनौती अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाना है। जब अंतरिक्ष यात्री अपना मिशन पूरा कर लौटेंगे, तब उनका क्रू माड्यूल पृथ्वी के वायुमंडल में अत्यधिक गति से प्रवेश करेगा। इस दौरान उसकी रफ्तार को नियंत्रित करना और सुरक्षित लैंडिंग सुनिश्चित करना बेहद जरूरी होता है। यहीं पर पैराशूट सिस्टम की भूमिका अहम हो जाती है। यह प्रणाली क्रू माडडूल की गति को धीरे-धीरे कम करती है और उसे सुरक्षित रूप से समुद्र या निर्धारित स्थान पर उतारती है। आईण्डीटी के तहत एक डमी (प्रायोगिक) क्रू माड्यूल को भारतीय वायुसेना के भारी विमान या हेलीकॉप्टर से कई किलोमीटर की ऊंचाई से गिराया जाता है। इस प्रक्रिया के दौरान यह परखा जाता है कि पैराशूट तय समय पर, सही क्रम में और बिना किसी तकनीकी गड़बड़ी के खुलते हैं या नहीं। हाल ही में हुए आईण्डीटी-02 परीक्षण की सफलता यह साबित करती है कि इसरो का पैराशूट और रिकवरी सिस्टम पूरी तरह भरोसेमंद है और भविष्य में अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने में सक्षम है।

**■ दूसरा इंटीग्रेटेड एयर ड्राप टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया, परीक्षण सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में हुआ**



## संक्षिप्त समाचार

### हरिवंश सिंह ने ली राज्यसभा की सदस्यता की शपथ

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के निवर्तमान उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह ने शुक्रवार को सदन की सदस्यता की शपथ ली। जनता दल यू के वरिष्ठ नेता श्री हरिवंश का राज्यसभा में दूसरा कार्यकाल गुरुवार को ही समाप्त हुआ था और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उन्हें आज ही उच्च सदन के लिए मनोनीत किया था। उन्हें उच्चतम न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और राज्यसभा के मनोनीत सदस्य रंजन गोगोई के सेवा निवृत होने से रिक्त हुई सीट पर मनोनीत किया गया है। यह श्री हरिवंश का राज्यसभा में तीसरा कार्यकाल होगा। राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन ने श्री हरिवंश को मनोनीत सदस्य के रूप में शपथ दिलाई। उन्होंने हिन्दी भाषा में शपथ ली।

### धनंजय पर जानलेवा हमले के 24 वर्ष बाद आ सकता है फैसला

**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) यजुवेंद्र विक्रम सिंह की अदालत में शुक्रवार को पूर्व सांसद धनंजय सिंह पर हुए जानलेवा हमले के मामले में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी दलीलें रखीं। पूरी सुनवाई अंतिम चरण में पहुंचने के कारण इस प्रकरण में जल्द ही बड़ा फैसला आने की उम्मीद जताई जा रही है। अगली सुनवाई 13 अप्रैल को होगी। प्रकरण के अनुसार, 4 अक्टूबर 2002 को तत्कालीन विधायक और पूर्व सांसद धनंजय सिंह अपने साथियों के साथ जौनपुर लौटते समय जानलेवा हमला हुआ था। आरोप है कि वाराणसी के कैंट थाना क्षेत्र के नदेसर स्थित टकसाल सिनेमा हाल के समीप बोलेरो से उतरे अभय सिंह और उनके साथियों ने अंधाधुंध फायरिग की थी। हमले में धनंजय सिंह, उनके चालक, गनर समेत अन्य लोग घायल हो गए थे।

## सीडब्ल्यूसी की बैठक में खड़गे ने महिला आरक्षण प्रस्ताव पर जताई चिंता

# चुनावी फायदे के लिए श्रेय लेना चाहते हैं पीएम

नई दिल्ली, वार्ता



■ सरकार लंबी खामोशी के बाद अचानक सक्रिय हुई, 33 प्रतिशत आरक्षण को 16 से 18 तक हो रही संसद की बैठक

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महिला आरक्षण बिल पर मोदी सरकार की मंशा पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार 2029 से इसे लागू कर सीटों को 50 प्रतिशत बढ़ाना चाहती है, जिसका परिसीमन प्रस्ताव गंभीर होगा। खड़गे ने इसे चुनावी लाभ का प्रयास बताया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में कहा कि आप सभी जानते हैं कि मोदी सरकार लंबी खामोशी के बाद महिला आरक्षण पर अचानक सक्रिय हो गई है। इसी कड़ी में लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण के मसले पर 16 से 18 अप्रैल के बीच संसद की बैठक होने जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से इस बारे में अभी तक हम लोगों के पास कोई औपचारिक प्रस्ताव नहीं आया है। प्रधानमंत्री के लिखे लेख को पढ़कर हमें कुछ बातें पता चली हैं। इस सत्र में सरकार महत्वपूर्ण संविधान संशोधन विधेयक को पास कराना चाहती है, ताकि इस बार के विधान सभा चुनावों में वे इसका श्रेय और फायदा ले सकें। खड़गे ने कहा कि अभी तक जो जानकारियां मिली हैं, उसके मुता. बिक सरकार महिला आरक्षण को 2029 के चुनावों से लागू करना चाहती है। इसके अलावा वह लोकसभा और विधानसभाओं की मौजूदा सीटों को 50 प्रतिशत बढ़ाना चाहती है। वह लोकसभा की सीटों को 543 से बढ़ाकर 816 करना चाहती है। विधान सभाओं में भी इसी अनुपात में बढ़ोतरी होगी। इस डिलिमिटेशन प्रस्ताव के गंभीर परिणाम होंगे। इसलिए इस पर बहुत गहरे विचार विमर्श की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संसद की बैठक मोदी सरकार अपने राजनीतिक फायदे की मंशा से बुला रही है। वह जल्दी से जल्दी संविधान संशोधन विधेयक पारित करना चाहती है। हमने संसदीय कार्य मंत्री को तीन बार लिखकर कहा था कि 29 अप्रैल को पश्चिम बंगाल चुनाव के लिए मतदान के आखिरी दिन के बाद सरकार सर्वदलीय बैठक बुलाएं और गंभीरता से चर्चा की जाए, पर हम सबके अनुरोध के बाद भी सरकार ने केवल नैरेटिव बदलने और चुनावी लाभ के लिए हमारी बातों को नहीं माना।

### कांग्रेस ने केंद्र पर यू-टर्न का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी के संचार विभाग प्रभारी जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर महिला आरक्षण को लेकर यू-टर्न लेने का आरोप लगाया है। रमेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि प्रधानमंत्री मीडिया में लेख लिखकर खुद को महिला आरक्षण का अकेला चैंपियन दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को देश की महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने याद दिलाया कि 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद द्वारा सर्वसम्मति से पारित हुआ था, तब कांग्रेस ने इसे 2024 से लागू करने की मांग की थी लेकिन सरकार ने इसे जनगणना और परिसीमन से जोड़ दिया, जिन प्रक्रियाओं में देरी हुई। करीब 30 महीने बाद संभावित चुनावी नुकसान को देखते हुए सरकार अब अपना रुख बदल रही है।

## स्वास्थ्य सेवाओं में यूपी ने रचा नया इतिहासः योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सरकार ने इलाज को 1400 करोड़ रुपये दिए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय में कार्डियोलॉजी सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 'नेशनल इंटरवेंशनल का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अब तक गरीब मरीजों के इलाज के लिए 1400 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है। उन्होंने कहा कि करीब 9 वर्ष पहले तक यूपी को बीमारू राज्य माना जाता था, लेकिन आज प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने बदलती जीवनशैली पर चिंता जताते हुए कहा कि आधुनिक दिनचर्या ने बीमारियों को बढ़ावा दिया है। हमारे सामने दो बड़ी चुनौतियां हैं-एक बचाव और दूसरी उपचार। बीमारियों के तेजी से बढ़ते प्रभाव को देखते हुए जागरूकता और समय पर इलाज बेहद जरूरी है। पहले जहां मात्र 17 सरकारी मेडिकल कॉलेज थे, वहीं अब केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से 81 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। इसके अलावा दो एम्स भी प्रदेश में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि हर जिले में आईसीयू की सुविधा विकसित की गई है और कई अस्पतालों को कैथलैब से लैस किया गया है। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी और लोहिया संस्थान में टेली आईसीयू और टेली-कंसल्टेंसी सेवाओं का विस्तार किया गया है।

## यूपी में एसआईआर से काटे पीडीए के वोटः अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ जब बीजेपी हारती है तो मिलती है ईसी से

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एसआईआर प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही शुक्रवार को निर्वाचन आयोग द्वारा फाइनल वोटर लिस्ट जारी कर दिए जाने के बाद समा. जवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तीखा हमला बोला है।


बीजेपी को निशाने पर लेते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी जब हारने लगती है, तो चुनाव आयोग से हाथ मिला लेती है। उन्होंने दावा किया कि यूपी में बीजेपी को सबसे पहले हराएंगे, उसके बाद राजस्थान या दूसरे राज्यों का रुख करेंगे।

उन्होंने एसआईआर के जरिए पीडीए के वोट काटने का भी आरोप लगाया। फाइनल वोटर लिस्ट आने के बाद अखिलेश यादव ने बीजेपी के साथ ही चुनाव आयोग पर भी सीधा हमला बोला है। जयपुर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बीजेपी जब भी हारती है, तो चुनाव आयोग को आगे कर देती है, लेकिन 2027 में बीजेपी को हराएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर के जरिये पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यकों के वोट काटे गए। योजना बद्ध तरीके से बीजेपी और चुनाव आयोग पीडीए के नाम डिलीट कर रहे हैं, फॉर्म-7 इसका बड़ा हथियार बना।

## प. बंगाल में महिलाओं को मिलेंगे 3 हजार

### छह महीने में राज्य में यूसीसी लागू करेंगेः अमित शाह

नई दिल्ली/कोलकाता, वार्ता



■ बेरोजगार युवकों को भी तीन हजार की मददः गृहमंत्री

गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के देबरा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ममता बनजी बंगाल के लोगों की चिंता नहीं करती हैं। उन्हें बस भतीजे अभिषेक बनर्जी को अगला सीएम बनाने में दिलचस्पी है।

भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के लिए पार्टी का घोषणा पत्र यानी 'भरोसे का पत्र' जारी किया। इसमें महिलाओं को 3 हजार महीना, युवा बेरोजगारों को 3 हजार महीना की मदद, पहले 6 महीने में यूसीसी लागू करना और सरकारी कर्मचारियों को 45 दिन में सातवां वेतनमान देने की घोषणा की गई। शाह ने पत्र जारी करते हुए कहा कि बंगाल की जनता के लिए पिछले 15 साल बुरे सपने के जैसे रहे हैं। ममता घुसपैठियों के जरिए तीसरी बार सीएम बनीं हैं। हम घुसपैठियों को डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट करेंगे। राज्य में दो फेज में 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग होनी है। रिजल्ट 4 मई को आएगा। देबरा में एक जनसभा को संबो. धित करते हुए अमित शाह ने कहा कि पिछले 15 सालों से ममता बनर्जी 'मा, माटी, मानुष' के नारे के साथ आती रही हैं, लेकिन हमारे युवाओं को बेरोजगारी का सामना करना पड़ा है और लोगों को तकलीफें उठानी पड़ी हैं। किसानों को भी परेशान होना पड़ा है। भारतीय जनता पार्टी बंगाल को घुसपैठियों से मुक्त कराना चाहती है, जबकि ममता बनर्जी उन्हें बचाना चाहती हैं। ममता दीदी, आप जो चाहें कर लें, हम हर घुसपैठिये की पहचान करेंगे और उन्हें बंगाल से बाहर निकाल देंगे। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह संकल्प पत्र भरोसे का है। यह सोनार बांग्ला के निर्माण का भरोसा है। उन्होंने कहा कि इस भरोसे के आधार पर रचनात्मक रूप से चुनाव में जाना चाहते हैं। अमित शाह ने कहा कि मुझे भरोसा है कि बंगाल की जनता हमें पांच साल के लिए सरकार बनाने का मौका जरूर देगी।

## डा. अम्बेडकर के सम्मान में मैराथन आयोजित करेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन राजेंद्र पाल गौतम ने शुक्रवार को बताया कि पार्टी अप्रैल महीने को 'सामाजिक न्याय माह' के रूप में मना रही है और संविधान निर्माता भीमराव रामजी अम्बेडकर के सम्माान में मैराथन का आयोजना किया जाएगा। गौतम ने यहां सवाददाता सम्मेलन में कहा कि अप्रैल का यह महीना देश के लिए गौरवशाली है, क्योंकि इसी माह में कई महानायकों का जन्म हुआ था। इन महानायकों में ज्योतिबा फुले, डा. भीमराव अंबेडकर, राहुल सांकृत्यायन, जगजीवन राम और सम्राट अशोक जैसे महान व्यक्तित्व शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस का अनुसूचित जाति विभाग और पिछड़ा वर्ग विभाग मिलकर 11 अप्रैल को लखनऊ स्थित इंदिरा प्रतिष्ठान में ज्योतिबा राव फुले की जयंती मनाएंगे। इसके बाद रविवार सुबह छह बजे मंडी हाउस, नई दिल्ली से 'सामाजिक परिवर्तन मैराथन' की शुरुआत की जाएगी। इसका शुभारंभ पार्टी नेता राहुल गांधी करेंगे। इस मैराथन को 'रन फॉर अंबेडकर, रन फॉर संविधान' नाम दिया गया है। गौतम ने कहा कि इसका उद्देश्य डा. अम्बेडकर द्वारा निर्मित संविधान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का प्रतीक है। इस मैराथन में भाग लेकर लोगों को उस संविधान के प्रति सम्मान प्रकट करना है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



संसेक्स 77550.25
निफ्टी 24050.60



सोना 151700
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 239685
प्रति किलो



# सिंधी भाषा में संविधान का नया अवतार

### उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने जारी किया संस्करण

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को देवनागरी और फारसी दोनों लिपियों में सिंधी भाषा में संविधान का नवीनतम संस्करण जारी किया।

उप राष्ट्रपति ने सिंधी भाषा दिवस के अवसर पर उप राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में सिंधी भाषी समुदाय को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सिंधी सबसे प्राचीन भाषाओं में से एक है और इसकी साहित्यिक परंपरा वेदांतिक दर्शन और सूफी विचारों के अनूठे संगम को दर्शाती है, जो एकता, प्रेम और भाईचारे के सार्वभौमिक मूल्यों को बढ़ावा देती है। श्री राधाकृष्णन ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद पहली बार सिंधी भाषा में विशेष रूप से देवनागरी लिपि में संविधान का प्रकाशन, भाषाई समावेशिता को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि संविधान केवल कानूनी दस्तावेज नहीं है, बल्कि राष्ट्र की जीवंत आत्मा है, जो इसकी आकांक्षाओं को समाहित करती है, अधिकारों की रक्षा करती है और लोकतांत्रिक शासन का मार्गदर्शन करती है उपराष्ट्रपति ने सरकार द्वारा संविधान को अनेक भारतीय भाषाओं में सुलभ बनाने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल नागरिकों और शासन के बीच के अंतर को कम करने में सहायक होती है, क्योंकि इससे लोग संविधान को अपनी मातृभाषा में समझ पाते हैं, जिससे लोकतांत्रिक भागीदारी और विश्वास मजबूत होता है। श्री राधाकृष्णन ने संविधान को बोडो, डोगरी, संथाली, तमिल, गुजराती और नेपाली आदि भाषाओं में उपलब्ध कराने के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रयास भारत की भाषाई विविधता का सम्मान करते हैं और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि विभाजन के बाद के कठिन समय में यह भाषा दृढ़ता और एकता का प्रतीक रही है। उन्होंने कहा कि सिंधी भाषा को 1967 में 21वें संवैधानिक संशोधन के माध्यम से संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया था, जिससे इसके सांस्कृतिक महत्व को मान्यता मिली और आने वाली पीढ़ियों के लिए इसका संरक्षण सुनिश्चित हुआ। उपराष्ट्रपति ने कहा कि मातृभाषा के साथ-साथ सभी भाषाओं को समान महत्व और सम्मान मिलना चाहिए।

**सार्वजनिक सूचना**
मेरे आधार कार्ड नं. 3163 4241 4954 में त्रुटिवश मेरा नाम साईना परवीन (SAINA PARVEEN) व मेरे पति GULSHER AHMED के नाम के स्थान पर मेरे पिता MEHMOOD HASAN का नाम गलत दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम शाहीना परवीन (SHAHINA PARVEEN) है। जो मेरे पहचान पत्र नं0 IBG1987312 व पूर्व पासपोर्ट नं0 M3663077 में भी दर्ज है। भविष्य में मुझे शाहीना परवीन (SHAHINA PARVEEN) W/o GULSHER AHMED के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए। निवासी वार्ड नं0 11 पी0ओ0 में हूवाला माफी देहरादून उत्तराखण्ड।

## बिना अनुमति पुलिस अफसर पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट ने यह फैसला दिया है कि किसी पुलिस अधिक. ारी पर अवैध हिरासत और हिरासत में यातना देने के आरोप लगने पर भी उन्हें सरकार की पूर्व अनुमति का सुरक्षा कवच मिल सकता है, बशर्ते कि वे कार्य उनकी आधिकारिक ड्यूटी से तर्कसंगत रूप से जुड़े हों।

जस्टिस एम ए चौधरी ने अपने 12 पन्नों के फैसले में जम्मू निवासी राजेश्वर सिंह के खिलाफ मजिस्ट्रेट द्वारा संज्ञान लेने के आद. ेश और ट्रायल कोर्ट के 11 मई, 2015 के आदेश, दोनों को रद्द कर दिया। सिंह ने अपने वकील आक. ाश गुप्ता के माध्यम से जम्मू-कश्मीर सीआरपीसी की धारा 561(।) का सहारा लेते हुए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उन्होंने सतीश कुमार बनाम कुलबीर सिंह और अन्य सीआरएमसी 537/2015 नामक शिकायत में चल रही आपराधिक कार्रवाई को खत्म करने की मांग की थी।

## हिन्दी भाषा विवाद पर कर्नाटक हाईकोर्ट का बड़ा एक्शन

### झूठी अफवाह फैलाने वालों पर 1 लाख का जुर्माना



**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के एक प्रस्तावित कदम को चुनौती देने वाली जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ताओं पर 1 लाख का भारी जुर्माना लगाया है। सरकार के इस प्रस्ताव में कर्नाटक माध्यमिक शिक्षा परीक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित एसएसएलसी (10वीं) की परीक्षा में हिंदी सहित 'तीसरी भाषा' के लिए अंकों के बजाय ग्रेड देने की बात कही गई थी।

मुख्य न्यायाधीश विभु बाखरू और न्यायमूर्ति सी.एम. पूनाचा की खंडपीठ ने बेंगलुरु निवासी एच.एन. चंदना और एस. वेंकटेश की याचिका पर सुनवाई के दौरान सख्त रुख अपनाया। अदालत ने पाया कि यह याचिका केवल मीडिया रिपोर्ट्स और शिक्षा मंत्री के एक कथित बयान के आधार पर दायर की गई थी। कोर्ट ने इसे 'अत्यंत अनुचित' ठहराते हुए कहा कि सिर्फ अखबार की खबरों को आधार बनाकर हाईकोर्ट के असाधारण अधिकार क्षेत्र का उपयोग करना कतई उचित नहीं है। शुरुआत में अदालत ने इस याचिका को पब्लिसिटी पाने का जरिया मानते हुए याचिकाकर्ताओं पर 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया था। कोर्ट ने यह राशि 'कर्नाटक राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण' में जमा करने का आदेश दिया और स्पष्ट किया कि भुगतान न होने पर इसकी वसूली भू-राजस्व के बकाया के तौर पर की जाएगी।

### परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में भारत की ऐतिहासिक उपलब्धि

**वाशिंगटन।** भारत ने परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। तमिलनाडु के कलपक्कम में स्थित 'प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर' ने सफलतापूर्वक काम करना शुरू कर दिया है।

यह भारत के तीन चरणों वाले परमाणु कार्यक्रम के दूसरे चरण की महत्वपूर्ण शुरुआत है। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रासी ने भारत के इस उपलब्धि की जमकर सराहना की है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देते हुए कहा कि यह कदम ईंधन की स्थिरता और परमाणु ऊर्जा के भविष्य के लिए बहुत जरूरी है। पेरिस स्थित अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने भी इसे एक बड़ी तकनीकी उपलब्धि बताया है। आईईए ने शोसल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा श्कई वर्षों के विकास के बाद हासिल की गई इस महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धि के लिए भारत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वैज्ञानिकों व इंजीनियरों को बधाई। भारत अब दुनिया का दूसरा ऐसा देश बन गया है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** कमोडिटी मार्केट में शुक्रवार को सोने-चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट देखी जा रही है, जिससे चांदी 2 लाख रुपये से ज्यादा सस्ती हो चुकी है। एमसीएक्स पर सोने-चांदी में यह गिरावट ऐसे समय में आई है, जब अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता होने जा रही है।

मल्टी कमोडिटी मार्केट में 10 ग्राम सोने का भाव 1700 रुपये टूटकर 151700 रुपये पर पहुंच गया। इसी तरह चांदी की कीमतों में भी बड़ी गिरावट आई है, जो 4000 रुपये से ज्यादा गिरकर 2,39,685 रुपये प्रति किलो पर कारोबार कर रही है।

**नाम परिवर्तन सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के नगर निगम रुड़की द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र सं. B 202505 9006900 09501 दिनांक 05-01-26 में मेरी पुत्री का नाम आशी व पिता का नाम अक्षय दर्ज हो गया है जो गलत है मेरी पुत्री का सही नाम धानिया राठौर व पिता का नाम अक्षय राठौर है इसलिए मेरी पुत्री का नाम धानिया राठौर व पिता का नाम अक्षय राठौर दर्ज किया जाए।
**अक्षय राठौर पुत्र अजीत सिंह राठौर**
नि. वार्ड नंबर 8 विकास कॉलोनी पोस्ट लक्सर, जिला हरिद्वार, उत्तराखंड।

### कार्यालय नगर निगम रुड़की, जनपद हरिद्वार, (उत्तराखण्ड)

दूरभाष नम्बर: 01322 - 272666 ई-मेल आई0डी0-nagarnigamroorkee@gmail-com

पत्रांक:-02/प0प्र0 अनु0/ई0-निविदा /न0नि0रुड़की/2026-27 दिनांक:-10/04/2026

Press Note

**E-TENDER NOTICE**

Nagar Nigam Roorkee invites open E-Tenders in Two Bid System for **"for reaire and paint 4.5 cubic meter and 1.1 cubic meter distubeen."** Tender filling details are given below:-

| SR. NO. | Bid Publish Date | Bid Submission Starting date | Bid Submission End date | Bid Opening Date |
|---|---|---|---|---|
| 01. | 11/04/2026 | 16/04/2026 | 24/04/2026 | 25/04/2026 |

Note:-

1- For More Details visit to www.uktenders.gov.in.

2- All the Bidder should read the terms & Conditions of the tender before the filling. As per the tender conditions technical analysis will be done by section.

**सहायक नगर आयुक्त**
**नगर निगम रुड़की**

### कार्यालय नगर पालिका परिषद शिवालिकनगर, हरिद्वार

पत्रांक: 16/ई0-निविदा/रजत जयंती पार्क/2025-26 दिनांक:10/04/2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद शिवालिकनगर जनपद हरिद्वार द्वारा केन्द्रपोषित योजना अमृत 2.0 के ग्रीन स्पेश घटक के अंतर्गत नगर पालिका परिषद, शिवालिकनगर के क्षेत्रान्तर्गत रजत जंयती पार्क निर्माण कार्य को कराये जाने के लिए नगर पालिका परिषद शिवालिकनगर, हरिद्वार में पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से ई-निविदा (Online) के माध्यम से आनलाईन तकनीकी बिड (Technical) एवं वित्तीय बिड (Financial Bid) निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

| विवरण / कार्यक्रम | निर्धारित तिथि |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र का शुल्क | रु. 5000/- 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 अतिरिक्त |
| धरोहर राशि | रु. 192500/- |
| कार्य अवधि | 06 माह |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र उपलब्ध रहने की तिथि एवं समय | 11/04/2026 प्रात: 10:00 बजे से 30/04/2026 14: 00 बजे तक |
| ऑनलाइन निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एंव समय | 01/05/2026 17:00 बजे तक |
| तकनीकी निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय | 02/05/2026 दोपहर 02: 00 बजे |

ई-निविदा के सम्बंध मे समस्त शर्ते एवं सूचनाऐं http://uktenders.gov.in पर उपरोक्तनुसार उपलब्ध रहेगी। अधिक जानकारी पालिका कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद
शिवालिकनगर, हरिद्वार

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद
शिवालिकनगर, हरिद्वार

# EDUCATIONAL INSTITUTIONS CONTINUE NAINITAL's LEGACY AS EDUCATION HUB



अफजल हुसैन फौजी
नैनीताल।

▸ नैनीताल देश का प्रमुख शिक्षा हब है। ▸ इस शहर की 150 साल पुरानी शैक्षिक विरासत है। ▸ देश के कई स्थानों के साथ-साथ कई विदेशी छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। ▸ ICSE, CBSE व स्टेट बोर्ड के कई नामी स्कूल यहां स्थित है। ▸ नैनीताल से पढ़े छात्र देश-विदेश में उच्च पदों पर कार्यरत हैं।

**सरोवर नगरी नैनीताल** शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित हब के रूप में विख्यात है, यहां दी जाने वाली शिक्षा का कोई सानी हीं। पिछले कुछ सालों में शैक्षिक परिवेश में वैश्विक स्तर पर सर्वाधिक बदलाव देखने को मिला है। जिसमें सबसे बड़ी भूमिका इंटरनेट की रही है। नैनीताल के शिक्षण संस्थानों की बात की जाए तो वह पहले भी वैश्विक स्तर की थी और वर्तमान में भी देश में सर्वोपरि स्थान रखती हैं। इसका उदाहरण यहां स्थित आवासीय विद्यालय हैं, जहां शायद ही देश का कोई प्रान्त और विद्यार्थी हो जो यहां शिक्षा ग्रहण न कर रहा हो। इसके अलावा विदेशों के भी विद्यार्थी इन स्कूलों में अध्ययनरत हैं। नैनीताल की उत्कृष्ट शिक्षा का यह प्रत्यक्ष प्रमाण है। सर्वविदित है, नैनीताल का स्कूलों का अतीत डेढ़ सौ से भी अधिक वर्ष पुराना है। इन वर्षों में यहां के कई स्कूलों की रैंकिंग राष्ट्रीय स्तर पर टॉप टेन में शामिल रही है, जो वर्तमान में भी बरकरार है। यहां शिक्षा का पैर्टन अंतराष्ट्रीय स्तर का है। देश में चुनिंदा विद्यालय हैं, जो अंतराष्ट्रीय स्तर पर संचालित होते हैं। यही वजह है कि यहां से शिक्षित विद्यार्थी हजारों की संख्या में दुनिया भर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और अपना व अपने परिवार के अलावा विद्यालय व नैनीताल का नाम रोशन कर रहे हैं।

**प्रस्तुतिः दिग्विजय सिंह बिष्ट,आकांक्षी माड़मी**

## बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा दे रहा सेंट जॉन्स स्कूल






सेंट जॉन्स स्कूल की शुरुआत वर्ष 1982 में एक प्लेस्कूल के रूप में की गई थी। वर्ष 1989 में इसे श्रीमती ई.थॉमस और श्री एस.ए. थॉमस द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया, जिन्होंने कक्षा 8 तक अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन शुरू किया। वर्तमान में श्रीमती विनीता रावत के रूप में वर्तमान प्राचार्या पद पर कार्य कर रही हैं। इस विद्यालय का वातावरण नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए नगर में विशेष स्थान रखता है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित सेंट जॉन्स स्कूल बेहतर ढंग से बच्चों के चहुमुखी विकास में जुटा हुआ है। अनिवार्य विषयों के अलावा अतिरिक्त विषय भी चला रहा है। जिसके चलते इस विद्यालय के प्रति नगर में लोगों का विश्वास गहराता जा रहा है, जो कक्षा आठवीं तक संचालित की जा रही है।




## एकोर्न स्कूल बना नन्हें मुन्ने बच्चों की पहली पसंद



कक्षा पांचवी तक अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय नगर में नन्हे मुन्ने बच्चों की पहली पसंद बन गया है। स्कूल का वातावरण बच्चों को खूब भाता है। पढ़ाई का स्तर उच्च स्तरीय है। अनुभवी शिक्षिकाएं बच्चों की मनोस्थिति को समझते हुए, उन्हे शिक्षा देती हैं। विद्यालय में बच्चों के शारारिक विकास के लिए खेलकूद की समस्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। तमाम सुविधाओं से सुसज्जित यह विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। विद्यालय का संचालन कर रही प्रधानाचार्य आशा आर्या कहती हैं कि उनका जीवन बच्चों का भविष्य संवारने के लिए समर्पित है।




## छात्राओं का भविष्य संवार रहा एमएल साह बाल विद्या मंदिर



अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय नगर के विद्यालयों में खास स्थान रखता है। देश के विभिन्न प्रांतों की छात्राएं इस विद्यालय में शिक्षारत हैं। यह विद्यालय आवासीय के साथ दिवसीय है, जो शिक्षा के तमाम मापदंडों की पूर्ति करता है और कई दशकों से शिक्षा के क्षेत्र में अपना दायित्व निभा रहा है। हजारों छात्राए इस विद्यालय से अध्ययन कर अपना भविष्य संवार चुकी है। यह विद्यालय तमाम सुख सुविधाओं से सुसज्जित है। अनुभवी शिक्षिकाएं बच्चों की मनोस्थिति को समझते हुए, उन्हे शिक्षा देती हैं। विद्यालय में बच्चों के शारारिक विकास के लिए खेलकूद की समस्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। तमाम सुविधाओं से सुसज्जित यह विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत रिजल्ट देता आ रहा है। विद्यालय का संचालन कर रही प्रधानाचार्य अनुपमा साह कहती हैं कि यह विद्यालय भविष्य में भी अपना दायित्व बखूबी निभाता रहेगा। प्रबंधक विनय साह के निर्देशन में विद्यालय निरन्तर प्रगति की ओर अग्रसर है।

## शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय भूमिका निभा रहा रामा मॉन्टेसरी



शिक्षा के क्षेत्र में रामा मॉन्टेसरी विद्यालय की भूमिका अद्वितीय रही है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय नर्सरी से कक्षा 8वीं के बच्चों का भविष्य संवारने में जुटा हुआ है। बच्चों का बौद्धिक का शारीरिक विकास के साथ प्रतियोगात्मक विकास पर विद्यालय प्रबंधन विशेष ध्यान देता है। जिस कारण यह विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। प्रधानाचार्य नीलू एलहंस कहती हैं कि बच्चों की चहुमुखी विकास को लेकर उन्होंने विद्यालय में शिक्षण कार्य शुरू किया था और इसी उद्देश्य की पूर्ति को लेकर प्रयासरत रहती हैं।




## नगर का अग्रणी स्कूल सनवाल



उत्कृष्ट शिक्षा व कुशल प्रबंधन के चलते यह विद्यालय कक्षा 12वीं तक जा पहुंचा है। वर्ष 1952 में सनवाल स्कूल की स्थापना एंजेलिना ग्रेस सनवाल द्वारा की गई थी। लिहाजा सनवाल स्कूल अपने उद्देश्य की पूर्ति करता हुआ 73 साल का सफर तय करने में न केवल कामयाब हुआ है, बल्कि हजारों बच्चों का भविष्य संवारने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है।

सीबीएससी बोर्ड से संबद्ध सनवाल स्कूल अंग्रेजी माध्यम से संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में प्रबंध निदेशक गौरव सनवाल विद्यालय का कुशल प्रबंधन का दायित्व निभा रहे हैं, जबकि ए इमेन्युअल प्रधानाचार्य के पद पर बेहतर शिक्षण कार्य रही हैं। वह कहती हैं कि विद्यालय को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और आधुनिक शिक्षा के साथ बच्चों का भविष्य संवारने हेतु दायित्व निभा रही हैं।




## नगर का अग्रणी विद्यालय है बिशप शॉ इंटर कॉलेज



**नीलम दानी**
**(प्रबन्धक)**



**वीना मैसी**
**(प्रधानाचार्य)**

बिशप शॉ इंटर कॉलेज उत्तराखंड बोर्ड से सम्बद्ध अंग्रेजी माध्यम से संचालित नगर के अग्रणी विद्यालयों में स्थान रखता है और अनुभवी शिक्षकों द्वारा बच्चों का भविष्य संवारने में जुटा हुआ है। विद्यालय प्रबंधन की विशेषता है कि बेहद कम शुल्क में बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान कर, शिक्षा के क्षेत्र में अपना दायित्व बखूबी निभाता आ रहा है। तल्लीताल क्षेत्र में झील के समीप विद्यालय का वातावरण शिक्षा के माकूल है। विद्यालय प्रबंधक नीलम दानी कहती है कि उनका प्रयास विद्यार्थियों को उत्तम शिक्षा प्रदान कर बेहतर भविष्य बनाना है। भविष्य में भी उनका प्रयास जारी रहेगा। प्रधानाचार्य वीना मैसी कहती हैं कि वह वैश्विक शिक्षा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक शिक्षा प्रदान करने में जुटी हुई हैं।



# तांबाखानी गेट पर बढ़ा कूड़ा, यात्रा सीजन से पहले बढ़ी चिंता



■ स्वच्छता पर लापरवाही भारी: तांबाखानी क्षेत्र में कूड़ा बना स्वास्थ्य और पर्यटन के लिए खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** नगर पालिका क्षेत्र के तांबाखानी स्वागत गेट के पास कूड़े का लगातार बढ़ता ढेर अब गंभीर समस्या का रूप ले सकता है। नगर का यह प्रमुख प्रवेश द्वार आगामी यात्रा सीजन में हजारों श्रद्धालुओं और पर्यटकों के स्वागत का केंद्र बनेगा, लेकिन मौजूदा हालात शहर की छवि को धूमिल कर रहे हैं।

यहां बात सभासद एवं स्वच्छता समिति के सदस्य अमेरि. कन पुरी ने इस मुद्दे पर चिंता जताते हुए बताया कि पालिका प्रशासन ने भले ही वर्षों पुराना कूड़ा पूरी तरह हटा दिया गया हो, लेकिन प्रतिदिन निकलने वाला कचरा दोबारा उसी स्थान पर इकट्ठा होने लगा है। उन्होंने चेतावनी दी कि भीषण गर्मी में कूड़े से उठने वाली बदबू और गंदगी न केवल पर्यावरण को प्रभावित करेगी, बल्कि स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बन सकती है। समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया तो बीमारियों के फैलने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

पुरी ने बताया कि करीब तीन महीने पहले ही स्वच्छता समिति ने नगरपालिका को स्पष्ट सुझाव दिए थे। इनमें तांबाखानी क्षेत्र में लगभग 30 मीटर आगे बैरिकेटिंग करने और प्रतिदिन कूड़े के नियमित निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही गई थी। बावजूद इसके, अब तक इन सुझावों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है।

मामले का एक और चिंता. जनक पहलू यह है कि स्वच्छता समिति को दरकिनार कर टेंडर, भुगतान और निविदाओं से जुड़े फैसले लिए जा रहे हैं, जो नियमों के अनुरूप नहीं माने जा रहे। समिति के गठन के बाद इन मामलों में उसकी भूमिका अनिवार्य होती है, लेकिन इसे नजरअंदाज किया जा रहा है।

नगरपालिका बोर्ड जहां स्वच्छता व्यवस्था सुधारने के प्रयास कर रहा है, वहीं विभागीय स्तर पर लापरवाही समस्या को और बढ़ा

तांबाखानी में वर्षों पूराना कूड़े पूरी तरह से हटा दिया गया है। यहां बैरिकेटिंग की कार्रवाई की जा रही है। तांबाखानी सुरंग के बाहर से कूड़ा उठाने का बाद झाड़ू लगा कर सफाई कार्य किया जा रहा है। कूडा सप्ताह भर से पहले ही कंपनी के द्वारा उठाया जा रहा है क्योंकि कूड़े के छंटाई में थोड़ा समय लगता है।

**- शालिनी चित्राण**
**अधिशासी अभियंता**
**नगरपालिका बाराहाट**
**उत्तरकाशी।**


रही है। यात्रा सीजन शुरू होने में अब कुछ ही दिन शेष हैं। ऐसे में यदि जल्द प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो उत्तरकाशी आने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत कूड़े के ढेर से होगा, जो शहर के लिए बेहद दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति होगी।

स्थानीय लोगों और जनप्रति. निधियों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि उत्तरकाशी की स्वच्छ और पवित्र छवि बनी रह सकें।

### अफसर बिटिया कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कोटद्वार।** बाल विकास परियोजना दुगड्डा द्वारा बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत राजकीय बालिका इण्टर कालेज कोटद्वार में अफसर बिटिया कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी दुगड्डा वर्षा भारद्वाज की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सा विभाग से डॉ योगिता कोठियाल ने बालिकाओं को स्वास्थ्य, पोषण एवं हाइजीन के साथ साथ कैरियर के विषय में बताया। पुलिस विभाग से एंटी ट्रैफिकिंग यूनिट से सब इंस्पेक्टर सुमनलता ने बालिकाओं को सुरक्षा, नशे से दूर रहने एवं अंजान लोगों से सचेत रहने के विषय में बताया। कांस्टेबल विमला नेगी ने बालिक. ाओं को साइबर क्राइम से बचाव एवं सुरक्षा हेतु विशेष जानकारी दी। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राकेश चंद्र विडालिया द्वारा बालि. काओं को पोक्सो एक्ट की जानक. ारी दी गई।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संदीप बिष्ट द्वारा बालिकाओं को विभिन्न प्रकार के होने वाले अपराधों एवं बालिकाओं के विधिक अधिकार के विषय में जानकारी दी गई।

# कीर्तिनगर डागर पट्टी के सक्षम प्रसाद ने किया प्रदेश में टॉप



■ छात्रों के प्रदर्शन पर शिक्षकों और अभिभावकों में खुशी की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** श्री जयदयाल अग्रवाल संस्कृत महाविद्यालय, श्रीनगर गढ़वाल के छात्र सक्षम प्रसाद ने उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा परिषद की उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष (इंटरमीडिएट) परीक्षा में प्रदेशभर में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

सक्षम ने 93.4 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। इससे पहले भी पूर्वमध्यमा द्वितीय वर्ष में भी सक्षम प्रसाद को 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्कृत राज्य परिषदीय परीक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। शुक्रवार को परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय में खुशी का वातावरण देखने को मिला। शिक्षकों और स्वजनों ने इन उपलब्धियों पर छात्रों को बधाई दी।

विद्यालय के प्राचार्य जगदीश प्रसाद सकलानी एवं परीक्षा प्रभारी द्वारिका प्रसाद कपरूवाण ने बताया कि सक्षम प्रसाद कीर्तिनगर विकासखंड के डागर पट्टी के पाली काफिल्ड के निवासी हैं, वे अत्यंत मेधावी छात्र हैं और संस्कृत के प्रति उनकी विशेष रूचि रही है। शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन और सक्षम की मेहनत का ही परिणाम है कि उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है।

बताया कि विद्यालय का परिणाम सौ फीसद रहा है। हाईस्कूल में कुल 26 छात्र व इंटर में 10 छात्र थे और सभी उत्तीर्ण हुए हैं। छात्रों के प्रदर्शन से विद्यालय परिवार और अभिभावकों ने खुशी जाहिर की है।

मेधावी छात्र सक्षम प्रसाद फोन्दणी ने बताया कि अपने पिता से प्रेरित होकर उन्होने भी संस्कृत में रूचि विकसित की।

# आइसा ने की रीडिम रूम की टाइमिंग बढ़ाए जाने की मांग

■ पुस्तकालयाध्यक्ष से मिला आइसा छात्र संगठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** गढ़वाल विवि में रीडिम रूम की टाइमिंग बढ़ाएं जाने की मांग को लेकर शुक्रवार को आइसा छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने पुस्तकालयाध्यक्ष से वार्ता की। इस दौरान उन्होने छात्रों की समस्याओं को भी रखा। गढ़वाल विवि के छात्र संघ उपाध्यक्ष शिवांक नौटियाल के नेतृत्व में छात्रों ने पुस्तकालयाध्यक्ष को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में शिवांक नौटियाल ने कहा कि लम्बे समय से रिडिक रूम की समयसीमा बढ़ाए जाने की मांग की जा रही है। कहा कि छात्रों की रीडिम रूम की टाइमिंग बढ़ाएं जाने की मांग को लेकर पूर्व में गढ़वाल विवि के कुलपति, कुलसचिव और अधिष्ठाता छात्र कल्याण को ज्ञापन प्रेषित किया जा चुका है, बावजूद भी रीडिंग रूम की समय सीमा नहीं बढ़ाई गई है। कहा कि यदि तीन दिन के भीतर रीडिंग रूम की समय सीमा नहीं बढ़ाई गई तो वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में गढ़वाल विवि की पूर्व छात्रा प्रतिनिधि प्रियंका खत्री, युवराज सिंह सहित आदि मौजूद थें।

# मानव तस्करी रोकने का बड़ा एक्शन प्लान तैयार

■ चारधाम यात्रा से पहले सख्ती, उत्तरकाशी में हाई-लेवल मीटिंग ■ मानव व चाइल्ड ट्रैफिकिंग रोकने को बने ठोस सुझाव
■ चारधाम यात्रा 2026 को लेकर प्रशासन सख्त, संदिग्धों के सत्यापन के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** चारधाम यात्रा-के मद्देनजर जनपद में मानव एवं बाल तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस और संबंधित विभाग पूरी तरह सक्रिय हो गए हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी, श्रीमती कमलेश उपाध्याय की अध्यक्षता में मानव, महिला एवं बाल कल्याण से जुड़े विभिन्न विभागों के साथ एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मानव एवं बाल तस्करी से जुड़े संवेदनशील पहलुओं पर गहन चर्चा की गई। एसपी ने ह्यूमन ट्रैफिकिंग और चाइल्ड ट्रैफिकिंग की रोकथाम के लिए एक सुदृढ़ एवं प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने पर जोर देते हुए संबंधित विभागों से आवश्यक सुझाव लिए। उन्होंने विशेष रूप से चारधाम यात्रा के दौरान बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए बाल श्रम, भिक्षावृत्ति और मानव तस्करी की संभावनाओं पर सतर्क रहने के निर्देश दिए।

एसपी ने सभी विभागों को संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन सुनिश्चित करने, आपसी समन्वय बनाए रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानव तस्करी जैसे गंभीर अपराधों की रोकथाम केवल पुलिस का ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझा जिम्मेदारी है। इसके लिए जन-जागरूकता बढ़ाना भी बेहद आवश्यक है।

बैठक में सभी विभागों ने अपने-अपने स्तर पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी साझा करते हुए समन्वित प्रयासों के माध्यम से जनपद को सुरक्षित बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी प्रमोद उनियाल, निरीक्षक टीकम सिंह बिष्ट, उपनिरीक्षक गीता (प्रभारी महिला काउंसलिंग सेल) सहित चाइल्ड वेलफेयर कमेटी, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण केंद्र, श्रम विभाग, बाल एवं किशोर न्याय बोर्ड और चाइल्ड हेल्पलाइन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### पृथक 'यमुनोत्री जनपद' की मांग तेज

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी जनपद के रवांई क्षेत्र को अलग कर 'यमुनोत्री जनपद' बनाने की मांग को लेकर विभिन्न सामाजिक संगठनों और ग्राम प्रधानों ने एक बार फिर कवायद तेज कर दी है।शुक्रवार को नौगांव ब्लॉक में आयोजित बैठक में जनप्रतिनिधियों और बुद्धिजीवी वर्ग ने यमुनोत्री जनपद संघर्ष समिति को तन-मन से सहयोग और समर्थन देने का संकल्प लिया।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी 15 अप्रैल को उपजिलाधिकारी बड़कोट के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार जल्द निर्णय नहीं लेती है, तो आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता महावीर पंवार 'माही' ने कहा कि सरकार द्वारा पूर्व में घोषित यमुनोत्री जनपद को वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले अस्तित्व में लाया जाना चाहिए। गौरतलब है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने 15 अगस्त 2011 को उत्तराखंड में चार नए जनपदों यमुनोत्री, कोटद्वार, डीडीहाट और रानीखेत के गठन की घोषणा की थी। इन जिलों का उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों में सुगमता लाना था, लेकिन 15 वर्षों बाद भी यह योजना धरातल पर साकार नहीं हो सकी। बैठक में यमुनोत्री पृथक जनपद संघर्ष समिति के अध्यक्ष भरत सिंह चौहान, चार जनपद संघर्ष समिति के अध्यक्ष अबल चंद कुमाई, सुरेश डिमरी, भगवती बिजल्वाण, हरदेव रावत, महावीर सिंह पंवार 'माही', दीपक धीमान, जगवीर रावत, रोहित रावत, चंद्रशेखर पंवार, विपिन उनियाल, किशन राणा, रणवीर राणा सहित रवांई घाटी के दर्जनों प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

### नगरपालिका दुगड्डा ने चलाया स्वच्छता अभियान

**कोटद्वार।** निदेशक, शहरी विकास निदेशालय उत्तराखण्ड, देहरादून के आदेशानुसार 07 अप्रैल 2026 से 13 अप्रैल 2026 तक स्वच्छता सप्ताह का आयोजन किये जाने के निर्देश दिये गये थे। उक्त निर्देशों के अनुपालन में स्वच्छता सप्ताह के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद्, दुगड्डा द्वारा शुक्रवार को अधिशासी अधिकारी के निर्देशन में दुगड्डा स्थित सुभाष चौक के निकट वृहद संयुक्त स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान लगभग एक कुन्तल अपशिष्ट एकत्रित किया गया, जिसे निस्तारण हेतु कूड़ा निस्तारण स्थल पर भेजा गया। इसके पश्चात नगर क्षेत्र के पाँच सार्वजनिक शौचालयों की विशेष साफ-सफाई कराई गई। स्वच्छता अभियान में गोवर्द्धन जोशी, अधिशासी अधिकारी, समस्त पालिका कार्यालय कर्मचारी तथा समस्त पर्यावरण मित्रों सहित लगभग 30 लोग उपस्थित रहे।

### सीएम व डीजी सूचना ने वरिष्ठ पत्रकार भास्कर पोखरियाल के निधन पर जताया शोक

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वरिष्ठ पत्रकार भास्कर पोखरियाल के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय पोखरियाल का सरल स्वभाव और पत्रकारिता के प्रति समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह असीम दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने भी वरिष्ठ पत्रकार भास्कर पोखरियाल के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की है।

# चारधाम यात्रा को सुरक्षित व सुगम बनाने की मजबूत तैयारी

■ चारधाम यात्रा को लेकर मॉक ड्रिल कर परखी व्यवस्थाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** चारधाम यात्रा के दौरान संभावित आपदाओं से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए शुक्रवार को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के नेतृत्व में राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल आयोजित की गयी। इसमें जनपद पौड़ी सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में अलग-अलग आपदा परिदृश्यों के तहत राहत एवं बचाव कार्यों का प्रभावी परीक्षण किया गया।

मॉक अभ्यास के स्टेजिंग एरिया एनआईटी मैदान में बनाया गया था। श्रीनगर क्षेत्र में एनआईटी, सैनिक होटल, गढ़वाल मंडल विकास निगम, फरासू हनुमान मंदिर और सिरोबगड़ के पास मॉक अभ्यास कराया गया, जिसमें प्रशासन, एसडीआरएफ, पुलिस, स्वास्थ्य, अग्निशमन समेत विभिन्न विभागों ने समन्वित रूप से भागीदारी निभायी।

जिला मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम से मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने पूरे अभियान की निगरानी करते हुए सभी गति. विधियों पर सतत नजर बनाए रखी। श्रीनगर क्षेत्र में आयोजित इस मॉक अभ्यास के तहत विभिन्न स्थानों को आपदा परिदृश्यों के रूप में चिन्हित कर घटनाओं का यथार्थ चित्रण किया गया। कहीं भूस्खलन की स्थिति में मलबे में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने की चुनौती सामने आई, तो कहीं सड़क दुर्घटना में घायलों को त्वरित उपचार और अस्पताल तक पहुंचाने की व्यवस्था को परखा गया।

अग्निकांड की स्थिति में प्रभावित स्थल से लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने और प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने की तत्परता दिखाई गई, वहीं भूकंप जैसी स्थिति में क्षतिग्रस्त भवनों से रेस्क्यू ऑपरेशन संचालित कर राहत कार्यों की प्रभावशीलता का परीक्षण किया गया। जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने कहा कि यह मॉक ड्रिल केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि आपदा प्रबंधन की वास्तविक तैयारियों का व्यावहारिक परीक्षण है। इस अवसर पर डीएफओ गढ़वाल महातिम यादव, अधीक्षण अभियंता जल संस्थान प्रवीण सैनी, जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर, जिला पंचायतीराज अधिकारी जितेंद्र कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विशाल शर्मा, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी करण सिंह रावत, एसएसबी उप निरीक्षक धूम सिंह सहित आदि मौजूद थे।

# हाईवे जाम करने पर यूकेडी नेत्री सहित 16 पर मुकदमा दर्ज

■ पोस्टमार्टम में देरी को लेकर किया था हाईवे बाधित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** ऋषिकेश-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम करने के मामले में कोतवाली श्रीनगर पुलिस ने कड़ी कार्यवाही करते हुए दो नामजद के साथ ही 15 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि इन लोगों ने मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी के सामने करीब आधे घंटे तक राजमार्ग बाधित कर यातायात ठप कर दिया और सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की। बताते चले कि हरियाणा पुलिस की अभिरक्षा में जोशीमठ निवासी 65 वर्षीय व्यक्ति की बेस अस्पताल श्रीनगर में बीते रविवार को उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मृतक के परिजनों ने हरियाणा पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिसकर्मी बिना वर्दी के घर पहुंचे और उनके पिता को साथ ले जाने का आरोप लगाया था। परिजनों ने हरियाणा पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। इस बीच, पोस्टमार्टम में देरी को लेकर आक्रोशित परिजनों व अन्य लोगों ने मोर्चरी के बाहर सड़क जाम कर दी।

# चारधाम यात्रा के दृष्टिगत चमोली में आयोजित हुई मॉक ड्रिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।** चार धाम यात्रा की तैयारियों के दृष्टिगत शुक्रवार को चमोली जनपद में बदरीनाथ धाम सहित यात्रा मार्ग और यात्रा पड़ावों आपदा राहत व बचाव की मॉक ड्रील आयोजित की गई। जिलाधिकारी गौरव कुमार के निर्देशन में आयोजित मॉक ड्रिल में आपदा प्रबंधन विभाग, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, अग्नि शमन के साथ ही सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने राहत व बचाव का अभ्यास किया।

चमोली जिले में आपदा की मॉक ड्रिल बदरीनाथ मंदिर परिसर, बदरीनाथ पुल, बदरीनाथ-गोविंदघाट मध्य, गो. विंदघाट-ज्योतिर्मठ के मध्य, जीएमवीएन ज्योतिर्मठ और कमेड़ा में की गई।

जनपद में भूकम्प, बर्फबारी, भारी बारिश, आग, सड़क अवरुद्ध और बस दुर्घटना की परिस्थितियों को लेकर मॉक ड्रिल आयोजित की गई। बदरीनाथ पुल पर रैलिंग क्षतिग्रस्त होने से हुई घटना के 2 घायलों का रेस्क्यू और हैली एम्बुलेंस से हायर सेंटर रैफर, बदरीनाथ-गोविंदघाट के मध्य बर्फबारी से हाईवे अवरुद्ध होने पर वाहनों में फंसे तीर्थयात्रियों तक राहत सामग्री पहुंचाने, गोविंदघाट ज्योतिर्मठ के मध्य टैय्या पुल पर पहाड़ी से आये मलबे में दबे लोगों के रेस्क्यू और हाईवे सुधारीकरण, जीएमवीएन ज्योतिर्मठ में आग लगने की स्थित में 4 लोगों को रेस्क्यू करने, पागलनाल में हाईवे को सुचारु करने और कमेड़ा में बस दुर्घटना की स्थिति में रेस्क्यू अभियान का अभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान जिलाधिकारी के साथ ही पुलिस अधीक्षक सुरजीत पंवार और मुख्य विकास अधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी आपदा प्रबंधन कार्यालय में बनाए गए कंट्रोल रुम से राहत व बचाव कार्य की मॉनिटरिंग करते रहे।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदकिशोर जोशी कंट्रोल रुम में मौजूद थे। जबकि सभी संबंधित तहसील के अधिकारी व कर्मचारी घटनास्थल पर मौजूद रहे।

### स्कूल के छात्रों को दिए स्वास्थ्य सम्बंधित टिप्स

**श्रीनगर।** रेनबो पब्लिक स्कूल, चौरास में आयोजित स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। वीर चंद्र सिंह गढ़वाली मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य सम्बंधित टिप्स दी गई। मौके पर मुख्य वक्ता डॉ. अमन भारद्वाज ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद, मोबाइल के सीमित उपयोग तथा मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विशेष बल दिया।

# विधानसभा अध्यक्ष ने डा. भीमराव अम्बेडकर के जीवन पर आयोजित गोष्ठी में किया प्रतिभाग

■ डॉ. अम्बेडकर का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत: ऋतु खण्डूडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** विधानसभा अध्यक्ष उत्तराखंड ऋतु खण्डूडी भूषण ने डॉ पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन पीजी कॉलेज, कोटद्वार में इतिहास विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवन एवं विचारों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता विषयक गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। इस गोष्ठी का उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं समाज को डॉ अम्बेडकर के विच. ारों, उनके संघर्षों एवं उनके द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ ऋतु खण्डूडी भूषण द्वारा मां सरस्वती एवं डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय परिवार को इस प्रकार के महत्वपूर्ण विषय पर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बधाई दी।अपने संबोधन में ऋतु खण्डूडी भूषण ने कहा कि डॉ अम्बेडकर का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने अत्यंत विपरीत परिस्थितियों में भी शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया और समाज के वंचित एवं शोषित वर्गों के अधिकारों के लिए जीवनभर संघर्ष किया। भारतीय संविधान के निर्माण में उनकी भूमिका अतुलनीय रही है, जिसके कारण आज देश में सभी नागरिकों को समान अधिकार प्राप्त हैं। कहा कि आज के समय में डॉ अम्बेडकर के विचारों की प्रासंगि. कता और भी बढ़ जाती है। समाज में समानता, भाईचारे और न्याय की भावना को मजबूत करने के लिए उनके सिद्धांतों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य, समस्त प्राध्यापकगण, छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### मानवीय संवेदनशीलता का पुलिस ने दिया परिचय

**कोटद्वार।** सिडकुल क्षेत्र की कलालघटी पुलिस चौकी क्षेत्र के फैक्ट्री तिराहे पर झोपड़ी में 85 वर्षीय बुजुर्ग साधुराम एकाकी जीवन व्यतीत कर रहे थे।पुलिस ने उन्हें कई बार अस्पताल में भर्ती भी कराया था। बुजुर्ग साधुराम की देखभाल करने वाला कोई सगा संबंधी नहीं था। पुलिस को सूचना मिली कि साधु राम का निधन हो गया। सूचना मिलते ही चौकी में तैनात हेड कांस्टेबल सुशील कुमार, चमन कुमार, संजय पाल सिंह नेगी, अनिल राणा व रविंद्र भट्ट द्वारा मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए स्थानीय नागरिकों के सहयोग से आगे बढ़कर बेटों का फर्ज निभाते हुए धार्मिक विधि विधान के साथ बुजुर्ग का अंतिम संस्कार किया ।पुलिस कर्मियों के इस कार्य की वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ ही हर तरफ सराहना की जा रही है।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,**
**ग्रामीण निर्माण विभाग, विकास भवन कुण्ड रोड़, प्रखण्ड-चमोली ( गोपेश्वर )**
E-mail-eeresdivisionchamoli@gmail.com

पत्रांक 53/दो-लेखा-एस0पी0ए0/निविदा-सूचना/ग्रा0नि0वि0/2025-26/ दिनांक- 10.04.2026

**ई-निविदा आमन्त्रण सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न सिविल निर्माण कार्यों हेतु सक्षम श्रेणी में ग्रामीण निर्माण विभाग उत्तराखण्ड मे पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्यों की ई-निविदा ऑन-लाईन दिनांक 02.05.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं। निविदायें उसी दिन अपरान्ह 12.30 बजे उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित कमेटी के समक्ष ऑनलाईन इस कार्यालय में खोली जायेंगी। निविदा के सम्बन्ध में सभी सूचनाऐं/शर्तें http://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 17.04.2026 से उपलब्ध रहेंगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत + जी.एस.टी. ( लाख में ) | धरोहर धनराशि ( रू० में ) | निविदा शुल्क एवं जी.एस.टी. का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैद्यता | पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | जनपद चमोली के अन्तर्गत वि.ख. दशोली के रा.प्रा.वि. सुभाषनगर भवन का पुर्ननिर्माण कार्य। ( वि.ख. दशोली ) | 60.35+10.86 =71.21 | 167500.00 | निविदा मूल्य रू. 4000.00+ 18%GST-720.00 | 12 माह | 90 दिन | 'डी' एवं उच्चतर |
| 2 | उर्गम घाटी में पर्यटन विकास कार्यो हेतु भर्की से भनाई ट्रैक रूट मरम्मत एवं उर्वाऋषि वंशीनारायण ट्रैक रूट मरम्मत एवं ट्रैक रूट पर रैन शेल्टर कार्य। ( वि.ख. ज्योतिर्मठ ) | 82.44+14.84 =97.28 | 219600.00 | निविदा मूल्य रू. 4000.00+ 18%GST-720.00 | 12 माह | 90 दिन | 'डी' एवं उच्चतर |

निर्माण कार्यों से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी/प्राक्कलन/रेखाचित्र एवं निविदा की शर्तें आदि किसी भी कार्य दिवस में इस कार्यालय एवं सम्बन्धित उपखण्ड कार्यालय से ली जा सकती हैं, तथा निविदा प्रपत्र मूल्य ई-चालान का हैड- 0515008000100, निविदा जी0एस0टी0 ई-चालान मूल्य विभागीय जी0एस0टी0 नं0 05AAAGR2838C1ZL मे लगाया जायेगा।

**( इं. अल्लादिया )**
**अधिशासी अभियन्ता,**

# सीएम से उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ की वार्ता, समाधान की दिशा में पहल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड में चल रही डिप्लोमा इंजीनियर्स की हड़ताल के बीच शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के पदाधिकारियों ने भेंट कर अपनी विभिन्न मांगों के संबंध में विस्तृत चर्चा की।

महासंघ के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी 27 सूत्रीय मांगें रखीं, जिनमें पदोन्नति, वेतनमान और पुरानी पेंशन व्यवस्था से जुड़े विषय प्रमुख रूप से शामिल रहे द्य मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वस्त किया कि राज्य सरकार उनके प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखती है और उनकी सभी मांगों का समुचित परीक्षण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मांगों के समाधान के लिए एक सब-कमेटी का गठन किया जाएगा, जो संबंधित बिंदुओं का गहन अध्ययन कर शीघ्र अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरकार संवाद और समन्वय के माध्यम से सभी समस्याओं का समाधान निकालने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों को सुचारू बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और राज्य के विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए सभी पक्षों को सकारात्मक पहल करनी चाहिए।



■ इंजीनियर्स की मांगों के परीक्षण के लिए सब-कमेटी गठित ■ जनहित को प्राथमिकता, संवाद से समाधान की ओर बढ़ी सरकार और इंजीनियर्स

मुख्यमंत्री ने इंजीनियर्स महासंघ से अपील की कि वे जनहित को ध्यान में रखते हुए सहयोगात्मक रुख अपनाएं और वार्ता प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें, ताकि शीघ्र समाधान निकल सके। उन्होंने कहा कि "राज्य सरकार डिप्लोमा इंजीनियर्स की मांगों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक रूप से विचार किया जाएगा। संवाद और समन्वय के माध्यम से हम सभी मुद्दों का शीघ्र समाधान निकालने के लिए प्रतिबद्ध है।"

बैठक में सचिव शैलेश बगौली, दिलीप जावलकर, पंकज कुमार पांडे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कौशल विकास से सशक्त होंगे उत्तराखण्ड के युवा: चौधरी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी ने शुक्रवार को देहरादून स्थित 'यूथ एजुकेशनल सोसाइटी' द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के युवाओं के कौशल विकास को राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल बताया। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री ने दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को यूनिफॉर्म वितरित करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। कैबिनेट मंत्री चौधरी ने योजना की जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना का उद्देश्य गरीब ग्रामीण युवाओं का कौशल विकास करते हुए उन्हे न्यूनतम या इससे अधिक नियमित मासिक मजदूरी वाले रोजगार दिलाना है। उन्होंने कहा कि ग्राम्य विकास विभाग द्वारा वित्त पोषित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से सरकार ग्रामीण और पर्वतीय क्षेत्रों के युवाओं को सीधे रोजगार से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि कौशल विकास ही आत्मनिर्भर उत्तराखंड की आधारशिला है और, हमारी सरकार युवाओं को केवल प्रशिक्षण ही नहीं, बल्कि रोजगार के ठोस अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।




■ यूथ एजुकेशनल सोसाइटी के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री

कैबिनेट मंत्री चौधरी ने यूथ एजुकेशनल सोसाइटी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि निजी संस्थानों और सरकार के समन्वय से ही कौशल विकास के लक्ष्य को प्रभावी ढंग से प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास प्रदेश में रोजगार सृजन को नई गति देंगे। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित युवाओं/छात्रों को संबोधित करते हुए भरत चौधरी ने उन्हें अनुशासन, समर्पण और मेहनत के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने भविष्य को संवारने का आह्वान किया। कार्यक्रम में श्री अरुण चमोली, अध्यक्ष, यूथ एजुकेशनल सोसाइटी, संस्थान के पदाधिकारी, प्रशिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# सैन्य संस्थानों की रेकी कर रहे युवक को एसटीएफ ने दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** देवभूमि में आतंकी नेटवर्क फैलाने की बड़ी साजिश का पर्दाफाश हुआ है। उत्तराखंड एसटीएफ और देहरादून पुलिस की संयुक्त टीम ने ऑपरेशन प्रहार के तहत प्रेमनगर थाना क्षेत्र से एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है, जो पाकिस्तानी आतंकी संगठन श्अल बर्क ब्रिगेडश और शतहरीक-ए-तालिबान-हिंदुस्तानश के संपर्क में था। पकड़ा गया युवक देहरादून के प्रतिष्ठित सरकारी और सैन्य संस्थानों की लोकेशन और फुटेज पाकिस्तान भेज रहा था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसटीएफ) अजय सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त विक्रांत कश्यप (29 वर्ष), निवासी झाझरा, प्रेमनगर के पास से एक अवैध पिस्टल, कारतूस और स्प्रे पेंट की कैन बरामद हुई है। जांच में सामने आया कि विक्रांत इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप के जरिए पाकिस्तान में बैठे आतंकी शहजाद भट्टी और राणा के लगातार संपर्क में था। पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। अभियुक्त ने बताया कि वह दिवंगत पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला का प्रशंसक था। मूसेवाला की हत्या का बदला लेने के नाम पर पाकिस्तानी हैंडलर शहजाद भट्टी ने उसे अपनी बातों में फंसाया। भट्टी ने उसे देहरादून के आईएसबीटी, पुलिस मुख्यालय और सैन्य संस्थानों के वीडियो बनाने का टास्क दिया था। साथ ही उसे इन जगहों को बम से उड़ाने के लिए तैयार किया जा रहा था। दहशत फैलाने के लिए विक्रांत ने शहर की दीवारों पर (तहरीक- ए- तालिबान- हिंदुस्तान) भी लिखा था, जिसके वीडियो उसने पाकिस्तान भेजे थे। पाकिस्तानी हैंडलर्स ने विक्रांत को दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट के एक अधिवक्ता और कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं पर हैंड ग्रेनेड फेंकने का भी लक्ष्य दिया था। इसके बदले उसे नेपाल के रास्ते दुबई ले जाकर सेटल करने और भारी पैसा देने का लालच दिया गया था। पुलिस अब उसके मोबाइल से मिले डेटा के आधार पर अन्य संभावित कड़ियों की जांच कर रही है। एसटीएफ की इस कार्रवाई में निरीक्षक अबुल कलाम, एन.के. भट्ट और यादविंदर बाजवा सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# एनडीए मेरिट सूची में ड्रीमर्स एडु हब का ऐतिहासिक प्रदर्शन, 58 युवाओं का चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित एनडीए-156 की अंतिम चयन सूची जारी होते ही देहरादून में खुशी की लहर दौड़ गई है। स्थानीय कोचिंग संस्थान ड्रीमर्स एडु हब (दून डिफेंस ड्रीमर्स) ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर कीर्तिमान स्थापित किया है। देशभर के अलग-अलग राज्यों से शिक्षा ग्रहण करने आए छात्र-छात्राओं में संस्थान के कुल 58 छात्र-छात्राओं ने मुख्य सूची में स्थान प्राप्त किया है, जो किसी भी संस्थान के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।संस्थान के छात्र युवराज सक्सेना ने अखिल भारतीय स्तर पर 5वां स्थान प्राप्त कर प्रदेश का मान बढ़ाया है। इनके अलावा आयन कुमार सिंह ने 10वीं, मोहम्मद याह्या ने 14वीं और आदित्य सिंह धरनिया ने 17वीं रैंक हासिल की है। सफलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि शीर्ष 20 में संस्थान के 4 और शीर्ष 100 में कुल 21 विद्यार्थी शामिल हैं। सफलता का परचम मे महिला अभ्यर्थियों में भी संस्थान का दबदबा देखने को मिला। समीक्षा रमेश पाटिल ने बालिकाओं की सूची में 31वां स्थान पाया है। उनके साथ ही खुशबू चौधरी, परमीत कौर, वैष्णवी उपाध्याय और चेष्टा ने भी मेरिट सूची में जगह बनाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।



## एक वर्ष में 93 अंतिम चयन का रिकॉर्ड

ड्रीमर्स एडु हब के लिए वर्ष 2025 उपलब्धियों भरा रहा है। एनडीए के प्रथम चरण में 35 और अब दूसरे चरण में 58 चयन के साथ एक साल के भीतर कुल 93 छात्र-छात्राओं ने अंतिम सफलता प्राप्त की है। आज देश के 28 राज्यों से युवा यहाँ प्रशिक्षण लेने पहुँच रहे हैं।इस शानदार सफलता पर संस्थान के संस्थापक हरिओम चौधरी ने सभी सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि निरंतर बेहतर परिणामों ने आज संस्थान को देश भर में नई पहचान दी है। आज हर अभिभावक का विश्वास संस्थान के साथ जुड़ा है। इस उपलब्धि के बाद संस्थान परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा और शिक्षकों ने मिठाई बांटकर खुशी साझा की।

## एक नजर .......

### चारधाम रूट की सभी सड़कें 15 अप्रैल तक हो जायेंगी दुरुस्त: महाराज

**देहरादून।** चारधाम यात्रा रुट पर सड़कों के रखरखाव और वैकल्पिक मार्गो को दुरुस्त करने के लिए लोक निर्माण विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग विंग दोनों मिलकर तैयारियां कर रहे हैं। 15 अप्रैल तक सभी सड़कों को दुरुस्त करने करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। यह जानकारी देते हुए प्रदेश के लोक निर्माण व पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि 15 अप्रैल तक चारधाम रूट की सभी सड़कों से जुड़े कार्य पूरे करने का लक्ष्य है। कई स्थानों पर सड़क निर्माण व मरम्मत का कार्य पूरा हो चुका है। 207 भूस्खलन जोन चिन्हित हैं। इनमें से 88 स्लोप का ट्रीटमेंट पूरा किया जा चुका है और 119 स्लोप पर काम पूर्णता की ओर है। यमुनोत्री और केदारनाथ मार्ग सबसे संवेदनशील माने गए हैं। ऋषिकेश-बदरीनाथ एनएच-7 पर 45 डेंजर जोन में से 22 पर युद्धस्तर पर काम चल रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर सड़क, पानी, शौचालय, स्वास्थ्य और ट्रैफिक मैनेजमेंट चाक-चौबंद रखने को कहा है। ऑल वेदर रोड का काम लगभग पूरा हो चुका है। महाराज ने कहा कि यात्रा मार्ग पर क्यूआर कोड और साइन बोर्ड लगाने का कार्य प्रगति पर है। ताकि श्रद्धालुओं को रियल टाइम जानकारी मिल सके। वैकल्पिक रूट एनएच-07 ऋषिकेश-रुद्रप्रयाग सहित सभी वैकल्पिक रूट दुरुस्त किए गए हैं ताकि मुख्य मार्ग ब्लॉक होने पर यातायात चलता रहे। नई सुरंगें और बाईपास सिलक्यारा टनल ब्रेकथरू हो चुका है।

# संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने का संदेश देने घर-घर जा रही स्वास्थ्य विभाग की टीम

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अब गंभीर प्रयास तेज कर दिये हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीमें जनपद के उन क्षेत्रों का भ्रमण कर रही हैं जहां पर होम डिलीवरी के केस सामने आये हैं। टीम के सदस्य घर-घर जाकर ऐसी गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर रहे हैं जिनके प्रसव की संभावित तिथि आगामी महीनों में है।

शुक्रवार को टीम ने खुड़बुड़ा क्षेत्र के शिवाजी नगर, कांवली रोड, छबीलबाग तथा चूना भट्टा व भगत सिंह कॉलोनी क्षेत्र में चिन्हित गर्भवती महिलाओं के घर जाकर उनके पति, सास-ससुर एवं घर के अन्य सदस्यों से बातचीत की तथा संस्थागत प्रसव के लाभ के साथ-साथ मातृत्व स्वास्थ्य के अंतर्गत संचालित योजनाओं जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, ईजा बोई, खुशियों की सवारी आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। टीम द्वारा परिवार के सदस्यों एवं गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव हेतु प्रेरित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के कतिपय क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं के गृह प्रसव रिपोर्ट किये गये हैं। इसको गंभीरता से लेते हुए गर्भवती महिलाओं की ट्रेकिंग शुरू कर दी गयी है। एक टीम दूरभाष के माध्यम से गर्भवती महिलाओं एवं उनके परिवारजनों से संपर्क कर उन्हें संस्थागत प्रसव हेतु प्रेरित करने का कार्य कर रही है। दूसरी टीम घर-घर जाकर चिन्हित गर्भवती महिलाओं से तथा उनके परिजनों से मिलकर उन्हें संस्थागत प्रसव के लाभ एवं महत्व के साथ-साथ मातृत्व स्वास्थ्य के लिए संचालित विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं की जानकारी भी दे रही है। हमारा लक्ष्य है कि जनपद में शत प्रतिशत प्रसव संस्थागत प्रसव ही हों।;



शुक्रवार को घर-घर जाने वाले टीम में जिला आई.ई.सी. समन्वयक पूजन नेगी, ब्लॉक आशा समन्वयक पंचम बिष्ट एवं संगीता नवानी, ए.एन.एम. सविता बोकाडिया, आशा फैसिलिटेटर मकानी राणा, नाजमा सैफी, हरी देवी सहित आशा कार्यकत्रियां ज्योति, सुशीला, रजनी, अनीता अग्रवाल, पूजा वर्मा, दीपा, अनुराधा वैद्य, ममता पाल शामिल रहीं।

## वर्षों से अटका भूमि सीमांकन हुआ पूरा, लापरवाहों को दी चेतावनी

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में आयोजित जनता दर्शन अब फरियादियों के लिए त्वरित न्याय का केंद्र बन गया है। एक बुजुर्ग फरियादी की शिकायत पर कड़ा रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी ने वर्षों से लंबित भूमि सीमांकन प्रकरण को न केवल हल करवाया, बल्कि संबंधित तहसील प्रशासन को तलब कर तत्काल रिपोर्ट भी ली। मामला डोईवाला तहसील के बक्सरवाला क्षेत्र का है। फरियादी उम्मेद सिंह ने जनता दर्शन में शिकायत की थी कि उनके पुत्र उत्पल सिंह की निजी भूमि पर अवैध कब्जा है और सीमांकन के लिए वे लंबे समय से भटक रहे हैं। 6 अप्रैल को जब फरियादी ने दोबारा डीएम के समक्ष गुहार लगाई कि बार-बार चक्कर काटने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो जिलाधिकारी ने इसे गंभीरता से लिया। उन्होंने डोईवाला तहसील प्रशासन को फटकार लगाते हुए 24 घंटे के भीतर मामले की पूरी फाइल और आख्या पेश करने के निर्देश दिए।

# ईवाई इंडिया व यूपीईएस ने की साझेदारी, 7 नए कोर्स लॉन्च

■ उद्योग की जरूरतों के अनुरूप तैयार किए गए हैं कोर्स: मजूमदार
■ तीन एमबीए और चार यूजी प्रोग्राम हुए शुरू
■ को-डिजाइन, को-क्रिएट व को-डिलीवर मॉडल पर आधारित नई पहल

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उच्च शिक्षा को उद्योग से सीधे जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए यूपीईएस स्कूल ऑफ बिजनेस और ईवाई इंडिया ने सात नए शैक्षणिक कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। इन कार्यक्रमों को दोनों संस्थानों ने मिलकर को-डिजाइन, को-क्रिएट और को-डिलीवर मॉडल के तहत तैयार किया है।नए कार्यक्रमों में तीन एमबीए और चार अंडरग्रेजुएट कोर्स शामिल हैं। एमबीए में एआइ फॉर बिजनेस, फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी और इन्वेस्टमेंट बैंकिंग एंड कैपिटल मार्केट्स शामिल हैं। वहीं यूजी स्तर पर बीबीए डेटा साइंस एंड एआई, बीकॉम अकाउंटिंग एंड फाइनेंस, बैंकिंग एंड इंश्योरेंस और इंटरनेशनल फाइनेंस जैसे कोर्स शुरू किए गए हैं।

इस पहल के साथ दोनों संस्थानों की संयुक्त पेशकशें बढ़कर आठ हो गई हैं। इनमें चार एमबीए और चार यूजी प्रोग्राम शामिल हैं, जो उद्योग की जरूरतों के अनुरूप तैयार किए गए हैं। कार्यक्रमों की खासियत यह है कि इनमें छात्रों को सीधे उद्योग से जुड़ा अनुभव मिलेगा। एमबीए में 600 घंटे से अधिक और यूजी कोर्स में 270 घंटे से अधिक की पढ़ाई ईवाई के विशेषज्ञों द्वारा कराई जाएगी। इससे छात्रों को वास्तविक बिजनेस माहौल, कार्यप्रणाली और प्रोफेशनल स्किल्स की समझ विकसित होगी।

## यह साझेदारी छात्रों को उद्योग से जोड़ने का मौका देगी: वारसी

**देहरादून।** इन कोर्स को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल फाइनेंस, डेटा आधारित निर्णय प्रक्रिया और बदलते वैश्विक व्यापारिक परिदृश्य को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है।

उद्देश्य ऐसे प्रोफेशनल तैयार करना है जो जटिल समस्याओं का समाधान कर सकें और तेजी से बदलती दुनिया में खुद को ढाल सकें। ईवाई इंडिया के पार्टनर मोहम्मद फुरकान वारसी ने कहा कि यह साझेदारी छात्रों को शुरुआत से ही उद्योग से जोड़ने का मौका देती है, जिससे उनमें निर्णय क्षमता और आत्मविश्वास विकसित होता है।

वहीं यूपीईएस स्कूल ऑफ बिजनेस के एसोसिएट डीन अरूप मजूमदार ने कहा कि तेजी से बदलती दुनिया में उच्च शिक्षा को भी उसी गति से बदलना जरूरी है और ये कार्यक्रम उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

इस साझेदारी का उद्देश्य छात्रों की रोजगार क्षमता बढ़ाना और उन्हें भविष्य के अवसरों के लिए तैयार करना है। नई पहल के साथ यूपीईएस ने उद्योग, अकादमिक सहयोग के क्षेत्र में एक नया मानदंड स्थापित करने की दिशा में कदम बढ़ाया है।

# संवाद करना एकेडमिक एक्सचेंज का बेहतरीन उदाहरण: दुर्गा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** सिद्धार्थ लॉ कॉलेज में आयोजित जस्टिस आर.आर. अग्रवाल थर्ड नेशनल मूट कोर्ट कॉम्पिटिशन का सफल समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। समारोह में कॉलेज के डायरेक्टर वी.के. महेश्वरी ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत और परिचय दिया। प्रतियोगिता के फाइनल राउंड के बाद विजेता टीमों को नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

उत्तराखंड हाईकोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार जनरल डी.पी. गैरोला उपस्थित रहे। उन्होंने कानूनी पहलुओं पर चर्चा करते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एआई शासन-प्रशासन और चुनाव आयोग की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने में सकारात्मक भूमिका निभा रहा है, लेकिन डीपफेक जैसी चुनौतियां चिंता का विषय हैं, जिस पर शोध की आवश्यकता है। उन्होंने मूट कोर्ट की समस्या के चयन को बेहद प्रासंगिक बताया। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर पारुल दीक्षित ने सफल आयोजन के लिए मूट कोर्ट कमेटी और छात्रों के प्रयासों को सराहा। उन्होंने कहा कि विधि के छात्रों को समाज की उम्मीदों पर खरा उतरना चाहिए।संस्थान के चेयरमैन दुर्गा प्रसाद वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि कॉलेज के छात्र इस प्रतियोगिता को उत्सव की तरह मनाते हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों से आई टीमों के साथ संवाद करना एकेडमिक एक्सचेंज का बेहतरीन उदाहरण है। उन्होंने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने को ही छात्रों की असली जीत बताया। प्रतियोगिता में पंजाब यूनिवर्सिटी के रीजनल सेंटर लुधियाना की टीम विजेता रही, जिसे 25 हजार रुपये की नकद राशि और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। डॉ. राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी लखनऊ की टीम उप-विजेता रही, जिसे 15 हजार रुपये का पुरस्कार मिला। अन्य श्रेणियों में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के संयम गुप्ता, उत्कर्ष मिश्रा और आदर्श श्रीवास्तव को बेस्ट मेमोरियल का पुरस्कार दिया गया। लखनऊ के अथर्व लखोटिया को बेस्ट रिसर्चर और पटियाला के हर्षदीप सिंह को बेस्ट मूटर घोषित किया गया। सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ पंजाब की टीम को बेस्ट प्रोग्रेसिव और डिसिप्लिनड टीम का खिताब मिला।इस अवसर पर कॉलेज के वाइस चेयरमैन अभिषेक वर्मा ने आयोजन समिति के विभिन्न प्रमुखों स्वाति सिंह, खुशी श्रीवास्तव, मयूरी सिंह, प्रियंका चौरसिया, सौरभ सिंह नेगी, मोहित बोहरा, साक्षी तुली, प्रणाली घोष, संध्या चौधरी, कल्पना चौधरी और अभिषेक कश्यप को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में मूट कोर्ट कमेटी की कन्वीनर डॉ. पल्लवी गोसाई ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रेषित किया। इस दौरान एडमिन डायरेक्टर डी.के. त्यागी, प्राचार्य डॉ. शराफत अली सहित अन्य विभागों के प्राचार्य और शिक्षक उपस्थित रहे।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादक:
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
स्थानीय सम्पादक
**चेतन गुरूंग**

देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**कार्यालय नगर निगम, देहरादून**

पत्रांक : 25/सा.नि.वि./न.नि./दे.दून/2026-27 दिनांक : 09.04.2026

**निविदा सूचना**

नगर निगम देहरादून में वर्ष 2026-27 में पंजीकृत ठेकेदारों से नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत रोड कटिंग के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत एवं रेस्टोरेशन कार्यों की सीलबन्द निविदा निर्धारित प्रपत्रों पर दिनांक 30.04.2026 को 4.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के कार्यों का विवरण एवं शर्तें नगर निगम की वैबसाईट www.nagarnigamdehradun.com एवं कार्यालय नगर निगम, देहरादून के सूचना पट्ट एवं अभियन्त्रण अनुभाग में देखा जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि से 120 दिन की अवधि के लिए वैध रहेगी। निविदा फार्म व शर्तें नगर निगम, देहरादून के कार्यालय से दिनांक- 25.04.2026 को कार्यालय दिवस में 4.00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमा कराकर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा आमन्त्रण की तिथि पर अवकाश होने पर अगली तिथि पर निविदा की जायेगी। रक्षाधन, एफ.डी.आर/सी.डी.आर. एवं अन्य जो वरिष्ठ वित्त अधिकारी के नाम प्लेज होगी, समकक्ष रूप में शुल्क जमा करने से पूर्व कार्यालय में जमा करानी अनिवार्य होगी। बिना रक्षाधन के निविदा प्रपत्र जारी नहीं किया जायेगा। किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम में निहित है।

**नगर आयुक्त, नगर निगम, देहरादून**

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्रांक-298 **निविदा आमन्त्रण सूचना** दिनांक- 10/04/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, परियोजना जानपद अनुरक्षण-ढालीपुर, द्वारा इच्छुक निविदादाताओं से मोहरबन्द निविदा आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:-
**निविदा संख्या.08/EE/PCM/Dhalipur/2026-27**
**कार्य का नाम**- आसन बैराज से कुल्हाल विद्युत गृह तक शक्ति नहर के अनुरक्षण, मरम्मत एवं अन्य कार्य।
**अनुमानित लागत** -Rs. 24,95,114.64 (GST अतिरिक्त)
**वैव साईट पर निविदा की उपलब्धता की तिथि एवं समय:** 11.04.2026 को 17:00 बजे से
**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय:** 04.05.2026 को 15:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी बेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की बेबसाइट **"https://ujvnl.uk.gov.in"** से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**अधिशासी अभियन्ता**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्रांक-293 **ई-निविदा सूचना** दिनांक- 10/04/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद-तृतीय), लखवाड़ बहुद्देशीय परियोजना, यूजेवीएन लिमिटेड, डाकपत्थर (देहरादून) इच्छुक निविदादाताओं से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:-
**निविदा सं0- 02/EE(Civil-III)/LMP/2026-27**
**कार्य का नाम** -देहरादून के डाकपत्थर में टोंस कॉलोनी, गोल मार्केट कॉलोनी, डाकघर के पीछे वाली कॉलोनी, एनएलए कॉलोनी और टोंस कॉलोनी के आसपास के मुख्य सड़क क्षेत्र में घर-घर जाकर कचरा उठाना, सफाई, स्वच्छता और रखरखाव का कार्य
**अनुमानित लागत**- Rs. 42,62,292/- (जी0एस0टी0 अतिरिक्त)
**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि**-11.04.2026 को 11:00 बजे से
**वेबसाईट पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि**-01.05.2026 को 17:00 बजे तक
अन्य विस्तृत जानकारी हेतु कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **"http://uktenders.gov.in"** देखें।

**अधिशासी अभियन्ता (जानपद-तृतीय)**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्रांक-301 **निविदा सूचना** दिनांक- 10/04/2026

कार्यालय अधिशासी अभियंता (वि0/यॉ), इछाडी बॉध इच्छुक निविदादाताओं से निविदांए आमंत्रित करता है। निविदांओ का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है।
**निविदा सं0:-01,02 एवम 03/अ०अ०(वि0/यॉ0)/इछाडी बॉध/2026-27**
**कार्य का नाम** :- 1-इछाडी बाँध पर ट्रैशरेक क्लीनिंग मशीन की सर्विसिंग, ओवरहालिंग एवं क्षतिग्रस्त पुर्जो को बदलने का कार्य।
2-इछाडी बाँध पर 60 टन गैन्ट्री क्रैन की मरम्मत, सर्विसिंग, ओवरहालिंग एवं क्षतिग्रस्त पुर्जो को बदलने का कार्य।
3-इछाडी बाँध पर 25 टन गैन्ट्री क्रैन की मरम्मत, सर्विसिंग, ओवरहालिंग एवं क्षतिग्रस्त पुर्जो को बदलने का कार्य।
**अनुमानित लागत:-कमशः** रू0 2477000.00, रू0 2330000.00 एवम रू0 125000.000 (जीएसटी अतिरिक्त)
**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि:** 09.04.2026 को 16.00 बजे से
**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि:** 30.04.2026 को 11.00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया वेबसाइट **http://ujvnl.com"** देखें।

**अधिशासी अभियंता (वि0/यॉ0) इछाडी बॉध**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

# चारधाम यात्रा : संभावित आपदाओं से निपटने को हरिद्वार में व्यापक मॉक ड्रिल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** चारधाम यात्रा-2026 के दृष्टिगत संभावित आपदाओं एवं आकस्मिक परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए शुक्रवार को जनपद हरिद्वार में व्यापक स्तर पर मॉक अभ्यास आयोजित किया गया। यह अभ्यास राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) एवं उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) के तत्वावधान में जनपद के सात स्थानों पर एक साथ संचालित किया गया।

जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र से सुबह 10:05 बजे विभिन्न आपदा परिदृश्यों की सूचना प्रसारित की गई। इनमें हरकी पौड़ी, शिव पुल, रेलवे स्टेशन, भीमगौड़ा क्षेत्र, अपर बाजार, पंतदीप पार्किंग, विष्णु घाट सहित विभिन्न स्थानों पर जलस्तर बढ़ने, भगदड़, भूस्खलन, रेलवे ट्रैक क्षतिग्रस्त होने एवं बम विस्फोट की अफवाह जैसी स्थितियां शामिल थीं।

जिलाधिकारी एवं रिस्पांसिबल ऑफिसर मयूर दीक्षित के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र ने कंट्रोल रूम से कमान संभालते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। निर्देश मिलते ही रेस्क्यू टीमें तत्काल घटनास्थलों पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया।

मुख्य परिदृश्यों में रेस्क्यू कार्य में हरकी पौड़ी पर जलस्तर बढ़ने से मची भगदड़ में गंगा में बहे 17 लोगों का सफल रेस्क्यू किया गया, जिनमें 2 गंभीर व 3 आंशिक घायल थे। शिव पुल पर 14 लोगों को जल पुलिस ने सुरक्षित निकाला, जिनमें 5 को मामूली चोटें आईं। हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में 6 श्रद्धालु घायल हुए, जिनमें 4 को अस्पताल भेजा गया। भीमगौड़ा क्षेत्र में रेलवे ट्रैक बाधित होने से 42 यात्रियों का रेस्क्यू किया गया, जिनमें 20 गंभीर घायल थे। अपर बाजार में बम विस्फोट की अफवाह से उत्पन्न भगदड़ में 11 लोगों को सुरक्षित निकाला गया। शिवपुरी-देवप्रयाग मार्ग पर भूस्खलन से पंतदीप पार्किंग में जाम की स्थिति बनी, जहां से 7 लोगों को रेस्क्यू किया गया। विष्णु घाट पर जलस्तर बढ़ने से 4 लोगों के बहने की सूचना पर 2 को सुरक्षित बचाया गया। मॉक अभ्यास के उपरांत इंसीडेंट कमांडरों ने रेस्क्यू टीमों को ब्रीफ करते हुए भविष्य में और बेहतर समन्वय व सतर्कता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। आब्जर्वरों ने अभ्यास के दौरान सामने आई कमियों को दूर करने पर बल दिया।



एनडीएमए के विशेषज्ञों ने मॉक ड्रिल को सफल बताते हुए सभी टीमों के कार्य की सराहना की और आपदा प्रबंधन में बेहतर समन्वय, सुदृढ़ संचार व्यवस्था एवं त्वरित निर्णय क्षमता को और मजबूत करने की आवश्यकता बताई।

इस मॉक ड्रिल में कुल 399 अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए। इनमें राजस्व, स्वास्थ्य, पुलिस, फायर, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पीएसी, सीआईएसएफ, जल पुलिस, आर्मी, आईटीबीपी, होमगार्ड, पीआरडी, एनसीसी, एनजीओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी शामिल रहे। इस दौरान कंट्रोल रूम में अपर जिलाधिकारी पी.आर. चौहान, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आर.के. सिंह, एसपी ट्रैफिक निशा यादव, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# ज्वालापुर के गुरुकुल महाविद्यालय के छात्रों ने प्रदेश में लहराया परचम

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** स्वामी दर्शनानंद गुरुकुल महाविद्यालय, ज्वालापुर के छात्रों ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। संस्थान के दो विद्यार्थियों ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

इंटरमीडिएट (उत्तर मध्यमा द्वितीय खंड, कक्षा 12) के छात्र अर्जुन कुमार ने प्रदेश स्तर पर द्वितीय स्थान हासिल किया, वहीं हाईस्कूल (पूर्व मध्यमा द्वितीय खंड, कक्षा 10) के छात्र प्रिंस कुमार ने भी प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर शानदार उपलब्धि दर्ज की। इसके अलावा संस्थान के कुल चार छात्रों ने प्रदेश की टॉप-10 सूची में स्थान बनाकर गुरुकुल की शैक्षणिक गुणवत्ता को साबित किया है।

प्रदेश के शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने इन प्रतिभाशाली छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्था के आचार्य स्वामी विरक्त देव ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और गुरुकुल की अनुशासित शिक्षा प्रणाली का परिणाम है। वहीं प्रधानाचार्य पंडित हेमंत तिवारी ने सभी सफल विद्यार्थियों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। संस्थान में इस सफलता को लेकर खुशी का माहौल है और सभी शिक्षकों व अभिभावकों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर गर्व जताया है।

# शिक्षा विभाग में नई पहल : समस्याओं के समाधान के लिए साप्ताहिक ऑनलाइन बैठकें शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जिला शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक शिक्षा) अमित कुमार चंद ने शिक्षकों और विद्यालयों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए एक नई पहल की शुरुआत की है। इसके तहत अब प्रत्येक सप्ताह अलग-अलग दिनों में विषयवार ऑनलाइन बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिनमें संबंधित अधिकारियों, शिक्षकों और कार्मिकों से सीधे संवाद कर समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। जारी कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को कार्यालय के कार्मिकों के साथ सायं 4 से 5 बजे तक बैठक होगी। मंगलवार को बीईओ, एबीआरसी और सीआरसी के साथ सायं 4 से 5 बजे तक संवाद किया जाएगा। बुधवार को मॉडल स्कूल एवं पीएम श्री विद्यालयों के साथ अपराह्न 1 से 2 बजे तक बैठक प्रस्तावित है। इसी क्रम में गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों के साथ सायं 5 से 6 बजे तक बैठक होगी। शुक्रवार को दो चरणों में बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें दोपहर 12 से 1 बजे तक पीएम पोषण प्रभारियों तथा 1 से 2 बजे तक विशेष शिक्षकों (सीडब्ल्यूएसएन) के साथ संवाद किया जाएगा। शनिवार को दोपहर 1 से 2 बजे तक समस्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ ऑनलाइन बैठक निर्धारित की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी अमित कुमार चंद ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाना, जमीनी स्तर की समस्याओं को समझना और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग वर्गों के साथ अलग-अलग दिन बैठक करने से संवाद अधिक प्रभावी होगा और सभी पक्ष अपनी समस्याएं व सुझाव खुलकर रख सकेंगे। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों और शिक्षकों से निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन बैठक में प्रतिभाग करने की अपील की है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि आवश्यकता पड़ने पर कार्यक्रम में परिवर्तन संभव है। इस नई व्यवस्था से शिक्षा विभाग में बेहतर समन्वय स्थापित होने और विद्यालयों की कार्यप्रणाली में सुधार आने की उम्मीद जताई जा रही है।

## जूनियर अंडर-18 बास्केटबाल चैंपियनशिप का आयोजन

# उद्घाटन मैच में बालिका वर्ग में डीएवी व बालक वर्ग में शिवडेल स्कूल ने दर्ज की जीत

**विधायक आदेश चौहान एवं मेयर किरण जैसल ने प्रतियोगिता का किया उद्घाटन**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** डिस्ट्रिक्ट बॉस्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में राजा गार्डन स्थित ओलिविया स्कूल में आयोजित 13वीं जूनियर अंडर-18 बास्केटबॉल चैंपियनशिप का उद्घाटन रानीपुर विधायक आदेश चौहान व मेयर किरण जैसल ने किया। बालक एवं बालिका वर्ग में आयोजित की जा रही तीन दिवसीय प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न स्कूलों की 25 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने प्रतियोगिता के आयोजन के लिए डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन की सराहना की और खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार कदम उठा रही हैं। मुख्यमंत्री धामी के प्रयासों से उत्तराखंड देवभूमि के साथ खेल भूमि के रूप में भी पहचान बना रहा है। प्रतियोगिताओं के लगातार आयोजन से विभिन्न खेलों के अनेक प्रभिवान खिलाड़ी सामने आए हैं और राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्तराखंड का नाम रोशन कर रहे हैं। मेयर किरण जैसल ने कहा कि खेलों में प्रतिभाग करने से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। खेल कैरियर का भी बेहतर माध्यम हैं। सभी खिलाड़ी खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करें। एसोसिएशन के सचिव संजय चौहान ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच बालिका वर्ग में डीएवी पब्लिक स्कूल एवं सेंट मैरी स्कूल के बीच खेला गया। जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल ने 45-25 अंतर से जीत दर्ज की। दूसरा मैच बालक वर्ग में शिवडेल पब्लिक स्कूल एवं एसएम पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया। जिसमें शिवडेल ने 25-20 के अंतर से जीत दर्ज की। संजय चौहान ने बताया कि बास्केटबॉल को बढ़ावा देने के लिए एसोसिएशन निरंतर प्रतियोगिताओं का आयोजन कर रही है।



# ज्वालापुर विधायक ने सड़क निर्माण कार्य का किया उद्घाटन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर विधायक रवि बहादुर ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोटा मुरादनगर में आंतरिक सड़कों के निर्माण कार्य का ग्रामीणों के साथ फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक रवि बहादुर ने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी प्रथमिकता में है। राज्य योजन से लगभग 1 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाली इंटरलॉकिंग टाइल सड़कों का निर्माण होने पर क्षेत्र की जनता को सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अधिकांश गांवों के सभी मार्गो को दुरस्त कराया जाएगा। इस अवसर पर प्रधान मुज्जमिल, क्षेत्र पंचायत नदीम अली, जिला पंचायत सदस्य उस्मान अली रावत, अरशद, अनीश, कारी शहजाद, एजाज अली, अब्दुल हसीब, नदीम आदि मौजूद रहे।

# सिड्कुल से दो किशोरियां लापता, सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से खोजबीन जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** थाना सिडकुल क्षेत्र से दो नाबालिग लड़कियों के लापता होने का मामला सामने आया है। दोनों किशोरियां अलग-अलग स्थानों से घर से बिना बताए कहीं चली गईं, जिनका अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। पहली किशोरी खुशी (16 वर्ष) पुत्री हृदेश कुमार, मूल निवासी ग्राम गंगागढ़ तहसील शोरो जनपद कासगंज (यूपी) हाल निवासी शिवगंगा कॉलोनी सलेमपुर, दिनांक 23 फरवरी 2026 से लापता है। वह अपने घर से बिना किसी को बताए चली गई थी। वहीं दूसरी किशोरी रिंकी (14 वर्ष) पुत्री गुड्डू, मूल निवासी ग्राम बेहटी थाना शेहरामऊ जिला शाहजहांपुर (यूपी) हाल निवासी कृपाल आश्रम रावली महदूद, 25 फरवरी 2026 से लापता है। उसके बारे में भी परिजनों को अब तक कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।

मामले में थाना सिडकुल पुलिस सक्रिय है। एसओ सिडकुल अजय शाह के नेतृत्व में एएसआई संजय चौहान की टीम दोनों किशोरियों की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों के जरिए खोजबीन कर रही है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को इन दोनों किशोरियों के संबंध में कोई भी जानकारी मिले तो तत्काल नजदीकी पुलिस थाना या सिडकुल पुलिस से संपर्क करें, ताकि उन्हें सकुशल बरामद किया जा सके।

# स्वतंत्रता सेनानी शहीद परिवार का राष्ट्रीय सम्मेलन 13 को

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** स्वतंत्रता सेनानी शहीद परिवार का राष्ट्रीय सम्मेलन 13 अप्रैल को हरिद्वार में आयोजित किया जाएगा। प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता के दौरान जानकारी देते हुए स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकार परिवार समिति के राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र रघुवंशी ने बताया कि शिवडेल स्कूल के संस्थापक स्वामी शरदपुरी के संरक्षण में ऋषिकुल राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज के सभागार में आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय सम्मेलन में स्वतंत्रता सेनानी शहीद परिवारों के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों के साथ नेताजी सुभाष चंद्र बोस के सहयोगी रहे लेफ्टिनेंट आर.माधवन, आनंदसिंह बिष्ट, 116 वर्षीय स्वामी लेखराज, भारत भूषण विद्यालंकर तथा मुख्य अतिथी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक, प्रदीप बत्रा, छत्तीसगढ़ सरकार में नीति आयोग के उपाध्यक्ष गणेश शंकर मिश्रा, मेयर किरण जैसल एवं रानीपुर विधायक आदेश चौहान शामिल होंगे। रघुवंशी ने बताया कि 13 अप्रैल को प्रात: 9 बजे से अमर शहीद जगदीश वत्स पार्क जटवाड़ा पुल ज्वालापुर से कटहरा बाजार, रेल पुलिस चौकी, आर्यनगर चौक, रानीपुर मोड़ होते हुए कार्यक्रम स्थल ऋषिकुल आयुर्वेदिक कालेज परिसर तक स्वतंत्रता सेनानी शहीद सम्मान यात्रा निकाली जाएगी। जिसका शुभारंभ जिलाधिकारी मयूर दीक्षित करेंगे। सम्मान यात्रा में कुमाऊं की प्रसिद्ध छोलिया नृत्य टोली सबसे आगे चलेगी। ऋषिकुल आयुर्वेदिक कालेज परिसर में स्थापित अमर शहीद जगदीश वत्स की प्रतिमा पर पुष्पांजलि समर्पित कर मुख्य विकास अधिकारी डा. ललित नारायण मिश्रा यात्रा का स्वागत करेंगे। प्रेसवार्ता को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भारत भूषण विद्यालंकर, संगठन के पदाधिकारी देशबन्धु, डा. वेदप्रकाश आर्य ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह राणा, संयुक्त सचिव आदित्य गहलोत, नगर प्रभारी विवेक कुमार शर्मा, नरेन्द्र कुमार वर्मा, वीरेन्द्र सिंह गहलोत, कैलाश चन्द्र वैष्णव, आदित्य उपाध्याय, सुशील कुमार तथा कृष्ण गोपाल पन्त मौजूद रहे।




# प्रत्येक व्यक्ति को भगवान का भजन करना चाहिए : शास्त्री

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री दरिद्र भंजन महादेव मंदिर कनखल में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन की कथा का श्रवण कराते हुए भागवताचार्य पंडित पवन कृष्ण शास्त्री ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को भगवान का भजन करना चाहिए। भगवान का भजन करने से ही यश, कीर्ति, मान प्रतिष्ठा बढ़ती है और भगवान किसी न किसी रूप में अपने भक्त की रक्षा करते हैं। ध्रुव चरित्र और प्रह्लाद चरित्र का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि भक्ति में अपार शक्ति है। जीवन में अनेक संकट आते हैं। कष्टों का सामना करते हुए जो भक्ति मार्ग पर चलता है। भगवान स्वयं उसके कष्टों का निवारण करते हैं। गजेंद्र मोक्ष कथा का श्रवण कराते हुए शास्त्री ने बताया भगवान पशुओं पर भी कृपा करते हैं। सरोवर में जल क्रीड़ा कर रहे गजराज का पैर मगरमच्छ ने पकड़ लिया। गजराज ने भगवान नारायण का स्मरण किया तो भगवान नारायण ने स्वयं आकर उसे मुक्त कराया और वैकुंठ में स्थान दिया। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान सरिता गुप्ता, अजय गुप्ता, कुसुम गुप्ता, दिनेश गुप्ता, सुनीता गुप्ता, सीमा गुप्ता, सोमेश गुप्ता, कोमल गुप्ता, विजय गुप्ता, कामनी गुप्ता, विकाश गुप्ता, रुचि गुप्ता, रिंकू गुप्ता, डीके गुप्ता, रितेश गुप्ता, नीरज शर्मा, विमल गुप्ता, सुनीता गुप्ता, सुनील गुप्ता, सत्यम, शिवाय, चिराग, कार्तिक, आरवी, माधव, अनिया, पंडित कृष्ण कुमार शास्त्री, पंडित रमेशचंद्र गोनियाल, पंडित राजेंद्र पोखरियाल, पंडित नीरज कोठारी, उमाशंकर पांडे आदि ने भागवत पूजन किया।

## पूर्व दर्जा राज्यमंत्री रामकुमार वालिया ने की भाजपा छोड़ने की घोषणा

# सरकार पर लगाया किसानों व सर्वसमाज की अनदेखी का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** इंडियन किसान यूनियन के अध्यक्ष एवं पूर्व दर्जा राज्यमंत्री रामकुमार वालिया ने प्रैस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा छोड़ने की घोषणा करते हुए कहा कि उत्तराखंड में किसानों और सर्वसमाज की अनदेखी की जा रही है। सरकार की अनदेखी से किसानों की हालत खराब है। धान, गेहूं, गन्ना, मक्का, सोयाबीन, उड़द, चना, मटर, मसूर, तिलहन, सरसों आदि फसलें राज्य के किसानों की आय का प्रमुख स्रोत हैं। बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान हुआ है। लेकिन सरकार मुआवजे के नाम पर चुप्पी साधे हुए है। ना तो सरकार किसानों को मुआवजा दे रही है और ना ही बीमा कंपनियां नुकसान की भरपाई कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधनमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनियों एवं अन्य बीमा कंपनियों को किसानों को फसल खराब होने का मुआवजा देना चाहिए। पर्वतीय क्षेत्र के किसानों की फसलें जंगली जानवर बर्बाद कर रहे हैं। लेकिन सरकार इस संबंध में कोई ठोस नीति नहीं बना पा रही है। सरकार को अन्य राज्यों की तर्ज कर गेंहू का समर्थन मूल्य बढ़ाना चाहिए और किसानों के हित के लिए कदम उठाने चाहिए। रामकुमार वालिया ने कहा कि उन्होंने किसानों की समस्याओं और सर्वसमाज की समस्याओं के समाधान के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को कई पत्र लिखे। लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। इससे आहत होकर उन्होंने भाजपा छोड़ने का निर्णय लिया। भाजपा छोड़ने के बाद साथियों से विचार विमर्श कर आगे की रणनीति तय करेंगे। रामकुमार वालिया ने सरकार में दायित्वधारियों की नियुक्त किए जाने पर भी सवाल उठाए और कहा कि दायित्व दिए जाने में सर्वसमाज की अनदेखी की गयी। इस दौरान जिला अध्यक्ष डीपी सिंह, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनोज चौहान, गौरव वर्मा भी मौजूद रहे।




# तीन शातिर चोर चढ़े सिडकुल पुलिस के हत्थे

**दो चोरी की बाइक भी बरामद**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** थाना सिडकुल पुलिस ने वाहन चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद की हैं। वहीं, पुलिस तीनों को कोर्ट में पेश करने के जेल भेज दिया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह के निर्देश पर जनपद में वाहन चोरी और नशा तस्करी के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना सिडकुल क्षेत्र में सीओ सुरेंद्र प्रसाद बलूनी के नेतृत्व में अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन कर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी के तहत बीती रात 9 अप्रैल को एसओ अजय शाह व एसएसआई विकास रावत के निर्देश पर चौकी प्रभारी कोर्ट देवेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम आईएमसी चौक पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर तीन युवक सवार दिखाई दिए। पुलिस के रुकने के इशारे पर आरोपियों ने भागने की कोशिश की, लेकिन मुस्तैद पुलिस टीम ने घेराबंदी कर तीनों को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों ने सख्ती से पूछताछ में वाहन चोरी की बात कबूल कर ली। उनकी निशानदेही पर टीम ने एक और चोरी की मोटरसाइकिल को भी बरामद कर लिया है। वहीं, एसओ सिडकुल अजय शाह ने बताया कि जितिन पुत्र तेजपाल निवासी सीतापुर, हाल रावली महदूद, दीपक सक्सेना पुत्र राजेश सक्सेना निवासी लखीमपुर, हाल रावली महदूद व सचिन पुत्र पंकज गुप्ता निवासी लखीमपुर, हाल रावली महदूद, सिडकुल को अलग-अलग मुकदमों से संबंधित दो चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया है। तीनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश कर दिया गया है।




### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी एक संपत्ति जो कि आवासीय प्लाट नं0 57, जिसका कुल क्षेत्रफल 111.375 वर्गमीटर है जो स्थित शिवलोक आवासीय योजना भाग-1, ग्राम टिबडी हरिद्वार परगना ज्वालापुर तहसील व जिला हरिद्वार है से संबंधित एक पिछला असल विक्रय पत्र जो दिनांकित 9/6/1995 को उप निबंधक कार्यालय हरिद्वार में पंजीकृत है जिसका बही नं0 1, जिल्द 958/959 पृष्ठ 26/109-112 द०नं0 1519 है वास्तव में कहीं खो गया है। इस बाबत पुलिस में गुमशुदगी दर्ज करायी गयी है। उक्त वर्णित असल विक्रय पत्र को किसी व्यक्ति/ वित्तीय संस्थान/बैंक/ न्यायालय में बंधक नहीं रखा गया है और ना ही कोई भी दुरूपयोग किया गया है। अनुज चोपडा पुत्र स्व० श्री वेदप्रकाश चोपडा, निवासी 57, एम०आई०जी० फेस-1, शिवलोक, कॉलोनी, पगरना ज्वालापुर तहसील व जिला हरिद्वार

# महंत शुभम गिरी ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की मांगों का किया समर्थन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष महंत शुभम गिरी ने रोशनाबाद स्थित जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रही आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की मांगों का समर्थन किया। आंगनवाड़ी कार्यत्रियों की मांगों का समर्थन करते हुए महंत शुभम गिरी ने कहा कि बेहद कम मानदेय पर काम कर रही आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की सरकार की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका है। आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों पिछले काफी समय से मानदेय बढ़ाने की मांग कर रही है। महंगाई के इस दौर में कम मानदेय पर घर परिवार चलाना संभव नहीं है। इसलिए सरकार को उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए और मानदेय बढ़ाना चाहिए।



# राष्ट्रीय मातृत्व दिवस पर पोषण व स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नीति आयोग के आकांक्षी ब्लॉक बहादराबाद के बाल विकास परियोजना बहादराबाद द्वितीय के अंतर्गत संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत आंगनवाड़ी केंद्र सीतापुर 1 व 2 में राष्ट्रीय मातृत्व दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को मातृत्व दिवस के महत्व के बारे में जागरूक किया गया तथा गर्भवती व धात्री महिलाओं को पोषण संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि जन्म के बाद शिशु को छह माह तक केवल मां का दूध ही देना चाहिए तथा सातवें महीने से ऊपरी आहार शुरू करना जरूरी है, जिससे बच्चे का समुचित विकास हो सके।

कार्यक्रम में किशोरी बालिकाओं को एनीमिया के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें सेनेटरी पैड के उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही सभी किशोरियों को किशोरी किट का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती गीतिका ने की। इस अवसर पर सुपरवाइजर अर्चना, क्षेत्रीय सभासद विनीत चौहान, नीति आयोग से नरेंद्र गुप्ता, वालंटियर नयन घई तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रिया पूनम, यशोदा, सरिता, विनीता, सुमन और सीमा सहित कई लोग उपस्थित रहे। किशोरियों द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और पोषण विषय पर पेंटिंग बनाकर जागरूकता का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में दो धात्री महिलाओं को महालक्ष्मी किट वितरित की गई। साथ ही प्रभारी सीडीपीओ श्रीमती गीतिका ने महिलाओं व किशोरियों को विभागीय योजनाओं और पोषण के महत्व की जानकारी दी, जबकि सुपरवाइजर अर्चना ने टीकाकरण और पोषाहार पर विस्तार से प्रकाश डाला।




### सूचना (खोया-पाया)

मेरा एक बैनामा जिसकी रजिस्ट्री कार्यालय स0र0 हरिद्वार में बही नं0 1, जिल्द 3073 पृष्ठ 41-54 द0नं0 1992 दिनांक 07-04-2017 पर दर्ज है। मेरा उक्त बैनामा सं0 1992 दिनांक 07.04.2017 की असल प्रति दिनांक 08.04.2026 को ग्राम बादशाहपुर से जियापोता के बीच कही पर गिर कर गुम हो गया है। जिसको तलाशने पर नहीं मिला। जिसका प्रयोग अवैध होगा। रविता पत्नी श्री मनोज कुमार, निवासी ग्राम बादशाहपुर शेरपुर भट्टीपुर हरिद्वार, तहसील व जिला हरिद्वार।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# फाउंडेशन ने लगाया जौनसार क्षेत्र में पेशेवर कार्यालयों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर नियमों के उल्लंघन का आरोप

■ एसडीएम कालसी को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**कालसी।** पुकार स्किल डवलपमेंट फाउंडेशन ने जौनसार-बावर क्षेत्र की तीनों (कालसी, चकराता, त्यूनी) तहसीलों के अंतर्गत पेशेवर कार्यालय और होटल, रिसॉर्ट्स, वेडिंग पॉइंट्स, कंप्यूटर केंद्रों/सीएससी सेंटर आदि व्यावसायिक संस्थानों में गंभीर अनियमितताओं को लेकर आरोप लगाएं है। फाउंडेशन ने आरोप लगाया कि पेशेवर, व्यावसायिक संस्थानों द्वारा प्रचलित कानूनों और सुरक्षा मानकों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है, जिससे नए पेशेवरों व व्यापारियों के लिए उचित वातावरण नहीं बन पा रहा है।

पुकार स्किल डवलपमेंट फाउंडेशन ने एसडीएम कालसी को सौंपे ज्ञापन में कहा कि 'उपभोक्ता अधिकारों का हनन'' कई व्यावसायिक संस्थान पक्का बिल (जीएसटी इनवाइस) नहीं दे रहे हैं, कई पेशेवर पक्का बिल नहीं देते जिससे ग्राहक उसे खर्चे में दिखा सके।

यह उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 2(9) के तहत अधिकारों का स्पष्ट उल्लंघन है। 'खाद्य सुरक्षा मानकों की अनदेखी' क्षेत्र में कई भोजनालय, होटल्स आदि बिना वैध लाइसेंस के चल रहे हैं या उनके लाइसेंस का रिन्यूअल नहीं हुआ है। यह एफएसएसएआई अधिनियम 2006 की धारा-31 के अंतर्गत दंडनीय है। 'सुरक्षा मानकों की अनदेखी (सीसीटीवी का अभाव)' सार्वजनिक एवं व्यावसायिक स्थलों पर सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य हैं, परंतु क्षेत्र के कई होटलों और वेडिंग पॉइंट्स में कैमरे नहीं हैं या क्रियाशील नहीं हैं।

यह सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील मामला है। इसके अलावा 'घरेलू गैस का अवैध उपयोग' क्षेत्र में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में कमर्शियल सिलेंडर के स्थान पर घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का उपयोग हो रहा है, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 का उल्लंघन है।

फाउंडेशन एसडीएम कालसी को सौंपे ज्ञापन में यह भी बताया कि वित्तीय अनियमितता (करेंट अकाउंट का न होना)' क्षेत्र में छोटे-बड़े, सफल व्यावसायिक प्रतिष्ठान बिना 'करेंट अकाउंट' के लेनदेन कर रहे हैं और व्यक्तिगत खातों का उपयोग कर रहे हैं। यह बैंकिंग नियमों और टैक्स (जीएसटी) चोरी की श्रेणी में आता है आदि कई मुद्दो पर एसडीएम का ध्यान आकर्षित किया है।

## सीएम ने वरिष्ठ पत्रकार के निधन पर जताया शोक

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वरिष्ठ पत्रकार भास्कर पोखरियाल के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय पोखरियाल का सरल स्वभाव और पत्रकारिता के प्रति समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने भी वरिष्ठ पत्रकार भास्कर पोखरियाल के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की है।

## मथुरा नाव हादसे पर सीएम ने दुख जताया

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मथुरा में यमुना नदी में श्रद्धालुओं से भरी नाव के पलटने से हुए हादसे पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

# कांग्रेस प्रभारी शैलजा का संवाद कार्यक्रम आज



शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** आगामी 11 अप्रैल को देहरादून स्थित गुरु नानक वेडिंग प्वाइंट, सुभाष रोड में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विकासनगर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता पछवादून के जिला अध्यक्ष संजय किशोर ने की।

बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सभी को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। संजय किशोर ने बताया कि उत्तराखंड प्रभारी कुमारी शैलजा एवं प्रदेश नेतृत्व द्वारा पूरे प्रदेश में जिला स्तर पर कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसके तहत यह कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने जानकारी दी कि पछवादून क्षेत्र से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।

कार्यक्रम का आयोजन 11 अप्रैल को दोपहर 3 बजे गुरु नानक वेडिंग प्वाइंट, देहरादून में किया जाएगा, जहां प्रदेश प्रभारी सहित वरिष्ठ नेतृत्व कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश देंगे और संवाद करेंगे। संजय किशोर ने बताया कि इससे पूर्व मसूरी विधानसभा क्षेत्रों में प्रात: कालीन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसके पश्चात देहरादून में मुख्य संवाद कार्यक्रम संपन्न होगा। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष अभिनव ठाकुर, आशीष पुंडीर, विपुल जैन, शम्मी प्रकाश, संजय जैन, विकास शर्मा, बलजीत सिंह, तनवीर आलम, कुसुम कौशल, शशि चौहान, योगिता चौहान, डिंपल, प्रेम प्रकाश अग्रवाल, फुरकान, राजेश पासी, नीरज रोहिल्ला, गौरव शर्मा, अमित रमोला सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आंदोलन के बावजूद भी सरकार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की मांगों की कर रही अनदेखी

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** विकासखंड चकराता की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां अपनी विभिन्न मांगों को लेकर लगातार 10वें दिन भी धरने पर डटी रहीं। चकराता छावनी बाजार के मुख्य बाजार में जारी इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकत्रियों ने भाग लिया और सरकार के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। धरना दे रही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का कहना है कि बार-बार आंदोलन करने के बावजूद भी सरकार उनकी मांगों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। कार्यकत्रियों



की प्रमुख मांगों में प्रति माह 18,000 रुपये मानदेय सुनिश्चित करना शामिल है। इसके अलावा उन्होंने बाल विकास मंत्री की घोषणा के अनुरूप प्रत्येक कार्यकत्री के खाते से 300 रुपये की कटौती बंद करने और दुर्घटना की स्थिति में 3 लाख रुपये के बजाय 10 लाख रुपये का मुआवजा दिए जाने की मांग उठाई है। आंदोलनकारी कार्यकत्रियों ने देहरादून में प्रदर्शन कर रही अपनी सहकर्मियों के साथ पुलिस द्वारा कथित दुर्व्यवहार पर भी गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने इस मामले में दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। धरने में चकराता क्षेत्र की आशिया बानो, रेखा राणा, अंजू, सरिता निशा, नीता, बबीता, कला, बबली, सविता भूमो, रोशनी, सुनीता, रीता, वर्षा आदि मौजूद रहे।

# नगरपालिका विकासनगर ने निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली

■ विधायक ने किया विद्यार्थियों को जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

विकासनगर। नगर पालिका परिषद, विकासनगर के तत्वाधान में नगर क्षेत्र में चल रहे 'स्वच्छता सप्ताह अभियान' के अंतर्गत शुक्रवार को नगर में 'स्वच्छता जागरूकता रैली' का आयोजन किया गया।

रैली को क्षेत्रीय विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली, गीता भवन चौक, आर्य समाज चौक, महाराजा अग्रसेन चौक, शहीद विनोद पुन चौक होते हुए नगर पालिका टाउन हॉल में पूर्ण



हुई। रैली में स्वच्छता को लेकर अनेकों प्रेरक नारों से जागरूकता फैलाने का कार्य विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने किया। रैली में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, टाइम्स वर्ल्ड स्कूल, हिमालयन इंटरनेशनल स्कूल, गुरु नानक मिशन पब्लिक स्कूल, एचएसबीएम गर्ल्स इंटर कॉलेज, सैंगविन पब्लिक स्कूल, एआरवी इंटर कॉलेज और आईटीआई के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। रैली के समापन पर सभागार में क्षेत्रीय विधायक ने स्वच्छता हेतु छात्र-छात्राओं एवं लोगों को जागरूक किया। वॉरियर्स गर्ल्स फाउंडेशन के सदस्यों ने स्वच्छता पर नुक्कड़ नाटिका प्रस्तुत की। दैनिक जीवन में स्वच्छता अपनाने हेतु सभी को शपथ दिलाई गई। परिषद कार्यालय के निकट 'प्लास्टिक बैंक' का उद्घाटन भी विधायक ने किया। आयोजन में अधिशासी अधिकारी बद्री प्रसाद भट्ट, स्वच्छता अभियान के ब्रांड एंबेसडर सुरेश रावत, राज कुमार जैन, सभासद पूनम तोमर, सोनिया वर्मा, पवन कुमार सफाई निरीक्षक, सुभाष कुमार सफाई सुपरवाइजर, सुरेन्द्र तोमर सफाई सुपरवाइजर, मो. हित पाठक कर अधीक्षक, सभासद सुमनलता व पालिका परिषद के समस्त कर्मचारी व सफाई कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

**बेदखली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र श्री राहुल सोनकर मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नहीं है। मैंने अपने पुत्र राहुल सोनकर को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर दिया है। भविष्य में राहुल सोनकर के द्वारा किसी भी कृत्य, लेन-देन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**श्री सुरेश सोनकर पुत्र श्री सोहन लाल, निवासी:-इन्द्रा कॉलोनी, केशवपुरी, डोईवाला, जिला देहरादन, उत्तराखण्ड**

**सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री रणधीर सिंह पुत्र श्री गबर सिंह, निवासी ग्राम एवं डाकघर रौता, जिला चमोली गढ़वाल, उत्तराखंड, खाता खतोनी संख्या 1817 (फसली वर्ष 1417 से 1422), खसरा संख्या 1905 का (पुराना खसरा संख्या 1175) में वर्णित भूमि पर स्थित 414 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाली उस संपूर्ण संपत्ति के पूर्ण स्वामी हैं, जो मौजा अजबपुर कलां, परगना पछवादून, तहसील एवं जिला देहरादून, उत्तराखंड में स्थित है। उन्होंने यह संपत्ति श्री जगदीश प्रसाद भट्ट पुत्र श्री धर्मानंद भट्ट से अपने अधिकार पत्र धारक श्री अरविंद मोहन सकलानी पुत्र श्री किशोरी लाल सकलानी के माध्यम से अधिग्रहित एवं खरीदी थी। किशोरी लाल सकलानी ने 09/07/1991 की बिक्री विलेख के आधार पर, जो देहरादून के उप-पंजीयक कार्यालय में पुस्तक संख्या 01 खंड 05 पृष्ठ 329, एडीएफ संख्या 01 खंड 857 पृष्ठ 595 से 602 में क्रमांक 2408 पर दिनांक 09/07/1991 को विधिवत पंजीकृत है, उक्त मूल बिक्री विलेख के पृष्ठ संख्या 1 और 2 खो दिए थे। इस संबंध में दिनांक 14/04/2017 को नेहरू कॉलोनी पुलिस स्टेशन में पुलिस शिकायत भी दर्ज कराई गई है। उपरोक्त दस्तावेज एचडीएफसी, देहरादून में गिरवी रखा जाना है। यदि किसी को उक्त खोया हुआ दस्तावेज मिले या संपत्ति में किसी भी प्रकार का कोई दावा करने वाला या पूर्व अधिकार या हित रखने वाला व्यक्ति अधोहस्ताक्षरी से संपर्क कर सकता है और इस सार्वजनिक सूचना की तिथि से 15 दिनों के भीतर आपत्ति दर्ज करा सकता है।

**ए. एस .मक्कर (एडवोकेट)**
**मोबाइल नंबर: 88-5999-6999**

## पूर्व राज्यमंत्री तोमर ने किया गांवों का भ्रमण

**नई टिहरी।** पूर्व राज्यमंत्री अतर सिंह तोमर ने विधानसभा प्रतापनगर क्षेत्र के पट्टी ओण के मांजफ, सिलवाल गांव, कुडियालगांव, पणसू, शुक्री,जखवाल गांव आर्दा का भ्रमण कर किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ क्षेध्त्रीय मुद्दों पर चर्चा करते हुए संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। भ्रमण के दौरान पूर्व राज्यमंत्री अमर सिंह तोमर ने मांजफ व जखवाल गांव में पार्टी कार्यकर्ताओंके साथ बैठक की। उन्होंने मिशन 2027 के लिए अभी से सक्रिय रहकर एकजुटता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार चहुमुखी विकास का प्रतीक है और सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# चुनिंदा पुस्तक विक्रेताओं से पुस्तकें खरीदने को मजबूर अभिभावक: कमलेश

■ खंड शिक्षा अधिकारी से इस प्रकार के सिंडिकेट की जांच किए जाने की मांग की

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष कमलेश भट्ट व युवा नेताओं ने विकासनगर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों द्वारा चुनिंदा पुस्तक विक्रेताओं से ही पुस्तकें खरीदने के लिए बाध्य किए जाने पर आक्रोष व्यक्त किया है। उन्होंने इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी विकासनगर को एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी से इस प्रकार के सिंडिकेट की जांच कर उचित कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष कमलेश ने खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कहा कि विकासनगर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों द्वारा छात्रों को चुनिंदा पुस्तक विक्रेताओं से ही पुस्तकें खरीदने के लिए बाध्य किए जाने पर अपनी नाराजगी व्यक्त की है। कहा कि इस व्यवस्था के कारण क्षेत्र में विद्यालयों एवं कुछ विशेष पुस्तक विक्रेताओं के बीच एक प्रकार का सिंडिकेट संचालित हो रहा है। इस स्थिति के कारण अभिभावकों एवं विद्यार्थियों विशेषर आरटीई के माध्यम से प्रवेश लेने वाले छात्रों पर आर्थिक बोझा बढ़ रहा है। कहा कि पुस्तक विक्रेता मनमाने मूल्य वसूल रहे हैं तथा अन्य दुकानों पर पुस्तकें उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। जिसके चलते अभिभावक पुस्तक विक्रेताओं से महंगी दरों पर पुस्तके खरीदने को मजबूर हैं। कहा कि इस समस्या के पीछे विद्यालयों एवं पुस्तक विक्रेताओं के बीच आपसी व्यावसयिक लेन देन होने की आशंका प्रतीत होती है।

कमलेश भट्ट ने खंड शिक्षा अधिकारी से इस प्रकार के सिंडिकेट की जांच कर उचित कार्यवाही किए जाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रितम चौहान, नैन सिंह राणा, राकेश, बलबीर चौहान, कपिल नेगी, रजित, ब्रजेश, अजय जोशी, रोहन शर्मा आदि शामिल रहे।

# ऋषिकेश में गंगा घाट पर लगी एलईडी स्क्रीन अब पर्यटकों की सुरक्षा व सुविधा होगी स्मार्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**ऋषिकेश।** देश के प्रमुख निजी बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक, ने ऋषिकेश के प्रसिद्ध परमार्थ निकेतन आश्रम के बाहर दो एलईडी स्क्रीन लगाई हैं। इसका मकसद इस खास आध्यात्मिक जगह पर आने वाले पर्यटकों को आसानी से जानकारी देना, उनकी सुविधा बढ़ाना और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

एलईडी स्क्रीन का उद्घाटन परमार्थ निकेतन आश्रम के अध्यक्ष और आध्यात्मिक प्रमुख पूज्य स्वामी चिदानंद सरस्वती जी महाराज ने किया। इस मौके परएक्सिस बैंक के ईवीपी और क्षेत्रीय शाखा बैंकिंग प्रमुख - उत्तर-3. श्रीकेश पी और बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। इन स्क्रीन पर पर्यटकों को रास्ता दिखाने में मदद, जरूरी हेल्पलाइन नंबर और पास के महत्वपूर्ण स्थानों जैसे अस्पताल, मंदिर और आपातकालीन सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा, स्क्रीन पर धोखाधड़ी से बचने के संदेश, गंगा आरती का लाइव प्रसारण और आश्रम द्वारा नियमित रूप से की जाने वाली सफाई और पौधारोपण जैसी गतिविधियों की जानकारी भी दिखाई जाएगी।

साथ ही, एक्सिस बैंक ने आश्रम में स्वयं-सेवा कियोस्क भी लगाए हैं, जिससे पर्यटक आसानी से ई-दान कर सकते हैं और सुरक्षित डिजिटल अनुभव का लाभ ले सकते हैं।इसके अतिरिक्त, एक्सिस बैंक ने आश्रम परिसर में स्व.सेवा कियोस्क भी स्थापित किए हैं, जिनके माध्यम से आगंतुक सुरक्षित, सुविधाजनक और पूर्णत: डिजिटल माध्यम से ई. डोनेशन कर सकते हैं।

**सूचना**

मेरे अपने दो दस्तावेज जिसमें एक विक्रय पत्र विक्रेता राजेन्द्र सिंह पुत्र स्व. श्री नारायण सिंह व क्रेता श्री भीम बहादुर गुरूंग पुत्र श्री पूर्णा बहादुर गुरूंग है जो कि भूमि खसरा सं. 797 मौजा ईस्ट होप टाउन विकासनगर जिला देहरादून जोकि उपनिबंधक कार्यालय विकासनगर प्रथम जिला देहरादून में बही सं० 01, जिल्द 1828 के पृष्ठ सं० 75 से 92 पर कमांक 5956 दिनांक 02.11.2011 को विधिवत दर्ज व अंकित है तथा एक शुद्धि पत्र / ततिमा जिसमें उपरोक्त दोनो विक्रेता व क्रेता प्रथमपक्ष व द्वितीयपक्ष है जोकि भूमि खसरा सं0 796/1. मौजा ईस्ट होप टाउन विकासनगर जिला देहरादून जोकि उपनिबंधक कार्यालय विकासनगर प्रथम जिला देहरादून में बही सं० 01, जिल्द 1854 के पृष्ठ सं0 387 से 396 पर क्रमांक 6530 दिनांक 30.11.2011 को विधिवत दर्ज व अंकित है। कहीं खो गया है काफी तलाशने के बाद भी नहीं मिला है। **रोहित कुमार पुत्र स्व0 राम लाल निवासी-एफ0आर0आई0 जिला देहरादून। मो०नं० 9627178062.**

**यूजेवीएन लिमिटेड**

मुख्यालय : "उज्जवल" महारानी बाग, जी.एम.एस. रोड, देहरादून-248006
दूरभाष : 0135-2763808, फैक्स : 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0 U40101UR2001SGC025866, वेबसाइट : www.ujvnl.com

RO No. 296 — **अल्पकालीन निविदा सूचना** — Dated : 10/04/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनु0एवंउत्पा0), ढकरानी विद्युत गृह, इच्छुक निविदादाताओं से निविदा आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है :

1. निविदा सं0. : 01 / अ0अ0(अनु0 एवं उत्पा0) / ढ0वि0गृ0 / 2026-27 : ईकाई सी के इन्टेक गेट के रिफरबिशमेन्ट का कार्य।

अनुमानित लागत : रू 24.21 लाख + जीएसटी
वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि : 10.04.2026 को 17:00 बजे से
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 24.04.2026 को 13:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट "www.ujvnl.com" से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**अधिशासी अभियन्ता (अनु0 एवं उत्पा0)**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

## नई टिहरी में 20 मई से शुरू होगी रामलीला

**नई टिहरी।** हर वर्ष की भांति इस बार भी नई टिहरी शहर में रामलीला का आयोजन किया जाएगा। इस बार 20 मई से रामलीला का आयोजन होगा। रामलीलास समिति ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। गुरूवार को आयोजित बैठक में रामलीला की तैयारियों पर चर्चा की गई। नवयुवक अभिनय श्री रामकृष्ण लीला समिति की ओर से गुरूवार को नई टिहरी के एक वैडिंग प्वाइंट में आयोजित बैठक में समिति के पदाधिकारियों ने रामलीला आयोजन को लेकर चर्चा की। निर्णय लिया गया इस इस बार 20 से 30 मई तक पुरानी टिहरी की ऐतिहासिक रामलीला का नई टिहरी शहर में मंचन किया जाएगा। रामलीला रात्रि 9 बजे से शुरू होगी। इससे पूर्व 19 अप्रैल को बौराडी स्टेडियम में हनुमान ध्वज की स्थापना कर इसकी शुरूआत की जाएगी। समिति के अध्यक्ष देवेंद्र नौडियाल ने बताया कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामलीला का भव्य मंचन आयोजित किया जाएगा। रामलीला में हाईटेक तकनीकी का प्रयोग किया जाएगा। इसके लिए नगरवासियों से सहयोग की अपील की गई। उन्होंने बताया कि जल्द ही पात्रों का चयन व रिहर्सल शुरू की जाएगी। रामलीला में नगर के आस-पास के लोगों को रामलीला स्थल तक लाने व ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था की जाएगी। बैठक में समिति के सचिव अमित पंत, रामलीला के निर्देशक अनुराग पंत, उपाध्यक्ष भगवान चंद रमोला, राकेश लवली, शंकर चंद, विवेक आदि मौजूद रहे।

# बार एसोसिएशन के जयवीर सिंह रावत बने अध्यक्ष

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** जिला बार एसोसिएशन के चुनाव अध्यक्ष पद पर हुई सीघी टक्कर में जयवीर सिंह रावत 6 मतों से विजयी रहे। जबकि सचिव सहित अन्य पदों पर प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए।

शुक्रवार को चुनाव अधिकारी आनंद प्रकाश सेमल्टी व सहायक चुनाव अधिकारी अरविंद खरोला की देखरेख में सुबह 11 बजे से निर्वाचन प्रक्रिया शुरू हुई। अध्यक्ष पद पर अनिल शर्मा व जयवीर रावत के बीच हुई सीधी टक्कर में जयवीर रावत ने अनिल शर्मा को 6 मतों से पराजित किया।

जयवीर रावत को 63 व अनिल



■ शेष सभी पदों पर निर्विरोध चुने गए पदाधिकारी

शर्मा को 57 मत मिले। जबकि दो मत रद्द हुए। इसके अलावा सचिव पद पर चंद्रभान सहि राणा । उपाध्यक्ष पर दिनेश उनियाल, सह सचिव पर कविता भट्ट, कोषाध्यक्ष पद पर पवना और आडिटर पद पर प्रेम सिंह बनगांई के खिलाफ कोई नामांकन नहीं होने पर यह सभी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। जबकि पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर कोई भी नामांकन नहीं होने से यह पद रिक्त पडा है। निर्वाचित पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को बार कौंसिल आफ उत्तराखंड के सदस्य डीके शर्मा एवं राकेश गुप्ता ने प्रमाण पत्र दिए। चुनाव अधिकारी आनंद प्रकाश सेमल्टी ने कहा कि चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए हैं। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता शांति प्रसाद भट्ट, आनंद बेलवाल, जयप्रकाश पांडेय, राजपाल मियां, मतेंद्र बहुगुणा, दिनेश सेमवाल, स्वराज पंवार, अनिल शर्मा, सावन सिंह कैंतुरा, सोहन सिंह रावत, देवेंद्र दुमोगा आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद गौचर (चमोली)**

पत्रांक: 46/ठेकेदारी पंजीकरण-नवीनीकरण / — दिनांक 10.04.2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गौचर सिविल निर्माण कार्य करवाने हेतु वित्तीय वर्ष-2026-27 हेतु ठेकेदारी पंजीकरण/नवीनीकरण करना चाहती है इच्छुक व्यक्ति/पूर्व में निकाय के पंजीकृत ठेकेदार दिनांक 15.06.2026 तक अपना ठेकेदारी पंजीकरण/नवीनीकरण करना सुनिश्चित कर सकते है। अत: उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर किसी भी प्रकार से विचार नही किया जायेगा ठेकेदारी पंजीकरण/नवीनीकरण हेतु समस्त दस्तावेजों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गौचर चमोली** — **अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, गौचर चमोली**

# जरूरतमंदों को पहुंचाएंगे योजना का लाभ: खेम सिंह

■ उत्तराखंड पिछड़ा वर्ग कल्याण परिषद के उपाध्यक्ष का हुआ स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** उत्तराखंड राज्य पिछडा वर्ग कल्याण परिषद के उपाध्यक्ष खेम सिंह चौहान के नई टिहरी पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर खेम सिंह चौहान ने अपनी प्राथमिकता गिनाते हुए सभी को साथ लेकर कार्यों को प्राथमिकता से आगे बढाने की बात कही। उत्तराखंड राज्य पिछडा वर्ग कल्याण परिषद के उपाध्यक्ष बनने के बाद अपने गृह जनपद नई टिहरी पहुंचे खेम सिंह चौहान का पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने दायित्व मिलने पर प्रदेश सरकार व संगठन का धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्हें जो दायित्व दिया गया है उसका वे बखूबी निर्वहन करेंगे तथा जरूरतमंद लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाना उनकी प्राथमिकता है। इसको लेकर संबंधित विभागों को खास निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पिछडा वर्ग व जरूरतमंदों की जो भी समस्याएं होंगी उनका प्राथमिता से निराकरण का प्रयास किया जाएगा। प्रदेश सरकार गरीब, पिछडा वर्ग व जरूरत मंदों के उत्थान के लिए विशेष प्रयास कर रही है। सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए वे स्वयं व कार्यकर्ता मिलकर ठोस प्रयास करेंगे। स्वागत कार्यक्रम में जिले के विभिन्न जगहों से बडी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे थे। इस मौके पर टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय, पूर्व कैबिनेट मंत्री दिनेश धनाई, भाजपा के जिलाध्यक्ष उदय रावत, नगरपालिका अध्यक्ष चंबा सुमना रमोला, चंबा प्रमुख नीलम सजवाण, जाखणीधार की पूर्व प्रमुख सुनीता देवी, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद रतूडी, जगदंबा रतूडी, रामलाल नौटियाल, शीशराम थपलियाल, सभासद विजय कठैत, भाजयुमो के जिलाध्यक्ष मनीष राणा, राजेंद्र डोभाल आदि मौजूद रहे।

## अंतारा देहरादून के वरिष्ठ दंपति 16 हजार किमी की ड्राइव पर लंदन के लिए रवाना

■ यात्रा को सशक्त और सक्रिय वृद्धावस्था के भाव का प्रतीक बताया

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून : राजधानी के पुरुकुल क्षेत्र में स्थित अंतारा सीनियर लिविंग कम्युनिटी ने आज अपने दो निवासियों राजेंद्र कुमार सिंगल (62) और संगीता सिंगल (61) को भारत से यूनाइटेड किंगडम तक की 16,000 किमी लंबी ओवरलैंड यात्रा के लिए रवाना किया।

यह यात्रा अंतारा में विकसित किए जा रहे सशक्त और सक्रिय वृद्धावस्था के भाव का प्रतीक है। सिंगल दंपति अब गोरखपुर के लिए ड्राइव करेंगे जो 'रोड टू लंदन' अभियान का भारत में आधिकारिक प्रारंभ बिंदु है, जिसे एडवेंचर्स ओवरलैंड द्वारा आयोजित किया गया है और इसके बाद 65 दिनों की अपनी यात्रा में 20 देशों के 40 शहरों से गुजरेंगे, जिनमें चीन, कजाकिस्तान, उजबेकिस्तान, तुर्की और यूरोप के कुछ हिस्से शामिल हैं। हालांकि आधिकारिक काफिला, जिसमें आठ अन्य भाग लेने वाली कारें शामिल हैं, 13 अप्रैल को रवाना होगा, लेकिन दंपति को आज सुबह उनके अपने आवासीय समुदाय अंतारा देहरादून में औपचारिक झंडी दिखाकर विदाई दी गई। जहां उनके मित्रों, सह-निवासियों और अंतारा टीम ने उत्साहपूर्वक उन्हें विदा किया।

**कार्यालय उप जिलाधिकारी डुण्डा उत्तरकाशी**

संख्या : 481/पी०ए०-विज्ञप्ति पत्रा0/2026 — दिनांक 10 .04.2026

**निविदा विज्ञप्ति**


जिलाधिकारी महोदय उत्तरकाशी के आदेश संख्या-8608/बत्तीस-01 (2025-26) दिनांक 17 मार्च, 2026 के क्रम में तहसील चिन्यालीसौड़ अन्तर्गत **स्थल-ग्राम ग्राम तुल्याड़ा, ग्राम हडियाड़ी एवं ग्राम तुल्याडा, ग्राम हडियाड़ी में भागीरथी नदी तल में जमा** अतिरिक्त उप खनिज बोल्डर्स, बजरी एवं आर०बी०एम० को हटाये जाने के लिये उत्तराखण्ड रिवर ड्रेजिंग नीति 2021 यथा संशोधित 2024 में वर्णित प्राविधानों के अन्तर्गत निस्तारण किये जाने हेतु खुली नीलामी की प्रक्रिया के माध्यम से जनपद उत्तरकाशी के इच्छुक व्यक्तियों एवं संस्थाओं से **दिनांक 11.04.2026 समय प्रात: 10:00 बजे से दिनांक 17.04.2026 तक समय सांय 05:00 बजे तक** आवेदन आमंत्रित किये जायेगे। उपरोक्त तिथियों में किसी भी कार्य दिवस को तहसील कार्यालय डुण्डा, उत्तरकाशी से आवेदन पत्र प्राप्त किये जा सकते है। प्राप्त आवेदनों की जाँच के पश्चात स्वीकृत आवेदकों को खुली नीलामी में प्रतिभाग किये जाने हेतु अनुमति प्रदान की जायेगी। चिन्हित स्थल हेतु गठित समिति की खुली नीलामी की प्रक्रिया **दिनांक 18.04.2026 को समय 11:00 बजे प्रात: से अधोहस्ताक्षरी कार्यालय डुण्डा में प्रारम्भ की जायेगी** आवेदनकर्ता बोली में प्रतिभाग करने हेतु नियत समय से एक घण्टा पूर्व स्वयं उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें। लॉट तथा विज्ञप्ति की शर्तों के सम्बन्ध में जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय उप जिलाधिकारी डुण्डा, उत्तरकाशी एवं खनन विभाग उत्तरकाशी के जनपदीय कार्यालय से सूचना प्राप्त कर सकते है।

**उप जिलाधिकारी, डुण्डा**

# नगर निगम ने आयोजित की स्वच्छता एवं जन-जागरूकता गतिविधियां

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** नगर निगम देहरादून द्वारा शहरी विकास निदेशालय, उत्तराखण्ड के निर्देशानुसार संचा. लित "स्वच्छता सप्ताह" अभियान के चतुर्थ दिवस पर शहर के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में व्यापक स्वच्छता एवं जन-जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गई।



■ नगर निगम लगातार चला रहा स्वच्छता अभियान

आज के अभियान के अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्रोत पर कूड़ा पृथक्करण, स्वच्छ आदतों के पालन एवं प्लास्टिक मुक्त परिसर के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कन्या गुरुकुल (वार्ड 09), एस.डी. पब्लिक स्कूल (वार्ड 07), राजकीय प्राथमिक विद्यालय (वार्ड 40, 60, 77, 90), एस.जी.आर.आर. (वार्ड 85), आईटीआई कॉलेज (वार्ड 76), राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (वार्ड 37, 54, 70), एम. के.पी. इंटर कॉलेज (वार्ड 21), प्राथमिक विद्यालय बलवीर रोड (वार्ड 29), समर वैली स्कूल (वार्ड 30), दून ब्लॉसम स्कूल (वार्ड 28), स्टारलैंड स्कूल (वार्ड 57) सहित अन्य विद्यालयों में स्वच्छता गतिविधियाँ सफलता पूर्वक संपन्न की गई। इस दौरान नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विद्यार्थियों के साथ मिलकर साफ-सफाई अभियान चलाया गया तथा उन्हें "स्वच्छता से स्वच्छता ख्र महा अभियान" के तहत स्वच्छता अपनाने हेतु प्रेरित किया गया।

अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों में प्रारंभिक स्तर से ही स्वच्छता के प्रति जागरूकता विकसित करना, उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने हेतु प्रेरित करना एवं विद्यालयों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण प्रदान करना है। नगर निगम देहरादून समस्त नागरिकों से अपील करता है कि वे स्वच्छता सप्ताह के इस अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें एवं शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाने में सहयोग करें।

## सिरोबगड़ लैंडस्लाइड जोन का डीएम ने किया निरीक्षण,

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा को लेकर प्रशासन ने धरातल पर कार्य करना शुरू कर दिया है। यात्रा को सुरक्षित, सुगम, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन रुद्रप्रयाग पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। तैयारियों को अंतिम रूप देने के क्रम में जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने यात्रा मार्ग पर स्थित अति संवेदनशील सिरोबगड़ लैंडस्लाइड जोन का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने इस संवे. दनशील क्षेत्र में सड़क मार्ग को सुचारू बनाए रखने के लिए किए जा रहे सुरक्षात्मक एवं मरम्मत कार्यों का गहन जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि मार्ग पर किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो और श्रद्धालुओं को आवागमन में असुविधा का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने यात्रा व्यवस्थाओं के तहत स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विभिन्न स्थानों पर बने सार्वजनिक शौचालयों का औचक निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने सफाई, पेयजल एवं विद्युत व्यवस्थाओं की स्थिति का आंकलन किया। नरकोटा स्थित शौचालय में सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई, जबकि विद्युत सुविधा के अभाव पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा जिलाधिकारी ने रुद्रप्रयाग के मुख्य बाजार स्थित मकड़ी बाजार के सार्वजनिक शौचालय का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश देते हुए स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ करने पर जोर दिया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि केदारनाथ यात्रा 2026 के सफल संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण की जा रही हैं। यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन हर स्तर पर मुस्तैदी के साथ कार्य कर रहा है।

## राज्यपाल की स्व-गणना से हुई जनगणना की शुरुआत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड में जनगणना-2027 की प्रक्रिया का शुभारंभ शुक्रवार को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) द्वारा लोक भवन में स्व-गणना के माध्यम से किया गया। इसके साथ ही प्रदेश में जनगणना के प्रथम चरण की गतिविधियाँ प्रारंभ हो गई हैं। यह जनगणना भारत की पहली पूर्णत: डिजिटल जनगणना है, जिसमें डेटा संग्रहण डिजिटल उपकरणों के माध्यम से किया जा रहा है। साथ ही, नागरिकों को स्व-गणना की सुविधा प्रदान की गई है, जो एक सुरक्षित एवं वेब-आधारित प्रणाली है।राज्यपाल ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें और स्व-गणना के माध्यम से सटीक एवं पूर्ण जानकारी प्रदान करें। उन्होंने कहा कि यह वेब पोर्टल आसान और यूजर फ्रेंडली बनाया गया है, जिसमें आम आदमी भी बिना परेशानी के सभी सूचनाएं भर सकता है।राज्यपाल ने युवाओं एवं सामाजिक संस्थाओं से भी आग्रह किया कि वे इस प्रक्रिया में सहयोग करें और अन्य लोगों को डिजिटल माध्यमों के उपयोग में सहायता प्रदान करें, ताकि कोई भी व्यक्ति इस प्रक्रिया से वंचित न रहे।जनगणना कार्य निदेशालय, गृह मंत्रालय, भारत सरकार की निदेशक इवा आशीष श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि उत्तराखण्ड में प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 25 अप्रैल से 24 मई, 2026 तक, 30 दिनों की अवधि में पूरे राज्य में संचालित किया जाएगा। घर-घर सर्वेक्षण से पूर्व प्रदेशवासियों को 10 अप्रैल से 24 अप्रैल, 2026 तक स्व-गणना की सुविधा प्रदान की गई है। इस अवधि में नागरिक`म. बमदेने.हवअ.पद पोर्टल पर अपने मोबाइल नंबर एवं आवश्यक विवरण के माध्यम से लॉग इन कर स्वयं एवं अपने परिवार की जानकारी डिजिटल रूप से दर्ज कर सकते हैं।



## शैलजा व कन्हैया देंगे 'जय भीम, जय हिन्द' का संदेश

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** संविधान निर्माता बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर 12 अप्रैल को देहरादून में 'जय भीम, जय हिन्द' कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस की और से किया जा रहा है।

जानकारी देते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय संचार सचिव वैभव वालिया ने बताया कि इस कार्यक्रम में एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार व उत्तराखंड कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा मुख्य रूप से शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम 'जय भीम, जय हिन्द' के संदेश के साथ सामाजिक न्याय, समानता और संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष प्रीतम सिंह, चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरक सिंह रावत की उपस्थिति में युवा, सामाजिक कार्यकर्ता व कांग्रेस कार्यकर्ता भाग लेंगे। वैभव वालिया ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, समर्पण और समान अधिकारों की प्रेरणा का प्रतीक है।

# डीएम व विधायक पहुंचे दूरस्थ गेंवाली गांव, ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल एवं घनसाली विधायक शक्तिलाल शाह ने जिले के सीमांत गांव गेंवाली गेंवाली का अधिकारियों के साथ भ्रमण किया। डीएम व विधायक के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल-नगाडों के साथ उनका स्वागत किया।

■ अधिकारियों को दिए समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश

इस अवसर पर विधायक शक्तिलाल शाह व डीएम नितिका खंडेलवाल ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी व मौके पर मौजूद अधिकारियों को शीघ्र समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गेंवाली पुल निर्माण कार्य व आपदा से संबंधित वर्ष 2022 से कराए गए कार्यों का गंभीरता से संज्ञान लिया। उन्होंने इस कार्यों से संबंधित अनियमितताओं के जांच के निर्देश देते हुए एसडीएम लोनिवि व सिंचाई विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर जांच रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी एवं वधायक को सात सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। जिलाधकिारी ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए गांव के प्रभावित परिवारों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सडक मार्ग पर मलबा एवं पत्थरों को हटाने के निर्देश संबंधित पुल निर्माण कंपनी को दिए ताकि ग्रामीणों का आवागमन सुगम हो सके; उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों में किसी भी प्रकारकी समस्या आने पर तत्काल उच्च अधिकारियों को अवगत कराएं। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारीने गंवाली गांव में पिछले वर्ष हुई वर्षा के कारण बने डेंजर जोन एवं बरसाती नालों से प्रभावति खतरों को देखते हुए भूगर्भीय जांच कराने के निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र में संचार कनेक्टिविटीन होने से ग्रामीण क्षेत्र से संर्प नहीं हो हो पाने की समस्या रखी जिस पर विधायक शक्तिलाल शाह ने बताया कि संचार व्यवस्था को सुचारू करने के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है और सीघ्र क्षेत्र में संचार की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि पिछली आपदा के दौरान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था जिसमें 46 बच्चे अध्ययनरत हैं जिनकी शिक्षा प्रभावित हो रही है। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि सभी समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख राजीव कंडारी, नगर पंचायत चमियाला के अध्यक्ष गो. विंद सिंह राणा, प्रधान बिजेश्वरी देवी, पूर्व प्रधान बचन सिंह रावत, ज्वालामुखी मंदिर समिति के अध्यक्ष बचल सिंह रावत, तहसीलदार हरीश जोशी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### आपदा प्रभावित दुकानदारों को सहायता राशि के चेक किए वितरित

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को देहरादून स्थित सहस्त्रधारा में मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मजाडा, कार्लीगाड़, फुलेत, सरोना, बगड़ाधोरण, घघोड़ा, गल्जवाड़ी आदि के 49 आपदा प्रभावित दुकानदारों को 19.60 लाख की राशि के मुख्यमंत्री विवे. काधीन कोष से स्वीकृत सहायता राशि वितरित की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री जोशी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताते हुए कहा कि राज्य सरकार आपदा प्रभावित परिवारों के साथ हर समय खड़ी है और उनकी हर संभव मदद के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री ने सहस्त्रधारा में आपदा के कारण क्षतिग्रस्त हुई दुकानों के स्थान पर नव निर्मित दुक. ानों का उद्घाटन भी किया।

### अदालती सूचना

**न्यायालय कलेक्टर, देहरादून**
**वाद संख्या 05 वर्ष 2023–24**
**मैसर्स डी० एम० आर० डैवलपर्स इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड प्रतिनिधि अक्षय जैन**
बनाम
**परमिन्दर कौर आदि**
**मौजा– हथडीगांव, धारा– 201 भू– राजस्व अधिनियम**
**परगना– केन्द्रीय दून, तहसील व जिला देहरादून**

मैसर्स डी० एम० आर० डैवलपर्स इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड प्रतिनिधि अक्षय जैन पुत्र श्री राजीव जैन निवासी– 147, रोचीपुरा, निरंजनपुर, माजरा, देहरादून।

..........प्रार्थी

बनाम

1. **श्रीमती परमिन्दर कौर पुत्री श्री माल सिंह निवासी– 19/35 ई.सी. रोड मंदिर वाली गली, जिला देहरादून। हाल निवासी– 15/8 लेन नं. डी. तिरूपति वैली, केवल विहार, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून।**
2. **श्री राजीव गुप्ता पुत्र श्री वी.के. गुप्ता निवासी–6/7 बाबूगंज, देहरादून।**

**...विपक्षीगण**

चूंकि उपरोक्त वाद में प्रार्थी ने न्यायालय कलेक्टर देहरादून में पुर्नजीवित प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 201 भू–राजस्व अधिनियम मौजा हथडीगांव, परगना केन्द्रीय दून, तहसील व जिला देहरादून हेतु वाद दायर किया गया है। प्रार्थना पत्र धारा 5 मियाद अधिनियम के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई हेतु दिनांक 05.05.2026 की तिथि नियत की गई है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त वाद के सम्बन्ध में किसी को भी कोई आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक में 05.05.2026 को प्रातः 10:30 बजे उपरोक्त न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा उपरोक्त वाद एकपक्षीय रूप से निस्तारित कर दिया जाएगा।

**आज्ञा से**
**कलेक्टर, देहरादून।**

### अदालती सूचना

**न्यायालय कलेक्टर, देहरादून**
**वाद संख्या 03 वर्ष 2023–24**
**मैसर्स डी० एम० आर० डैवलपर्स इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड प्रतिनिधि अक्षय जैन**
बनाम
**बबीता जैन आदि**
**मौजा– हथडीगांव, धारा– 201 भू– राजस्व अधिनियम**
**परगना– केन्द्रीय दून, तहसील व जिला देहरादून**

**मैसर्स डी० एम० आर० डैवलपर्स इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड प्रतिनिधि अक्षय जैन पुत्र श्री राजीव जैन निवासी– 147, रोचीपुरा, निरंजनपुर, माजरा, देहरादून।**

..........प्रार्थी

बनाम

1. **बबीता जैन पत्नी श्री विनीत जैन श्री निवासी एम–8,एम.डी.डी.ए. कॉलोनी, केदारपुरम, देहरादून। हाल निवासी– मकान नं. 101, 151/23 आनन्द इंडलजैन्स अपार्टमेन्ट, राजपुर रोड, देहरादून।**
2. **श्रीमती परमिन्दर कौर पुत्री श्री माल सिंह निवासी 19/35, ई० सी० रोड, मंदिर वाली गली. जिला देहरादून। हाल निवासी 15/8, लेन नं० डी तिरूपति वैली, केवल विहार, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून।**

...विपक्षीगण

चूंकि उपरोक्त वाद में प्रार्थी ने न्यायालय कलेक्टर देहरादून में पुर्नजीवित प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 201 भू–राजस्व अधिनियम मौजा हथडीगांव, परगना केन्द्रीय दून, तहसील व जिला देहरादून हेतु वाद दायर किया गया है। प्रार्थना पत्र धारा 5 मियाद अधिनियम के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई हेतु दिनांक 05.05.2026 की तिथि नियत की गई है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त वाद के सम्बन्ध में किसी को भी कोई आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक में 05.05.2026 को प्रातः 10:30 बजे उपरोक्त न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा उपरोक्त वाद एकपक्षीय रूप से निस्तारित कर दिया जाएगा।

**आज्ञा से**

### अदालती सूचना

**न्यायालय कलेक्टर, देहरादून**
**वाद संख्या 04 वर्ष 2023–24**
**मैसर्स डी० एम० आर० डैवलपर्स इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड प्रतिनिधि अक्षय जैन**
बनाम
**राजीव गुप्ता**
**मौजा– हथडीगांव, धारा– 201 भू– राजस्व अधिनियम**
**परगना– केन्द्रीय दून, तहसील व जिला देहरादून**

मैसर्स डी० एम० आर० डैवलपर्स इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड प्रतिनिधि अक्षय जैन पुत्र श्री राजीव जैन निवासी– 147, रोचीपुरा, निरंजनपुर, माजरा, देहरादून।

**..........प्रार्थी**

बनाम

**श्री राजीव गुप्ता पुत्र श्री वी.के. गुप्ता निवासी–6/7 बाबूगंज, देहरादून।**

...विपक्षी

चूंकि उपरोक्त वाद में प्रार्थी ने न्यायालय कलेक्टर देहरादून में पुर्नजीवित प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 201 भू–राजस्व अधिनियम मौजा हथडीगांव, परगना केन्द्रीय दून, तहसील व जिला देहरादून हेतु वाद दायर किया गया है। प्रार्थना पत्र धारा 5 मियाद अधिनियम के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई हेतु दिनांक 05.05.2026 की तिथि नियत की गई है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त वाद के सम्बन्ध में किसी को भी कोई आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक में 05.05.2026 को प्रातः 10:30 बजे उपरोक्त न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा उपरोक्त वाद एकपक्षीय रूप से निस्तारित कर दिया जाएगा।

**आज्ञा से**
**कलेक्टर, देहरादून।**

### अदालती सूचना

**न्यायालय कलेक्टर, देहरादून**
**वाद संख्या 02 वर्ष 2023–24**
**मैसर्स डी० एम० आर० डैवलपर्स इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड प्रतिनिधि अक्षय जैन**
बनाम
**पिच्वेश्वर गड्डे आदि**
**मौजा– हथडीगांव, धारा– 201 भू– राजस्व अधिनियम**
**परगना– केन्द्रीय दून, तहसील व जिला देहरादून**

मैसर्स डी० एम० आर० डैवलपर्स इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड प्रतिनिधि अक्षय जैन पुत्र श्री राजीव जैन निवासी– 147, रोचीपुरा, निरंजनपुर, माजरा, देहरादून।

..........प्रार्थी

बनाम

1. **श्री पिच्वेश्वर गड्डे पुत्र स्व. श्री वी.के. सिन्हा गड्डे निवासी–डी–139 फ्रीडम फाईटर एन्क्लेव, नवीसराय, नई दिल्ली।**
2. **श्रीमती परमिन्दर कौर पुत्री श्री माल सिंह निवासी 19/35, ई० सी० रोड, मंदिर वाली गली. जिला देहरादून। हाल निवासी 15/8, लेन नं० डी तिरूपति वैली, केवल विहार, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून।**

...विपक्षीगण

चूंकि उपरोक्त वाद में प्रार्थी ने न्यायालय कलेक्टर देहरादून में पुर्नजीवित प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 201 भू–राजस्व अधिनियम मौजा हथडीगांव, परगना केन्द्रीय दून, तहसील व जिला देहरादून हेतु वाद दायर किया गया है। प्रार्थना पत्र धारा 5 मियाद अधिनियम के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई हेतु दिनांक 05.05.2026 की तिथि नियत की गई है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त वाद के सम्बन्ध में किसी को भी कोई आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक में 05.05.2026 को प्रातः 10:30 बजे उपरोक्त न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा उपरोक्त वाद एकपक्षीय रूप से निस्तारित कर दिया जाएगा।

**आज्ञा से**
**कलेक्टर, देहरादून।**

### अदालती सूचना

**न्यायालय कलेक्टर, देहरादून**
**वाद संख्या 01 वर्ष 2023–24**
**मैसर्स डी० एम० आर० डैवलपर्स इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड प्रतिनिधि अक्षय जैन**
बनाम
**अदित्य गुप्ता आदि**
**मौजा– हथडीगांव, धारा– 201 भू– राजस्व अधिनियम**
**परगना– केन्द्रीय दून, तहसील व जिला देहरादून**

मैसर्स डी० एम० आर० डैवलपर्स इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड प्रतिनिधि अक्षय जैन पुत्र श्री राजीव जैन निवासी– 147, रोचीपुरा, निरंजनपुर, माजरा, देहरादून।

..........प्रार्थी

बनाम

1. **श्री अदित्य गुप्ता पुत्र श्री एम० पी० गुप्ता निवासी–148/4, एम० डी० सी० पंचकुला, हरियाणा।**
2. **श्रीमती परमिन्दर कौर पुत्री श्री माल सिंह निवासी 19/35, ई० सी० रोड, मंदिर वाली गली. जिला देहरादून। हाल निवासी 15/8, लेन नं० डी तिरूपति वैली, केवल विहार, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून।**

...विपक्षीगण

चूंकि उपरोक्त वाद में प्रार्थी ने न्यायालय कलेक्टर देहरादून में पुर्नजीवित प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 201 भू–राजस्व अधिनियम मौजा हथडीगांव, परगना केन्द्रीय दून, तहसील व जिला देहरादून हेतु वाद दायर किया गया है। प्रार्थना पत्र धारा 5 मियाद अधिनियम के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई हेतु दिनांक 05.05.2026 की तिथि नियत की गई है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त वाद के सम्बन्ध में किसी को भी कोई आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक में 05.05.2026 को प्रातः 10:30 बजे उपरोक्त न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा उपरोक्त वाद एकपक्षीय रूप से निस्तारित कर दिया जाएगा।

**आज्ञा से**
**कलेक्टर, देहरादून।**

### AXIS BANK LTD.

**गिरवी रखी गई सोने के आभूषणों की ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

उधारकर्ताओं को, विशेष रूप से और आम जनता को, यह सूचित किया जाता है कि नीचे दिए गए खातों में गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी एक्सिस बैंक द्वारा नीचे उल्लिखित शाखा में आयोजित की जाएगी।

नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं ने बैंक के पक्ष में सोने के आभूषण गिरवी रखकर ("स्वर्ण ऋण सुविधा") **एक्सिस बैंक** लिमिटेड से ऋण सुविधा का लाभ उठाया है। ऋण लेने वालों/गारंटरों को मांग नोटिस जारी किए गए थे, जिसमें उनसे लिए गए स्वर्ण ऋण की बकाया राशि का भुगतान करने का अनुरोध किया गया था। चूंकि ऋण लेने वाले/गारंटर बकाया ऋण राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए बैंक को गिरवी का उपयोग करने के लिए विवश होना पड़ा है और उसने गिरवी रखे गए स्वर्ण आभूषणों की ई-नीलामी आयोजित करने का प्रस्ताव दिया है, जिसका विस्तृत विवरण नीचे दी गई संपत्ति की अनुसूची में दिया गया है। यह नीलामी **11.05.2026** को दोपहर **11:00 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक "जैसा है, जहां है", "जैसा है, जो है", "जो कुछ भी है" और "कोई सहारा नहीं"** के आधार पर होगी।

**उधारकर्ताओं का विवरण और बकाया राशि**

| ग्राहक का नाम | लोन खाता नंबर | बकाया राशि (रु. मे) | रिकॉल नोटिस की तिथि | सकल वजन | शुद्ध वजन |
|---|---|---|---|---|---|
| **बी.ओ.:- बाजपुर (यूटी)** | | | | | |
| श्रद्धा सिंह अग्नि | XXXXXXXXXXX6091 | ₹ 10,78,711.43 | 19-03-2026 | 186.000 | 183.300 |
| जयपाल सिंह | XXXXXXXXXXX2728 | ₹ 1,51,945.31 | 19-03-2026 | 34.800 | 25.100 |
| **बी.ओ.:- देहरादून (यूटी)** | | | | | |
| राघव गुप्ता | XXXXXXXXXXX0301 | ₹ 20,25,717.00 | 19-12-2025 | 308.100 | 305.600 |
| रितु आर्य | XXXXXXXXXXX6555 | ₹ 6,29,321.00 | 06-01-2025 | 130.200 | 128.400 |
| **बी.ओ.:- गंगूवाला, उधा जेएसपी यूटी** | | | | | |
| रवि कुमार | XXXXXXXXXXX9345 | ₹ 18,63,543.93 | 19-12-2025 | 267.000 | 250.700 |
| सागर कुमार | XXXXXXXXXXX6088 | ₹ 3,47,300.00 | 23-01-2026 | 59.900 | 50.100 |
| **बी.ओ.:- जीएमएस रोड, देहरादून (यूटी)** | | | | | |
| शिपेंद्र कुमार सिंह | XXXXXXXXXXX5709 | ₹ 72,691.00 | 09-02-2026 | 10.300 | 10.100 |
| पारस शर्मा | XXXXXXXXXXX9890 | ₹ 56,316.00 | 09-03-2026 | 8.480 | 7.780 |
| **बी.ओ.:- हरिद्वार (यूटी)** | | | | | |
| अरुण कुमार | XXXXXXXXXXX4616 | ₹ 6,26,252.00 | 09-02-2026 | 126.000 | 121.500 |
| कनिष्क वर्मा | XXXXXXXXXXX8483 | ₹ 4,06,496.00 | 16-02-2026 | 62.900 | 61.900 |
| विकास | XXXXXXXXXXX9608 | ₹ 65,763.00 | 09-03-2026 | 12.200 | 11.800 |
| **बी.ओ.:- काशीपुर (यूटी)** | | | | | |
| अंकित कुमार | XXXXXXXXXXX7188 | ₹ 4,34,794.00 | 10-12-2025 | 101.800 | 81.000 |
| नजमा परवीन | XXXXXXXXXXX0344 | ₹ 1,90,551.00 | 19-03-2026 | 45.400 | 43.500 |
| महफूज़. | XXXXXXXXXXX5389 | ₹ 1,78,166.00 | 09-03-2026 | 24.200 | 23.400 |
| **बी.ओ.:- रूड़की (यूटी)** | | | | | |
| शमीम | XXXXXXXXXXX4209 | ₹ 2,41,278.00 | 10-01-2026 | 36.800 | 35.600 |
| अभिषेक | XXXXXXXXXXX2866 | ₹ 2,27,921.00 | 19-03-2026 | 30.100 | 28.800 |
| **बी.ओ.:- सहारनपुर रोड सी1498 यूटी** | | | | | |
| पुष्पेंडर बेसनेट | XXXXXXXXXXX3504 | ₹ 9,57,368.90 | 27-09-2025 | 218.140 | 214.260 |
| अमित | XXXXXXXXXXX7067 | ₹ 63,625.00 | 19-03-2026 | 9.800 | 9.400 |
| **बी.ओ.:-टिहरी यूटी** | | | | | |
| सुनील | XXXXXXXXXXX2256 | ₹ 1,26,455.00 | 10-12-2025 | 32.500 | 25.990 |

**निविदा की शर्तें एवं नियम**

नीलामी के दिन/तारीख को निविदाकर्ताओं को आधार/आरक्षित मूल्य बताया जाएगा, जिस पर नीलामी की बोलियों पर विचार किया जाएगा। केवल बैंक द्वारा प्रदान किए गए निर्धारित निविदा प्रपत्र में दी गई बोलियों/प्रस्तावों पर ही विचार किया जाएगा।

अधूरे निविदा प्रपत्र/निविदाएँ अमान्य मानी जाएँगी और अस्वीकृत की जा सकती हैं।

निविदा दस्तावेज और शर्तें उपरोक्त शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। विधिवत भरा हुआ निविदा दस्तावेज 11-05-2026 को कार्य समय के दौरान संबंधित शाखा अधिकारी को सौंप दिया जाना चाहिए। नियत तिथि के बाद प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।

उक्त संपत्ति **"जैसी है जहाँ है", "जैसी है वैसी", "जो कुछ भी है" और "कोई सहारा नहीं"** के आधार पर बिक्री के लिए प्रस्तुत की जाती है। बैंक उक्त संपत्ति के संबंध में मानक, शुद्धता और/या किसी अन्य देय राशि, कर, यदि कोई हो, के लिए कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है।

बैंक द्वारा नीलामी की तिथि पर निविदाएं निविदाकर्ताओं की उपस्थिति में खोली जाएंगी। निविदाकर्ता उपर्युक्त तिथि और समय पर उपस्थित रहना चुन सकते हैं, ताकि वे अपनी-अपनी पेशकशें प्रस्तुत/संशोधित कर सकें।

**ऊपर उल्लिखित शाखाओं के नाम, नीलामी तिथि: 11-05-2026.**

एक बार प्रस्तुत की गई पेशकश/निविदा वापस नहीं ली जा सकती है और यदि किसी विशेष वस्तु/संपत्ति/आभूषण के लिए एक ही बोली/निविदा है, तो बोलीकर्ता को बोली राशि जमा करनी होगी।

यदि किसी विशेष वस्तु/संपत्ति/आभूषण के लिए एक से अधिक बोलियां हैं, तो बोलीकर्ताओं के बीच पारस्परिक बोली लगाई जाएगी और उच्चतम बोली लगाने वाले को सफल बोलीकर्ता घोषित किया जाएगा।

बोलीकर्ता को सभी केवाईसी दस्तावेज, जैसे पैन नंबर, पैन कार्ड, आधार कार्ड और पता प्रमाण आदि प्रस्तुत करने होंगे। बोलीकर्ता को वैध ईमेल आईडी और संपर्क नंबर भी प्रस्तुत करना होगा।

बैंक अपने विवेकाधिकार पर पेशकश को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

उक्त संपत्ति की बिक्री/बिक्री के लिए प्रस्तावित संपत्ति से उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद/मतभेद का निपटारा केवल मुंबई स्थित न्यायालयों/न्यायाधीशों के क्षेत्राधिकार के अधीन होगा।

**स्थान: उत्तराखंड, दिनांक: 11.04.2026** — **हस्ताक्षर/-, अधिकृत अधिकारी, एक्सिस बैंक लिमिटेड**

# एएसडीएम के नेतृत्व में झबरेड़ा नपं में हटवाया अतिक्रमण

## डेढ़ दर्जन दुकानदारों के काटे चालान, कई दुकानदारों पर लगाया पांच-पांच सौ का जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** कस्बा में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ नगर पंचायत प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए एएसडीएम रुड़की के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए चालान काटे गए।

शुक्रवार को नगर पंचायत झबरेडा की टीम ने एएसडीएम रुड़की अनिल कुमार शुक्ला के नेतृत्व में संयुक्त रूप से सघन अभियान चलाया। इस दौरान मेन बाजार व मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों और लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई, जिससे पूरे कस्बे में हड़कंप मचा रहा। प्रशासनिक टीम ने औचक निरीक्षण करते हुए कुल 18 लोगों के चालान



काटे। कार्रवाई में 16 लोगों पर 500-500 का जुर्माना लगाया गया। वहीं जबकि 2 लोगों पर 100-100 का जुर्माना लगाया गया। एएसडीएम अनिल कुमार शुक्ला ने सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि सड़कों पर सामान फैलाकर या अवैध निर्माण कर आवाजाही बाधित करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। भविष्य में पुनरावृत्ति होने पर और भी कठोर कानूनी कार्रवाई और भारी जुर्माने की चेतावनी दी गई है। इस अभियान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन का भारी बल मौजूद रहा। नगर पंचायत की ओर से मुख्य रूप से राजेंद्र गोयल, जुल्फान अली, तरुण सैनी, नसीर, गुड्डू आदि शामिल रहे। इस कार्रवाई के बाद से बाजार क्षेत्र के अतिक्रमणकारियों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। प्रशासन का कहना है कि शहर को व्यवस्थित रखने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# दो लोगों पर किशोरी को भगा ले जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के एक ईट भट्टे पर कार्यरत महिला ने दो लोगों पर अपनी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने तथा घर में रखी नकदी व आभूषण भी चोरी कर ले जाने का आरोप लगाया है। लंढौरा पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बिझौली गांव में एक ईट भट्टे पर मजदूरी करती है। महिला का कहना है कि 7 अप्रैल की रात ईट भट्टे पर ही काम करने वाला लक्सर कोतवाली क्षेत्र के सुलतानपुर गांव निवासी युवक अपने एक साथी की मदद से उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। आरोप यह भी है। कि जाते जाते दोनों लोग पिडिता के घर से एक जोडी चांदी की पाजेब, तीन जोडी सोने की बाली, एक चांदी का पेण्डल तथा घर में रखे 5 हजार रूपये भी चोरी कर ले गये। महिला ने अपनी पुत्री के साथ किसी अनहोनी की आशंका भी जताई है। चौकी प्रभारी अशोक सिरस्वाल ने बताया कि मामला मंगलौर कोतवाली क्षेत्र का होने के कारण महिला को थाने जाकर रिपोर्ट लिखवाने को कहा गया है।

# ट्रैक्टर-ट्राली से टकराने पर एक की मौत, दूसरा घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** चलती ट्रैक्टर ट्राली को अचानक रोक देने से पिछ्छे से आ रही बाइक ट्राली से जा टकराई जिस कारण बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो हो गए जिनमें एक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर ट्राली चालक वाहन सहित मौके से भाग निकला। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए घायल को राहगीरों की मदद से अस्पताल पहुंचाया।

बताया गया है कि लक्सर कोतवाली क्षेत्र के मौहम्मदपुर बुजुर्ग गांव निवासी अमन पुत्र पहल सिंह (20) अपने पडोध्सी अभिषेक पुत्र राजेश (21) के साथ बाइक से गुरुवार की तड़के बहादराबाद स्थित एक फैक्ट्री में काम करने जा रहा था। जैसे ही दोनों युवक थिथौला गांव के समीप पहुंचे तो उनके आगे चल रही ट्रैक्टर ट्राली के चालक ने अचानक से ब्रेक मार दिए जिस कारण बाइक ट्राली के पिछले हिस्से से जा टकराई टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए जिस कारण बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिनमें अमन की मौके पर ही मौत हो गई दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर ट्राली चालक वाहन सहित मौके से भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज घायल को उपचार हेतु सिविल अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका उपचार जारी है। युवक की मौत के बाद गांव में शोक की लहर है। चौकी प्रभारी अशोक सिरस्वाल ने बताया कि मामले में शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# रोटरी क्लब सेवा भाव के लिए कार्य करने वाली विश्व की सबसे बड़ी संस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रोटरी क्लब रुड़की के आज डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विजिट के अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रवि प्रकाश जी ने कहा रोटरी क्लब विश्व की एक ऐसी संस्था है जो अन्तिम छोर के सबसे कमजोर व्यक्ति को समाज में समानता पर लाने का कार्य करती हैं । रोटरी इंटरनेशनल पोलियो, सर्वाइकल कैंसर, टीबी आदि घातक विमारियो को रोकने के लिए अपने संसाधनों से दवाइयां उपलब्ध कराते हैं।रोटरी क्लब रुड़की की सभी सामाजिक कार्यों में सराहनीय भूमिका रही है घ्असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे डॉ अजय भार्गव जी ने कहा कि रोटरी क्लब रुड़की डिस्ट्रिक्ट 3080 सामाजिक कार्यों में सबसे अग्रिणी क्लब है।रोटरी क्लब अध्यक्षा रोटे रीना नैथानी ने डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एवं असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर का स्वागत करते हुए पूर्ण समर्पण भावना से क्लब को ऊंचाइयों तक पहुंचाने हेतु हर संभव प्रयास करने का संकल्प लिया।क्लब सचिव रोटे निधि शाण्डिल्य ने वर्ष भर किए गये रोटरी क्लब रुड़की के कार्यों पर प्रकाश डाला। आज प्रित विहार कालोनी में सर्व प्रथम सिलाई




प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे रवि प्रकाश जी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोटे अल्का मित्तल ने एवं संचालन रोटे पूजा गुप्ता ने किया।इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वारा रोटे रीना नैथानी एवं रोटे वन्दना मोहन को पोलारिस पिन लगाकर सम्मानित किया।रोटे गगन सरीन ने सभी का धन्यवाद करते हुए दोपहर भोजन के लिए आमंत्रित किया।इस अवसर पर रोटे सुभाष सरीन, हर्ष प्रकाश काला, राजेश चन्द्रा, विरेन्द्र जैन, नीलम शर्मा, मनोज जैन, दिलीप प्रधान, श्रीमती डोभाल, सचिन गुप्ता, स्मिता आर्या, विशिष्ट अतिथि में आन केप्टन गौर सिंह भण्डारी, आन केप्टन सुरेंद्र सिंह बिष्ट, पूर्व सैनिक समाज सेवी नन्दन सिंह रावत, आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे। हालांकि, वीडियो के वायरल होने के बाद प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। अब देखना होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में क्या कार्रवाई करते हैं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की गुणवत्ता सुधारने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

# पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक शराब तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** उत्तराखंड में अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को उत्तर प्रदेश निर्मित देशी शराब के 45 टेट्रा पैक के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस जानकारी के अनुसार, शाम को हेड कांस्टेबल रामवीर सिंह और कांस्टेबल नसीबुद्दीन क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि मोलना गेट के पास एक व्यक्ति प्लास्टिक के थैले में अवैध शराब लेकर खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोलना चौराहे के पास घेराबंदी की। पुलिस टीम को अपनी ओर आता देख आरोपित घबरा गया और भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन पुलिसकर्मियों ने उसे कुछ ही दूरी पर दबोच लिया। तलाशी लेने पर आरोपित के पास मौजूद सफेद प्लास्टिक के थैले से श्महबूबा मसालाश मार्का उत्तर प्रदेश निर्मित के 45 पव्वे टेट्रा पैक बरामद हुए। पकड़े गए आरोपित ने अपना नाम बृजपाल उर्फ काला निवासी ग्राम मोलना, थाना झबरेड़ा बताया। थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि पुलिस ने बरामद शराब को सील कर दिया है और आरोपित को हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। उनका कहना है कि क्षेत्र में अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# खड़े 14 टायरा ट्रक में अचानक लगी भीषण आग

## फायर ब्रिगेड टीम ने मुश्किल से पाया आग पर काबू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** रहमतपुर रोड के पास एक प्लॉट में खड़े 14 टायर ट्रक में शुक्रवार को अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और ट्रक पूरी तरह इसकी चपेट में आ गया। आग की ऊंची लपटें और घना धुआं दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार, ट्रक प्लॉट में खड़ा हुआ था। अचानक उसमें आग लगने पर आसपास मौजूद लोगों ने धुआं उठता देखा और तुरंत ट्रक मालिक को सूचना दी। मौके पर पहुंचे मालिक ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही चेतक कर्मी रविंद्र बालियान और जमशेद अली तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे।इधर फायर ब्रिगेड की टीम ने भी बिना देर किए मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला। स्थानीय लोगों के सहयोग से दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक ट्रक के सभी टायर पूरी तरह जलकर राख हो चुके थे। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। इस घटना में



लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया जिससे कोई जनहानि नही हुई और एक बड़ा हादसा टल गया।घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय तक दहशत का माहौल बना रहा।

# अवैध चाकू के साथ पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा एक सँदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ है।

लक्सर कोतवाली प्रभारी प्रवीण कोश्यारी मैं जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में आपराधिक गतिविधियों में सलीप्त अपराधियों सँदिग्ध व्यक्तियों असामाजिक तत्वों के खिलाफ चेकिंग करने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें 9 अप्रैल 2026 को गश्त चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम जुनैद पुत्र युसूफ निवासी सरवट थाना सिविल लाइन जनपद मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश बताया। उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में कांस्टेबल संदीप रावत रविंद्र चौहान शामिल रहे। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए आरोपी को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# गोवंश को क्रूरता पूर्वक परिवहन करने पर एक को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत कोतवाली भगवानपुर पुलिस की सख्त कार्रवाई जारी है। इसी के तहत गोवंश को क्रूरता पूर्वक पिकअप में परिवहन करने पर पशु क्रूरता अधिनियम में 01 आरोपी को धर दबोचा गया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस मुख्यालय स्तर से संचालित अभियान "ऑपरेशन प्रहार" के तहत एसएसपी हरिद्वार द्वारा गोवंशीय पशुओं को वाहनों में क्रूरता पूर्वक परिवहन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में कोतवाली भगवानपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान ग्राम दौडबसी जाने वाली कम्पनी के पास एक छोटा हाथी को रोककर चेक किया गया। वाहन चालक ने अपना नाम शहवेज पुत्र मोहम्मद सलीम निवासी मोहल्ला जोगीयान, कस्बा थाना भवन, जिला शामली (उ0प्र0) बताया। वाहन के डाले की तलाशी लेने पर उसमें 03 गोवंशीय पशुओं को क्रूरता पूर्वक परिवहन करते हुए पाया गया। मौके पर पशु चिकित्सा अधिकारी को बुलाकर गोवंश का मेडिकल परीक्षण कराया गया। आरोपी को पशु क्रूरता अधिनियम के तहत हिरासत में लिया गया है तथा उसके विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**वहीं** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार द्वारा जनपद में शान्ति व्यवस्था प्रभावित करने 02 व्यक्तियों को लक्सर पुलिस द्वारा धारा 170 बी0एन0एस0एस0 के तहत कार्रवाई कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गई। नाम पता आरोपित-अकबर पुत्र जहूर निवासी नगला खुर्द थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार, फरमान पुत्र फुरकान निवासी नगला खुर्द थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार है।

# शांति व्यवस्था भंग करने पर दो का किया चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने पर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए दोनों व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार लक्सर कोतवाली प्रभारी प्रवीण कोश्यारी ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था प्रभावित करने वाले संदिग्ध व्यक्तियों व असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें 10 अप्रैल 2026 को सूचना मिली कि दो व्यक्ति आपस में लड़ झगड़ रहे हैं सूचना पर तुरंत ही पुलिस को भेजा गया पुलिस ने मौके पर जाकर दोनों व्यक्तियों को काफी समझाने का प्रयास किया। वह नहीं माने और मरने मारने पर उतारू हो गए किसी संज्ञे अपराध को दृष्टिगत रखते हुए दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम अकबर पुत्र जरूर निवासी नगला खुर्द थाना कोतवाली लक्सर, फरमान पुत्र फुरकान निवासी उपरोक्त बताए। पकड़े गए दोनों व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पकड़े गए दोनों व्यक्तियों को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# सट्टा पर्ची व नकदी सहित दो सटोरिये दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो युवकों को सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए पकड़ा है जिसके पास से सट्टा पर्ची पेन गत्ता डायरी ओर नगदी बरामद की है पुलिस ने जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

कलियर कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया है कि पुलिस क्षेत्र में चौकिंग कर रही थी।चौकिंग के दौरान दरगाह क्षेत्र से दो युवकों को सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 2300 रुपए की नगदी ओर सट्टा पर्ची पेन गत्ता बरामद हुआ पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपना नाम जुनैद निवासी तीमरदास सराय थाना नकासा संभल और दूसरे ने अपना नाम असकर निवासी सहवाजपूरा थाना रायसती संभल यूपी बताया। पुलिस ने दोनो खिलाफ जुआ अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया है।

# मामूली बात पर घर में घुसकर जमकर मारपीट, एक गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव में नाली बंद करने के मामूली विवाद ने तूल पकड़ लिया, जिसके बाद दबंगों ने एक घर में घुसकर परिवार के साथ जमकर मारपीट की। घटना में पीड़ित के पिता को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना झबरेडा की लखनौता चौकी के गांव लखनौता निवासी सागर ने थाने में दी तहरीर में बताया कि घटना 6 अप्रैल की है। उस समय वह घर पर मौजूद नहीं था। घर लौटने पर उसे उसकी भाभी निशा ने आपबीती सुनाई। बताया कि नाली बंद करने की बात को लेकर पड़ोसी संदीप और सोनू की उसके पिता रमेश पाल से कहासुनी हुई थी। उस वक्त घर वालों के समझाने पर आरोपित वहां से चले गए थे। परन्तु कुछ देर बाद दोपहर करीब 12:00 बजे संदीप, सोनू, मोहित और प्रियांशु एक राय होकर सागर के घर में घुस आए। आरोपितो ने गाली-गलौज करते हुए सागर, उसके पिता रमेश पाल और माता संगीता के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर-शराबा सुनकर जब आसपास के ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हुए, तो आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। मारपीट में सागर के पिता रमेश पाल को काफी चोटें आई हैं। पीड़ित पक्ष का कहना है कि घायल का उपचार कराने के कारण तहरीर देने में देरी हुई। गुरुवार को सागर ने झबरेड़ा थाने पहुंचकर नामजद आरोपितो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। झगड़ा थाने प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि पुलिस को मामले की तहरीर मिली है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आरोपितो के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# युवको को रील बनाना पड़ा भारी, पुलिस ने किया चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कोतवाली कलियर क्षेत्र में सोशल मीडिया पर रील बनाने के लिए यातायात नियमों की अनदेखी करना कुछ युवकों को महंगा पड़ गया। धनौरी स्थित तिरछा पुल के बीच सड़क पर गाड़ी रोककर रील बना रहे युवकों के खिलाफ पुलिस ने चलानी कार्रवाई की है।

कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि कुछ युवक धनौरी तिरछे पुल के बीच वाहन पर बैठकर वीडियो (रील) बना रहे थे, जिससे यातायात बाधित हो रहा था और दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई थी। सूचना मिलने पर धनौरी चौकी प्रभारी पुष्कर सिंह चौहान टीम के साथ मौके पर पहुंचे और युवकों परे कानूनी कार्रवाई की। कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने कहा कि सड़क कोई स्टूडियो नहीं है और इस तरह की लापरवाही न केवल खुद के लिए बल्कि अन्य लोगों के लिए भी खतरनाक साबित हो सकती है।

## लक्सर विकासखंड परिसर में दूसरे दिन भी जारी रहा

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का धरना-प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** आज दूसरे दिन भी आंगनबाड़ी कार्यकत्री ब्लॉक सभागार में धरने पर बैठी कार्यकर्ताओं का आरोप है कि सरकार ने उनके साथ दोगला व्यवहार किया है और वे सरकार के इस रवैये से काफी असंतुष्ट हैं।

कार्यकर्ताओं ने बताया कि वे अपनी मांगों को लेकर संबंधित मंत्री को एक ज्ञापन सौंपना चाहती थीं लेकिन सरकार ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया इसके साथ ही, उनका आरोप है कि सरकार उन पर विभाग द्वारा कामकाज करने का दबाव बना रही है और चेतावनी दी जा रही है कि यदि काम सुचारू रूप से नहीं किया गया, तो उन्हें नौकरी से निकाल दिया जाएगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का कहना है कि उन्हें केवल 9000 मिलते हैं, जिसके बदले में उनसे अत्यधिक कार्य कराया जाता है। इसके अलावा इस राशि में से भी 300 काट दिए जाते हैं, जिसे वे पूरी तरह अनुचित मानती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर सरकार उनका मानदेय नहीं बढ़ाती है, तो इसका खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ेगा। उन्होंने ऐलान किया कि हम 2027 के चुनाव



में अपने घर से किसी को भी वोट डालने मतदान बूथ तक नहीं जाने देंगे धरने पर बैठी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सरकार और मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

# जनगणना के प्रशिक्षण कार्यक्रम में हंगामा

## जलपान व भोजन की बदइंतजामी पर भड़के शिक्षक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नारसन।** राजा महेन्द्र प्रताप पीजी कॉलेज में आयोजित जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम उस समय विवादों में घिर गया, जब प्रतिभागियों को उपलब्ध कराए गए जलपान व भोजन की गुणवत्ता को लेकर शिक्षकों का गुस्सा फूट पड़ा। नाराज प्रतिभागियों ने मौके पर ही विरोध जताया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में अधिकारी प्रगणकों को समझाने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं, जबकि शिक्षक भोजन की निम्न गुणवत्ता और अव्यवस्था पर कड़ी नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकों का आरोप है कि व्यवस्थाएं बेहद खराब थीं, जिससे पूरे कार्यक्रम की गरिमा प्रभावित हुई। इस दौरान प्रदीप कुमार (ब्लॉक अध्यक्ष, जूनियर शिक्षक संघ), ऋषिपाल (प्रधानाध्यापक), मनोज कुमार (प्रधानाध्यापक), योगेंद्र कुमार, विपिन तोमर, कुशलजीत, कमलजीत तोमर, राजकुमार, संजय कुमार समेत कई शिक्षकों ने खुलकर विरोध दर्ज कराया और व्यवस्था सुधार की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों ने स्थिति को संभालने का प्रयास किया। जनगणना प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी एवं नायब तहसीलदार युसूफ



अली ने प्रतिभागियों को आश्वस्त किया कि व्यवस्थाओं में सुधार किया जाएगा और भविष्य में इस तरह की शिकायतों की पुनरावृत्ति नहीं होगी। हालांकि, वीडियो के वायरल होने के बाद प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। अब देखना होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में क्या कार्रवाई करते हैं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की गुणवत्ता सुधारने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

CMYK



# सीएम धामी ने की जनगणना 2027 के लिए स्व-गणना

## डिजिटल जनगणना में उत्तराखंड ने बढ़ाया कदम, मुख्यमंत्री ने की सक्रिय भागीदारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में जनगणना 2027 के अंतर्गत अपनी स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी करते हुए राज्य में इस महत्वपूर्ण अभियान की औपचारिक शुरुआत की। इस अवसर पर जनगणना से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे और उन्होंने मुख्यमंत्री को डिजिटल प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश पहली बार पूरी तरह डिजिटल जनगणना की ओर अग्रसर हुआ है, जो पारदर्शिता, सटीकता और जनभागीदारी को सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल भारत को डिजिटल युग में एक और मजबूत कदम आगे बढ़ाने वाली है।

जनगणना 2027 का पहला चरण 'हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना' है, जिसके अंतर्गत आवासीय स्थिति, सुविधाओं और घरेलू विवरणों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एकत्र की जा रही है। इस बार 'स्व-गणना' की सुविधा के माध्यम से नागरिक स्वयं ऑनलाइन पोर्टल पर अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकते हैं, जिससे प्रक्रिया अधिक सरल और त्रुटिरहित होगी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अधिकारियों से जनगणना कार्य को समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से संपन्न करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह डेटा राज्य और देश की नीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, इसलिए इसकी शुद्धता अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जनगणना 2027 देश के विकास की आधारशिला है। डिजिटल माध्यम से की जा रही यह जनगणना पारदर्शिता और सटीकता को सुनिश्चित करेगी। मैं प्रदेशवासियों से आग्रह करता हूं कि वे स्वयं आगे आकर स्व-गणना करें और इस राष्ट्रीय अभियान का हिस्सा बनें।

मुख्यमंत्री धामी ने प्रदेश की जनता से अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक स्व-गणना पोर्टल का उपयोग कर अपने परिवार की सही और पूर्ण जानकारी दर्ज करें। उन्होंने कहा कि यह न केवल आपकी भागीदारी को सुनिश्चित करेगा, बल्कि भविष्य की योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने में भी सहायक होगा।उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि जनगणना के दौरान एकत्रित सभी आंकड़ों की सुरक्षा के लिए कड़े प्रावधान किए गए हैं और इनका उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए ही किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल उत्तराखंड में डिजिटल सशक्तिकरण और जनभागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर श्रीमती गीता धामी, निदेशक (जनगणना संचालन) ईवा श्रीवास्तव तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।





■ सीएम धामी ने जनता से की अपील, स्वयं करें स्व-गणना, बनें भागीदार ■ अधिकारियों की मौजूदगी में शुरू हुआ जनगणना का पहला चरण

# जनप्रतिनिधियों की उठाई गई समस्याओं को दें सर्वोच्च प्राथमिकता: धामी

■ नैनीताल एवं ऊधमसिंहनगर जनपद की विभिन्न विधानसभाओं से संबंधित मुख्यमंत्री घोषणाओं की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में नैनीताल एवं ऊधमसिंहनगर जनपद की विभिन्न विधानसभाओं से संबंधित मुख्यमंत्री घोषणाओं की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उनका त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायकगण अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को शासन तक पहुंचाते हैं, इसलिए उन पर गंभीरता से कार्यवाही करना शासन व प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए कि अल्पकालिक प्रकृति के कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए, जबकि दीर्घकालिक योजनाओं को निर्धारित समयसीमा के अंतर्गत चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। कार्यों की प्रगति में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि ऐसी योजनायें, जिनमें एक से अधिक विभागों की सहभागिता है, उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि इन कार्यों की मुख्य सचिव स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए, ताकि परियोजनाओं में अनावश्यक विलंब न हो और समय पर उनका क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जन समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारी विधायकगणों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखें। इससे न केवल समस्याओं की सही जानकारी प्राप्त होगी, बल्कि उनके समाधान में भी तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर तालमेल से विकास कार्यों में गुणवत्ता और प्रगति दोनों सुनिश्चित हो सकेंगी। बैठक में मुख्यमंत्री ने आगामी वर्षाकाल को ध्यान में रखते हुए आवश्यक तैयारियों पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि बरसात से पूर्व सभी बरसाती नालों की सफाई, सिल्ट हटाने तथा जल निकासी से संबंधित अन्य आवश्यक कार्य समय रहते पूर्ण कर लिए जाएं, ताकि जलभराव और बाढ़ जैसी समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। मुख्यमंत्री ने ग्रीष्मकाल में संभावित वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वनाग्नि की रोकथाम के लिए विभागों के बीच समन्वय के साथ-साथ जनजागरूकता पर भी ध्यान दिया जाए। बैठक में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, राम सिंह कैड़ा, बंशीधर भगत, दीवान सिंह बिष्ट, त्रिलोक सिंह चीमा, शिव अरोड़ा, सरिता आर्य, डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिवगण, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, वर्चुअल माध्यम से कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखंड के विकास के लिए जनगणना अभियान में बनें सहभागी : भट्ट



■ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की ने की प्रदेशवासियों से स्व गणना में बढ़चढ़ कर भागेदारी की अपील

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने प्रदेश में शुरू जनगणना अभियान की श्स्व गणनाश प्रक्रिया का स्वागत करते हुए जनता से बढ़चढ़ कर भागेदारी की अपील की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद श्री महेंद्र भट्ट ने इसे उत्तराखंड के भविष्य की आदर्श तैयारी की दिशा में एक निर्णायक कदम बताया है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली सरकार राज्य के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक विकास को पहुंचा रही है। भविष्य में ये विकास और जनकल्याण की योजनाओं का अधिक प्रभावी तरीके से लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिले, उसके लिए अधिकृत तात्कालिक जमीनी आंकड़े और जानकारियों का आना भी जरूरी है। ऐसे ही राष्ट्रीय उद्देश्य के लिए जनगणना की संविधानिक प्रक्रिया समूचे देश में कराई जा रही है। जिसके क्रम में शुरुआती चरण में स्व गणना प्रक्रिया आज से राज्य में प्रारंभ हुई है। इनके माध्यम से प्राप्त दस्तावेजी आंकड़े राज्य में भी भविष्य की नीतियों के निर्माण में मील का पत्थर साबित होने वाले हैं।

जिसके संबंध में उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा, जनगणना से एकीकृत डेटा, बेहतर कल का निर्माण करेगा। जिसको राज्य के परिप्रेक्ष्य में स्पष्ट करते हुए कहा कि यह अभियान केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं है, बल्कि उस हकीकत को भी दर्शाता है, जिसके उसके आधार पर इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य कल्याणकारी सुविधाओं के विस्तार का आधार तैयार किया जाएगा। उन्होंने प्रदेशवासियों को सतर्क करते हुए कहा कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों एवं अनधिकृत सूचनाओं पर ध्यान न दें। सभी एकमत से राष्ट्र एवं राज्य निर्माण के इस महत्वपूर्ण कार्य में अपना सहयोग दें। एक मजबूत और समृद्ध उत्तराखंड के निर्माण के लिए सही जानकारियों और आंकड़ों का होना भी अनिवार्य है। वहीं जनता को भी विश्वास दिलाया कि उनकी साझा की गई जानकारी पूरी तरह से सुरक्षित होंगी और इसका उपयोग केवल कार्यों और योजनाओं के निर्माण के लिए किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं, समाजसेवियों एवं बुद्धिजीवियों से भी आग्रह की किया कि वे भी घर-घर जाकर लोगों को पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करने और सीखने के लिए प्रेरित करें।

# चारधाम यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता: कौशिक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) तथा उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) के संयुक्त तत्वावधान में आगामी चारधाम यात्रा को आपदा सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को गढ़वाल मंडल के सभी सात जनपदों में व्यापक मॉक ड्रिल आयोजित की गई। यह मॉक ड्रिल अलग-अलग आपदाओं के काल्पनिक परिदृश्यों के साथ 50 विभिन्न स्थलों पर एक साथ संपन्न हुई, जिसमें जिला प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, सेना, वायु सेना, अर्द्धसैनिक बल, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन, परिवहन, लोक निर्माण, विद्युत, दूरसंचार तथा अन्य संबंधित विभागों ने सहभागिता की। यह मॉक ड्रिल सामुदायिक सहभागिता पर केंद्रित रही।

मा0 आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास मंत्री श्री मदन कौशिक ने मॉक ड्रिल का निरीक्षण किया तथा वर्चुअल माध्यम से विभिन्न जनपदों के इंसीडेंट कमाण्डरों, उत्तरदायी अधिकारियों, सेक्टर प्रभारियों एवं मैदानी टीमों से संवाद कर अभ्यास के दौरान समन्वय और प्रतिक्रिया क्षमता की जानकारी ली। मा0 मंत्री श्री मदन कौशिक ने कहा कि वर्ष 2013 की केदारनाथ आपदा के बाद उत्तराखण्ड के आपदा प्रबंधन तंत्र ने लंबा सफर तय किया है। राज्य ने अपनी आपदा प्रतिक्रिया क्षमता, पूर्व चेतावनी व्यवस्था, राहत एवं बचाव संसाधनों तथा संस्थागत समन्वय में लगातार सुधार किया है। उन्होंने कहा कि सरकार सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित चारधाम यात्रा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में यात्रा को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं।

उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि उत्तराखण्ड की पहचान, अर्थव्यवस्था और गौरव से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है। ऐसे में यात्रा से जुड़े सभी विभागों, एजेंसियों और स्थानीय प्रशासन को यह संकल्प लेना होगा कि प्रत्येक श्रद्धालु को सुरक्षित, सुगम और बेहतर यात्रा अनुभव उपलब्ध कराया जाए, ताकि देवभूमि उत्तराखण्ड की सकारात्मक छवि देश-विदेश तक पहुंचे। उन्होंने मौसम आधारित रियल-टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम के जरिये यात्रियों तक सभी एलर्ट पहुंचाने के निर्देश दिए ताकि वे सुरक्षात्मक कदम उठा सकें। उन्होंने संवेदनशील एवं संभावित जोखिम वाले क्षेत्रों की पूर्व पहचान कर वहां आवश्यक संसाधनों, मशीनरी, चिकित्सा सुविधाओं, संचार साधनों और राहत दलों की अग्रिम तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मॉक ड्रिल में उपाध्यक्ष, राज्य सलाहकार समिति, आपदा प्रबंधन विनय रूहेला, सचिव आनंद स्वरूप, एनडीएमए के लीड कंसलटेंट मेजर जनरल सुधीर बहल, एसीईओ प्रशासन महावीर सिंह चौहान, एसीईओ क्रियान्वयन डीआईजी राजकुमार नेगी, कमाण्डेंट एसडीआरएफ अर्पण यदुवंशी, कमाण्डेंट एनडीआरएफ संतोष कुमार, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो ओबैदुल्लाह अंसारी आदि मौजूद रहे।



■ कहा-सुरक्षित व सुगम यात्रा के लिए सरकार प्रतिबद्ध ■ चारधाम यात्रा पर मॉक ड्रिल का किया निरीक्षण

### मॉक ड्रिल के माध्यम से संभावित चुनौतियों और कमियों की पहचान हुई: सुमन

सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने कहा कि चारधाम यात्रा जैसे संवेदनशील आयोजन के लिए एनडीएमए के सहयोग से यूएसडीएमए द्वारा प्रत्येक वर्ष मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। इस अभ्यास से मैदानी स्तर पर व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन हुआ है तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय, संचार व्यवस्था और राहत-बचाव तंत्र की तैयारी और मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल के माध्यम से संभावित चुनौतियों और जिन कमियों की पहचान हुई है, उन्हें यात्रा शुरू होने से पहले दूर किया जाएगा।

**शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने वर्चुअल माध्यम से जारी किया परिणाम**

# उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित



■ पूर्वमध्यमा में 92 तथा उत्तरमध्यमा में 88.48 फीसदी रहा रिजल्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा बोर्ड की 10वीं एवं 12वीं कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिये गये हैं। सूबे के संस्कृत शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज पश्चिम बंगाल से वर्चुअल माध्यम से जुड़ कर बोर्ड परीक्षओं के परिणाम जारी किये। उन्होंने बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण एवं श्रेष्ठता सूची में स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को बधाई दी। डा. रावत ने बताया कि परीक्षा वर्ष 2026 में कुल 1775 छात्र-छात्राओं ने संस्कृत बोर्ड की परीक्षा दी, जिसमें से इंटरमीडिएट में 88.48 प्रतिशत जबकि हाईस्कूल में 92 प्रतिशत छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुये।

सूबे के संस्कृत शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने बताया कि संस्कृत बोर्ड परीक्षा का परीक्षा परिणाम समय पर जारी कर दिया गया है। इसके लिये उन्होंने विभागीय अधिकारियों एवं बोर्ड परीक्षा के आयोजन से जुड़े कार्मिकों की जमकर तारीफ की।

संस्कृत बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित करने के अवसर पर वर्चुअल माध्यम से जुड़े विभागीय मंत्री डॉ. रावत ने बताया कि इस वर्ष परिषदीय परीक्षा में कुल 1775 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुये, जिसमें से पूर्वमध्यमा (हाईस्कूल) में 950 जबकि उत्तरमध्यमा (इंटरमीडिएट) में 825 शामिल थे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पूर्वमध्यमा (हाईस्कूल) का कुल परीक्षाफल 92 फीसदी रहा जबकि उत्तरमध्यमा (इंटरमीडिएट) का रिजल्ट 88.48 फीसदी रहा है। डा. रावत ने परिषदीय परीक्षा में उत्तीर्ण एवं प्रवीणता सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों के साथ फोन पर बातचीत कर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की, साथ ही उन्होंने बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण करने में असफल रहे छात्र-छात्राओं को निराश न होने की बात कही।

### संस्कृत बोर्ड परीक्षा में ये रहे अव्वल

उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा परिषद की 10वीं बोर्ड परीक्षा की श्रेष्ठता सूची में श्री परशुराम चतुर्वेद विद्यालय भगवान राम, परशुराम मंदिर प्रकाशनगर देहरादून के छात्र रूद्रांश उनियाल ने 88.2 फीसदी अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया जबकि 87.4 प्रतिशत अंक हासिल कर गुरूकुल संस्कृत उत्तरमाध्यमा विद्यालय ज्वालापुर, हरिद्वार के छात्र प्रिंस पुण्डीर ने द्वितीय स्थान पर प्राप्त किया। वहीं श्री परशुराम चतुर्वेद विद्यालय भगवान राम, परशुराम मंदिर प्रकाशनगर देहरादून के छात्र अनमोल तथा दुर्गादत्त कपिलाश्रमी संस्कृत उत्तरमाध्यमा विद्यालय हल्द्वानी के छात्र प्रकाश चन्द्र पाठक ने 86-86 फीसदी अंक लाकर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार इंटरमीडिएट में जयदयाल अग्रवाल संस्कृत उत्तरमाध्यमा विद्यालय श्रीनगर के छात्र सक्षम प्रसाद ने 93.4 प्रतिशत अंक लाकर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। वहीं गुरूकुल संस्कृत उत्तरमाध्यमा विद्यालय ज्वालापुर हरिद्वार के छात्र अर्जुन कुमार ने 90.8 फीसदी अंक लाकर श्रेष्ठता सूची में दूसरे स्थान प्राप्त किया। जबकि तीसरे स्थान पर द्रोणस्थली आर्ष कन्य गुरूकुल विद्यालय देहरादून की छात्रा अदिति जांगिड़ ने 88.6 अंक अर्जित कर तीसरा स्थान हासिल किया।

# सीएम ने मानचित्रक के पद पर चयनित 12 अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग के अंतर्गत मानचित्रक के पद पर चयनित 12 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी नियुक्ति कृषि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी अभ्यर्थी अपने कार्यक्षेत्र में पूरी ईमानदारी और लगन से कार्य करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पारदर्शी और निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए राज्य में सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया है। इस कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के बाद प्रदेश में अब तक 30 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी सेवाओं में नियुक्ति दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की युवाओं के प्रति प्रतिबद्धता और सुशासन का प्रमाण है।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है, साथ ही मिलेट के उत्पादन और विपणन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार तथा फसल विविधीकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त राज्य में सेब, कीवी, बागवानी एवं औषधीय पौधों की खेती को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य कृषि को लाभकारी और युवाओं के लिए आकर्षक बनाना है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस क्षेत्र से जुड़ सकें। कार्यक्रम में कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, सचिव कृषि एस.एन. पाण्डेय, अपर सचिव आनंद श्रीवास्तव एवं कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



■ सभी चयनित अभ्यर्थियों को दी शुभकामनाएं ■ कहा- कृषि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी सभी की नियुक्ति

# पूर्व सैनिक कल्याण के लिए घोषणाओं के आदेश जारी



■ सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने दिए अग्रिम कार्रवाई के निर्देश

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

देहरादून। सुबे के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा जनपद पौड़ी के लैन्सडौन में आयोजित शहीद सम्मान समारोह में की गई महत्वपूर्ण घोषणाओं के आदेश भी जारी हो गये हैं।

उन्होंने बताया कि घोषणाओं में गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार स्थित सैनिक विश्राम गृह का जीर्णोद्धार कर उसे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा, जिससे सैनिकों एवं उनके परिजनों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। साथ ही, निदेशालय सैनिक कल्याण तथा जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालयों में पूर्व सैनिकों की नियुक्ति करते हुए नि:शुल्क सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कॉमन सर्विस सेंटर स्थापित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, अन्य स्रोतों से अनुदान प्राप्त करने की बाध्यता को समाप्त करते हुए द्वितीय विश्व युद्ध के सभी पूर्व सैनिकों एवं उनकी विधवाओं को राम्भान राशि प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। वहीं, गढ़वाल राइफल्स रेजीमेंटल सेंटर, लैन्सडौन स्थित संग्रहालय के जीर्णोद्धार के लिए भी आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन निर्णयों से प्रदेश के सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं के अंतर्गत विकास कार्यों पर अग्रिम प्रस्ताव अतिशीघ्र शासन को उपलब्ध प्रेषित किये जाए।

# हेल्थ क्रांति का आधार है आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन: उनियाल

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक और सुलभ बनाने की दिशा में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत देहरादून में शुक्रवार को राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यशाला में स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटलीकरण, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता पहचान संख्या (एबीएचए आईडी) के अधिक उपयोग, दूरचिकित्सा सेवाओं के विस्तार और मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य अतिथि सुबोध उनियाल ने कहा कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन देश में डिजिटल स्वास्थ्य क्रांति की मजबूत नींव बन चुका है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे अपनी आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता पहचान संख्या बनवाएं, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं अधिक पारदर्शी और आसान हो सकें। कार्यक्रम की शुरुआत पंजीकरण सत्र से हुई, इसके बाद विशेषज्ञों ने मिशन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। राष्ट्रीय स्तर की जानकारी देते हुए डॉ. पंकज कुमार अरोरा, निदेशक, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण) ने बताया कि मिशन के तहत पूरे देश में एकीकृत डिजिटल स्वास्थ्य ढांचा तैयार किया जा रहा है। उन्होंने स्वास्थ्य पहचान संख्या, डिजिटल स्वास्थ्य अभिलेख और विभिन्न प्रणालियों के आपसी तालमेल के महत्व को रेखांकित किया। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के साथ एकीकरण पर बोलते हुए संयुक्त सचिव ज्योति यादव ने डिजिटल दावा निपटान, लाभार्थी निगरानी और आंकड़ा एकीकरण की प्रक्रिया को समझाया। उन्होंने कहा कि इससे नागरिकों को बिना रुकावट स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं।

राज्य स्तर की प्रगति पर जानकारी देते हुए राज्य मिशन निदेशक रीना जोशी ने बताया कि उत्तराखंड में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता पहचान संख्या निर्माण, स्वास्थ्य संस्थानों का पंजीकरण और डिजिटल स्वास्थ्य अभिलेखों के एकीकरण में तेजी आई है। इससे दूरस्थ क्षेत्रों तक भी स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच रही हैं।

कार्यक्रम में सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य सचिन कुर्वे ने कहा कि डिजिटल स्वास्थ्य सेवाएं समय की आवश्यकता हैं और राज्य सरकार इस दिशा में तेजी से काम कर रही है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. सुनील कुमार बरनवाल ने डिजिटल स्वास्थ्य प्रशासन, आंकड़ों की सुरक्षा और मिशन की राष्ट्रीय दृष्टि पर प्रकाश डाला। तकनीकी सत्र में प्रज्ञा पालिवाल ने जमीनी स्तर पर मिशन के क्रियान्वयन और उससे जुड़ी चुनौतियों तथा उनके समाधान की जानकारी दी। वहीं राहुल वशिष्ठ ने डिजिटल चिकित्सीय सहायता प्रणाली और स्वास्थ्य आंकड़ा प्रबंधन के महत्व को समझाया। अंतिम सत्र में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि डिजिटल माध्यम से सेवाओं में सकारात्मक बदलाव आया है।




CMYK

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# यह कैसा युद्धविराम

पश्चिम एशिया में युद्ध से उपजे संकट के बीच यह पहला मौका था, जब ईरान और इस्राईल-अमेरिका के बीच 14 दिनों के युद्धविराम पर सहमति बनी थी। मगर इस्राईल ने बुधवार को ही जिस तरह लेबनान पर हमला किया, उससे साफ है कि युद्धविराम में उसकी कोई दिलचस्पी नहीं है। गौरतलब है कि लेबनान पर इजराइली हमले में दो सौ से ज्यादा आम लोग मारे गए। विचित्र है कि ईरान के खिलाफ युद्ध में अमेरिका और इस्राईल साझा मोर्चे के तहत हमले कर रहे थे, लेकिन जब दोनों पक्षों के बीच युद्धविराम पर सहमति बनी, तो उसे ठोस आकार देने के बजाय इस्राईल ने समझौते को तोड़ने की पृष्ठभूमि बनानी शुरू कर दी। विडंबना यह भी है कि लेबनान पर इस्राईल के हमले के बाद अब ईरान ने फिर से होर्मुज जलमार्ग को बंद करने की घोषणा की है। निश्चित रूप से ईरान के इस रुख को उसकी प्रतिक्रिया कहा जा सकता है, लेकिन सवाल है कि इस समूचे परिदृश्य में किसी भी पक्ष की जिद और अकड़ का नतीजा क्या निकल रहा है। इस्राईल और अमेरिका ने जिस दिन ईरान पर साझा हमला किया था, तभी से यह आशंका बनी हुई थी कि इसका असर केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा। इसके बाद ईरान ने स्वाभाविक ही रणनीति के तहत होर्मुज जलमार्ग को बाधित कर दिया और उसके बाद दुनिया के ज्यादातर देशों में प्राकृतिक तेल और गैस की आपूर्ति रुक गई। भारत सहित बहुत सारे ऐसे देश हैं, जहां पेट्रोल-डीजल से लेकर रसोई गैस का संकट पैदा हो गया और आम लोगों का जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। युद्धविराम की घोषणा के बाद यह उम्मीद जगी थी कि अब होर्मुज जलमार्ग के खुलने से जहाजों की आवाजाही का रास्ता खुलेगा और स्थिति सुधरेगी, मगर लेबनान पर इजराइल के ताजा हमले में जिस तरह बड़े पैमाने पर आम लोगों की मौत की खबर आई है, उससे एक बार फिर शांति की उम्मीदों पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। सवाल है कि अगर युद्धविराम की शर्तों में लेबनान पर भी इस्राईली हमले रोकना शामिल था, तो इस पर अमल के बजाय इसे ताक पर रख कर नागरिक ठिकानों को निशाना बनाने के पीछे कौन-सी मंशा काम कर रही है। इस्राईल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने यह भी कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो इस्राईल फिर से ईरान के खिलाफ लड़ाई शुरू करेगा। खुद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिस भड़काऊ लहजे में बात कर रहे हैं, उसे कैसे देखा जाएगा। हैरानी की बात है कि ट्रंप युद्धविराम और उसकी शर्तों पर सहमति जताने के बाद लेबनान पर हमले के मसले को समझौते से अलग बताते हैं। दूसरी ओर, ईरान ने कहा कि युद्धविराम और इस्राईल के जरिए जंग, दोनों साथ नहीं चल सकते। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि पश्चिम एशिया के इस युद्ध का खमियाजा दुनिया के ज्यादातर देश उठा रहे हैं।

## उप्र अब देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन



उप्र अब देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है, करीब 9 वर्ष पहले तक यूपी को बीमारू राज्य माना जाता था, लेकिन आज प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है, आधुनिक दिनचर्या ने बीमारियों को बढ़ावा दिया है, हमारे सामने दो बड़ी चुनौतियां हैं-एक बचाव और दूसरी उपचार, बीमारियों के तेजी से बढ़ते प्रभाव को देखते हुए जागरूकता और समय पर इलाज बेहद जरूरी है, पिछले एक दशक में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक विस्तार हुआ है, पहले जहां मात्र 17 सरकारी मेडिकल कॉलेज थे, वहीं अब केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से 81 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं, इसके अलावा दो एम्स भी प्रदेश में कार्यरत हैं, हर जिले में आईसीयू की सुविधा विकसित की गई है और कई अस्पतालों को कैथलैब से लैस किया गया है। -योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र

# रूढ़ियों के विरुद्ध प्रकाश, समता का सूर्य, विचारों के कृषक फुले का दर्शन





श्वेता गोयल

भारत का सामाजिक और सांस्कृतिक इतिहास अनेक विभूतियों की गाथाओं से सुसज्जित है किंतु समय के अनंत प्रवाह में कुछ ऐसे व्यक्तित्व उभरते हैं, जो केवल कालखंड विशेष की उपज नहीं होते बल्कि युगों-युगों तक मानवता का मार्ग प्रशस्त करने वाले ध्रुवतारे बन जाते हैं। 19वीं सदी के भारत में जब रूढ़िवादिता, जड़ता और अमानवीय भेदभाव का अंधकार अपने चरम पर था, तब महाराष्ट्र की पावन धरा पर महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले के रूप में एक ऐसी प्रखर रश्मि का प्रादुर्भाव हुआ, जिसने सदियों से सोई हुई दलित चेतना को न केवल झकझोरा बल्कि उसे आत्मसम्मान और ज्ञान के आलोक से मंडित कर दिया। ज्योतिबा फुले मात्र एक समाज सुधारक नहीं थे, वे उस वैचारिक क्रांति के शिल्पी थे, जिन्होंने भारतीय समाज की ऊसर और पथरीली भूमि को अपने पसीने और संकल्प से सींचकर उसमें समता, बंधुत्व और न्याय के बीज बोए। आज हम जिस आधुनिक भारत के संवैधानिक मूल्यों, स्त्री-शिक्षा और मानवाधिकारों पर गर्व करते हैं, उस विराट वटवृक्ष की जड़ें वास्तव में फुले के उन साहसिक संघर्षों में निहित हैं, जो उन्होंने उस दौर में किए थे, जब शिक्षा प्राप्त करना एक वर्ग विशेष का एकाधिकार और स्त्रियों का शिक्षित होना महापाप माना जाता था। 11 अप्रैल 1827 को पुणे में एक साधारण परिवार में जन्मे ज्योतिबा का जीवन संघर्ष की वह महागाथा है, जो यह सिद्ध करती है कि मनुष्य की महानता उसके कुल या जाति में नहीं बल्कि उसके उन उदात्त कार्यों में छिपी है, जो वह समूची मानवता के कल्याण हेतु समर्पित करता है।

ज्योतिबाफुले के व्यक्तित्व का निर्माण उन विसंगतियों के बीच हुआ, जहां पग-पग पर उन्हें जातिगत ऊंच-नीच और अपमान का दंश झेलना पड़ा। एक प्रसंग उनके जीवन की दिशा बदलने वाला सिद्ध हुआ, जब उन्हें एक उच्चवर्णीय मित्र के विवाह समारोह में केवल इसलिए अपमानित होकर निकलना पड़ा क्योंकि वे 'निम्न' समझी जाने वाली जाति से थे। वह अपमान ज्योतिबा के लिए केवल व्यक्तिगत पीड़ा नहीं थी बल्कि उन्होंने उसे समाज की उस सड़ी-गली व्यवस्था के विरुद्ध एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया, जो मनुष्य को मनुष्य समझने से इनकार करती थी। उस क्षण उनके भीतर जो विद्रोह उपजा, वह घृणा में नहीं बल्कि सृजन में परिवर्तित हुआ। उन्होंने अनुभव किया कि समाज की इस दासता की बेड़ियों को काटने का एकमात्र शस्त्र 'शिक्षा' है। फुले का दर्शन अत्यंत स्पष्ट था कि अज्ञान ही समस्त दुखों की जड़ है। उनकी प्रसिद्ध काव्य पंक्तियां 'विद्या बिना मति गई, मति बिना नीति गई, नीति बिना गति गई, गति बिना वित्त गया, वित्त बिना शूद्र टूटे, इतने अनर्थ एक अविद्या ने किए', आज भी सामाजिक परिवर्तन का सबसे बड़ा मूलमंत्र मानी जाती हैं। उन्होंने यह भली-भांति समझ लिया था कि जब तक समाज का वंचित वर्ग और आधी आबादी यानी स्त्रियां शिक्षित नहीं होंगी, तब तक राष्ट्र की प्रगति का स्वप्न एक मृगतृष्णा मात्र बना रहेगा। इसी बोध के साथ उन्होंने 1848 में पुणे के भिडेवाड़ा में देश का पहला बालिका विद्यालय स्थापित कर एक ऐसे शैक्षिक आंदोलन की नींव रखी, जिसने भारतीय इतिहास की धारा को सदैव के लिए बदल दिया।

महात्मा फुले की महानता इस तथ्य में निहित है कि उन्होंने जो उपदेश दिए, उन्हें पहले अपने आचरण में उतारा। जब उन्होंने बालिकाओं को पढ़ाने का निश्चय किया तो समाज के कट्टरपंथियों ने भारी विरोध किया। किसी भी शिक्षिका का मिलना असंभव था, तब ज्योतिबा ने अपनी जीवनसंगिनी सावित्रीबाई फुले को स्वयं शिक्षित किया और उन्हें शिक्षिका के रूप में तैयार किया। यह भारतीय इतिहास का सबसे क्रांतिकारी युगल था, जिसने समाज के पत्थरों और कीचड़ की बौछार को सहते हुए भी ज्ञान की लौ को बुझने नहीं दिया। सावित्रीबाई जब स्कूल जाती तो रूढ़िवादी लोग उन पर गंदगी फैंकते किंतु ज्योतिबा के अटूट समर्थन और प्रेरणा ने उन्हें कभी डिगने नहीं दिया। इन दोनों महामानवों ने मिलकर केवल स्कूल नहीं खोले बल्कि स्त्री-शक्ति को उसकी अस्मिता और अधिकारों से परिचित कराया। फुले दंपति का मानना था कि एक पुरुष की शिक्षा केवल एक व्यक्ति को लाभ पहुंचाती है किंतु एक स्त्री की शिक्षा पूरे परिवार और आने वाली पीढ़ियों को आलोकित करती है। उनके प्रयास केवल शिक्षा तक सीमित नहीं थे बल्कि उन्होंने विधवाओं के मुंडन की कुप्रथा के विरुद्ध नाइयों को संगठित किया, बाल विवाह का पुरजोर विरोध किया और विधवा विवाह का समर्थन कर समाज की जड़ चेतना पर सीधा प्रहार किया।

ज्योतिबा फुले का सामाजिक दर्शन केवल सहानुभूति पर आधारित नहीं था, वह तार्किक और बौद्धिक विद्रोह था। उनकी कालजई कृति 'गुलाम. गिरी' इस दृष्टि से एक क्रांतिकारी घोषणापत्र है। इस पुस्तक में उन्होंने पौराणिक आख्यानों की तर्कसंगत व्याख्या करते हुए उजागर किया कि किस प्रकार कुछ विशिष्ट वर्गों ने धर्म और शास्त्रों की आड़ लेकर बहुजन समाज को मानसिक और शारीरिक रूप से दास बनाए रखा। उन्होंने 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना 1873 में इसी उद्देश्य से की थी कि लोग पुरोहितों और बिचौलियों के चंगुल से मुक्त होकर ईश्वर की प्रत्यक्ष आराधना कर सकें और अपने मानवीय अधिकारों के प्रति सचेत हों। सत्यशोधक समाज ने विवाहों में पुरोहितों की अनिवार्यता को समाप्त कर सादगीपूर्ण और समतावादी संस्कारों को बढ़ावा दिया। फुले का यह आंदोलन केवल धार्मिक सुधार नहीं था बल्कि एक सांस्कृतिक पुनर्निर्माण था, जिसने शूद्रों और अति-शूद्रों के भीतर यह आत्मविश्वास भरा कि वे भी इस धरती के समान उत्तराधिकारी हैं। वे वर्ण व्यवस्था के उस ढांचे को ध्वस्त करना चाहते थे जो जन्म के आधार पर श्रेष्ठता का दंभ भरता था। उनके विचारों ने ही आगे चलकर डॉ. अंबेडकर जैसे महापुरुषों को प्रेरणा दी, जिन्होंने महात्मा फुले को अपना वैचारिक गुरु माना और उनके अधूरे कार्यों को संवैधानिक परिणति तक पहुंचाया। समाज सुधारक होने के साथ-साथ ज्योतिबा फुले एक अत्यंत सूक्ष्म दृष्टि वाले अर्थशास्त्री और किसानों के मसीहा भी थे। उन्होंने ग्रामीण भारत की जर्जर स्थिति को बहुत करीब से देखा था। उनकी पुस्तक 'किसान का कोड़ा' भारतीय कृषि व्यवस्था पर किया गया एक मार्मिक और तथ्यात्मक प्रहार है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार अनपढ़ किसान साहूकारों के कर्ज, सरकार के भारी करों और धार्मिक कर्मकांडों के बोझ तले दबा हुआ है। फुले ने किसानों को आधुनिक खेती, सिंचाई के साधनों और पशुपालन के वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने का सुझाव दिया। उन्होंने अकाल के समय पशुओं के चारे और किसानों के अनाज के लिए जो लड़ाई लड़ी, वह आज के समय में भी नीति-निर्धारकों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनकी संवेदना का विस्तार इतना व्यापक था कि उन्होंने अपने घर का पानी का हौज अछूत समझे जाने वाले लोगों के लिए खोल दिया, जो उस समय के समाज में एक अकल्पनीय और अत्यंत साहसी कदम था। वे केवल अस्पृश्यता के उन्मूलन की बात नहीं कर रहे थे, वे मनुष्य की गरिमा को पुन:स्थापित कर रहे थे। उन्होंने 'दलित' शब्द को संघर्ष की पहचान दी और उसे मुख्यधारा में लाने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। महात्मा फुले की दृष्टि वैश्विक थी, उन्होंने 'गुलामगिरी' को अमेरिका के उन अश्वेत लोगों को समर्पित किया, जो दासता के विरुद्ध संघर्ष कर रहे थे। यह उनकी इस सोच को दर्शाता है कि विश्व में कहीं भी होने वाला अन्याय समस्त मानवता के लिए खतरा है। 11 मई 1888 को मुंबई की एक विशाल जनसभा में जनता ने उन्हें 'महात्मा' की उपाधि से विभूषित किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इस बार की गर्मियों में यहां घूमने का बनाएं प्लान

**हिमाचल प्रदेश में स्पीति वैली एक खूबसूरत जगह है। इस समय यहां की सड़के , घटिया, ठंडे रेगिस्तान और बर्फ से ढंके पहाड़ आपका मन को खुश कर देगी। यहां चारों तरफ हिमालय से घिरी स्पीति घाटी, 12,500 फीट की ऊंचाई पर है। इस समय स्पीति में न्यूनतम तापमान माइनस 7 डिग्री है और अधिकतम तापमान 6 डिग्री बना रहता है।**

इस समय देश में भीषण गर्मी पड़ रही है, लेकिन इस बार हालात और भी बदतर हैं। भारत के कई राज्यों में तापमान 52 डिग्री पार हो चुका है। ऐसे में गर्मी से लोगो का बुरा हाल हो चुका है। गर्मी के कहर से बचने के लिए लोग घर के अंदर रहना ही पंसद कर रहे हैं। अगर आप गर्मियों की छुट्टियो में कहीं घूमने का प्लान कर रहे हैं, तो भारत में ऐसी कई जगह हैं, जहां इस समय बर्फ जमी होती है और तापमान जोरी डिग्री से नीचे रहता है। जानिए भारत से ठंडी जगहों के बारे में।

**सेला पास**

जून-जुलाई में घूमने के लिए अरुणाचल प्रदेश में स्थित सबसे ठंडी जगह है। यह 13,700 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। यहां हमेशा चारों तरफ से बर्फ से ढकी रहती वर्तमान में यहां का तापमान 6 डिग्री सेल्सियस है। यह हिल स्टेशन बहुत ही सुंदर है और यहां फोटोग्राफी के लिए सबसे बढ़िया जगह है।

**स्पीति वैली**

हिमाचल प्रदेश में स्पीति वैली एक खूबसूरत जगह है। इस समय यहां की सड़के , घटिया, ठंडे रेगिस्तान और बर्फ से ढंके पहाड़ आपका मन को खुश कर देगी। यहां चारों तरफ हिमालय से घिरी स्पीति घाटी, 12,500 फीट की ऊंचाई पर है। इस समय स्पीति में न्यूनतम तापमान माइनस 7 डिग्री है और अधिकतम तापमान 6 डिग्री बना रहता है।

**द्रास**

गर्मी के कहर से बचने के लिए आप द्रास घूमने जा सकते हैं। यह जम्मू कश्मीर के कारगिल जिले में लद्दाख का प्रवेश द्वार है। यह हिल स्टेशन सबसे ठंडा है। बता दें कि कारगिल अपनी



खूबसूरती और युद्ध के लिए जाना जाता है। यहां इस समय तापमान 11 डिग्री सेल्सियस है।

**सोनमर्ग**

गर्मी से बचने के लिए आप सोनमर्ग जा सकते हैं। इन दिनों यहां का तापमाम 15 डिग्री सेल्सियस रहता है। खूबसूरत नजारों और सुंदर घाटी के लिए यह जाना जाता है। सोनमर्ग में अल्पाइन घास के मैदानों, ग्लेशियर, झीलों और ट्रेकिंग के लिए बहुत फेमस है। प्रकृति प्रेमी के लिए यह जगह जन्नत से कम नहीं है।


# वृद्धावस्था का एक रोग जो बना चुनौती

पर्किंसन रोग नर्वस सिस्टम में धीरे-धीरे बढ़ता एक डिसऑर्डर है जिससे पूरे शरीर की गतिविधि प्रभावित होती है। शुरू में धीरे-धीरे इसके बढ़ते रहने के कारण आमतौर पर इसके कोई लक्षण नजर नहीं आते हैं या बमुश्किल किसी हाथ में कंपकंपी महसूस होती है। आम तौर पर हाथों में कंपकंपी से ही पर्किंसन की मौजूदगी की पुष्टि हो जाती है, लेकिन इसके साथ ही जकडन या शारीरिक गतिविधियों में धीमापन या अति संवेदनशीलता जैसे लक्षण भी प्रकट हो सकते हैं। शुरुआती चरणों में चेहरे पर शायद कोई लक्षण न दिखे या टहलते समय बाजुओं में कोई झटका महसूस न हो सके, लेकिन जुबान धीमी या अस्पष्ट हो सकती है और रोग बढने के साथ ही ये लक्षण बदतर होने लगते हैं। ऐसी स्थिति में किसी अनुभवी न्यूरोलॉजिस्ट से तत्काल संपर्क करना जरूरी है।

पर्किंसन रोग में मस्तिष्क के कुछ स्नायु तंत्र (न्यूरॉन) धीरे-धीरे कमजोर या मृतप्राय होने लगते हैं। कई लक्षण उन न्यूरॉन की क्षति के कारण बढ़ जाते हैं जो आपके मस्तिष्क तक रासायनिक संदेशवाहक यानि डोपेमाइन बनाते हैं। डोपेमाइन का स्तर जब कम हो जाता है तो इससे मस्तिष्क की गतिविधि असामान्य होने लगती है, जिससे पर्किंसन के लक्षण सामने आने लगते हैं। पर्किंसन रोग की वजह अभी तक अज्ञात है, लेकिन इसके पनपने में कई कारक जिम्मेदार माने जाते हैं, जिनमें शामिल हैं- आनुवांशिक, पर्यावरण प्रभाव, लेवी बॉडीज की मौजूदगी। इसके रिस्क फैक्टर्स है:-उम्र, वंशानुगत, लिंग, टॉक्सिन की चपेट में आना: इसके लक्षण और संकेत अलग-अलग तरह के लोगों पर अलग-अलग तरह के हो सकते हैं। शुरुआती लक्षण बहुत मामूली और न पहचाने जाने लायक हो सकते हैं। अक्सर ये लक्षण शरीर के एक हिस्से से शुरू होते हैं और जब तक शरीर के दोनों तरफ लक्षणों का असर होता है, तब तक अमूमन वह हिस्सा बहुत बिगड़ चुका होता है। कंपकंपी, धीमी गतिविधि, सख्त मांसपेशियां, शरीर की असाधारण मुद्रा और संतुलन, स्वाभाविक गतिविधियों पर विराम, बोली में बदलाव, लिखावट में बदलाव। सबसे अच्छा होगा कि मेडिकल स्थिति के आधार पर किसी अनुभवी न्यूरोलॉजिस्ट से जांच करवाएं, शारीरिक जांच कराएं और इसके लक्षणों और संकेतों का मूल्यांकन करें। एमआरआई, मस्तिष्क की अल्ट्रासाउंड, एसपीईसीटी और पीईटी स्कैन जैसी इमेजिंग जांच भी दूसरे तरह के डिसऑर्डर का पता लगाने में मददगार साबित हो सकती है।


इमेजिंग टेस्ट सिर्फ पर्किंसन्स रोग की डायग्नोसिस में मददगार नहीं होती है। कई बार पर्किंसन रोग की पहचान करने में बहुत समय लग जाता है। डॉक्टर आपकी स्थिति और समय के साथ आपके लक्षणों का मूल्यांकन करने तथा पर्किंसन्स रोग की पहचान करने के लिए मूवमेंट डिसऑर्डर में प्रशिक्षित न्यूरोलॉजिस्टों से नियमित रूप से परामर्श लेते रहने की सलाह दे सकते हैं। डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (डीबीएस) में सर्जन आपके मस्तिष्क के एक खास हिस्से में इलेक्ट्रोड का प्रत्यारोपण करते हैं। ये इलेक्ट्रोड्स आपके कॉलरबोन के पास आपके सीने में इंप्लांट किए गए जनरेटर से जुड़े होते हैं, जिससे आपके मस्तिष्क तक इलेक्ट्रिकल पल्स भेजे जाते हैं और आपके पर्किंसन रोग के लक्षणों को कम किया जा सकता है। डीप ब्रेन स्टिमुलेशन अक्सर एडवांस स्टेज में पहुंच चुके पर्किंसन पीड़ितों को दिया जाता है, जिन पर दवाइयों का असर खत्म हो जाता है। डीबीएस चिकित्सा स्थिति के उतार-चढ़ाव को स्थिर कर सकता है, अस्वाभाविक गतिविधियों (डिसकिनेसियास) को कम या रोक सकता है, कंपकंपी, अकड़न को कम कर सकता है और सामान्य गतिवधियों में आई कमी को सुधार सकता है। डिसकिनेसियास पर नियंत्रण पाने के लिए ली जा रही दवाइयों का असर प्रभावी बनाने के लिए डीबीएस कारगर होता है। हालांकि डीबीएस उन समस्याओं में मददगार नहीं होता, जिनमें कंपकंपी के अलावा चिकित्सा पद्धति का कोई असर नहीं होता। कंपकंपी यदि दवाइयों से बहुत ज्यादा नियंत्रित नहीं हो पाती है, तो इसे डीबीएस से नियंत्रित किया जा सकता है। पीडी के लक्षणों को कम करने के लिए दवाइयों का तात्कालिक प्रभाव ही होता है। जब किसी व्यक्ति पर दवाइयों का प्रभावी असर रहता है तो उसे ऑन-फेज कहा जाता है और जब दवाइयां उस पर बेअसर हो जाती है तो उसे ऑफ फेज कहा जाता है। एक समय बाद शरीर पर दवाइयों का प्रभाव खत्म हो जाता है और दवाइयां लेने की दर बढ़ जाती है। मरीज को यदि दिन में तीन बार दवाइयां लेने की सलाह दी जाती है तो प्रभाव कम होते रहने के कारण उस पर दिन में आठ से ज्यादा बार भी दवाइयां लेनी पड़ सकती है। इससे उसके जीवन की गुणवत्ता प्रभावित होती है, क्योंकि उसमें कई बार ऑन और ऑफ प्रभाव की स्थिति में जीना पड़ जाता है। डीबीएस मरीज पर लगातार 24 घंटे तक प्रभावी रहता है। इससे डिसकिनेसियास की स्थिति से भी निपटा जा सकता है जिस कारण अस्वाभाविक गति. विधियां रुक जाती हैं। इसके अलावा डीबीएस कंपकंपी में उतार-चढ़ाव नहीं आने देता है, जैसाकि दवाइयां लेने से होता है। दवाइयां अनिश्चित लक्षणों के प्रभाव को कम कर सकती हैं और काम पर जाने या खरीदारी करने की योजना बनाने वाले मरीजों में अटैक का खतरा बना रह सकता है क्योंकि दवाइयों का असर किसी भी वक्त कम हो सकता है जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है।

(साभार प्र.सा.)



**इमेजिंग टेस्ट सिर्फ पर्किंसन्स रोग की डायग्नोसिस में मददगार नहीं होती है। कई बार पर्किंसन रोग की पहचान करने में बहुत समय लग जाता है। डॉक्टर आपकी स्थिति और समय के साथ आपके लक्षणों का मूल्यांकन करने तथा पर्किंसन्स रोग की पहचान करने के लिए मूवमेंट डिसऑर्डर में प्रशिक्षित न्यूरोलॉजिस्टों से नियमित रूप से परामर्श लेते रहने की सलाह दे सकते हैं। डीप ब्रेन स्टिमुलेशन ( डीबीएस ) में सर्जन आपके मस्तिष्क के एक खास हिस्से में इलेक्ट्रोड का प्रत्यारोपण करते हैं। ये इलेक्ट्रोड्स आपके कॉलरबोन के पास आपके सीने में इंप्लांट किए गए जनरेटर से जुड़े होते हैं, जिससे आपके मस्तिष्क तक इलेक्ट्रिकल पल्स भेजे जाते हैं और आपके पर्किंसन रोग के लक्षणों को कम किया जा सकता है।**

# EDUCATIONAL INSTITUTIONS CONTINUE NAINITAL's LEGACY AS EDUCATION HUB




## छात्राओं की विशेष पहचान बनाने में इतिहास रचा है ऑलसेंट्स कालेज ने


अंजिना रिचर्डस

ऑलसेंट्स कालेज का गौरवमय इतिहास ब्रिटिश काल से रहा है। इस विद्यालय से हजारों बच्चे शिक्षा प्राप्त कर देश-विदेश में अपना भविष्य सव चुके हैं। इस विद्यालय में वैश्विक स्तर पर शिक्षा प्रदान की जाती है। वर्तम प्रधानाचार्य अंजिना रिचर्डस कुशलतापूर्वक विद्यालय का संचालन कर रही अंग्रेजी माध्यम से संचालित इस विद्यालय की स्थापना 1869 में हुई थी तब लेकर आज तक यह विद्यालय निंरतर प्रगति की ओर अग्रसर है। देश विदे के बच्चे इस इस विद्यालय में अध्ययन करने आते है। इस विद्यालय से शि हुई हैं। प्रधानाचार्य अंजिना रिचर्डस कहती है कि शिक्षा के मापदंड ध्यान में रखकर गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करने का प्रयास है जिसे भविष्य में भी जारी रखेंगी।








Rakhi Sah

Vrindavan Public School-Vrindavan Public School was established in 2009 under the C.L. Sah Memorial Education Society with the aim offostering the holistic development of young learners. The school is recognised by the Government of Uttarakhand and, as a Playway and Preparatory School, has successfully nurtured students in both academics and extracurricular activities. The school's clean, green, sunny, and spacious environment provides excellent facilities for the physical and mental growth of children, helping them become bright and confident individuals. This English-medium school is efficiently managed by a dedicated team under the guidance of the Principal, Mrs. Rakhee Sah, who emphasizes a nurturing atmosphere for all-round development. The school has introduced smart classes and projectors to make learning more interactive and engaging. It also promotes activities that develop gross motor skills, such as Origami, Dance, Taekwondo, and games, forming an essential part of its physical education program. Additionally, the school offers a centralized heating and cooling system for the comfort of students.

## आवासीय विद्यालयों में उत्कृष्ट भूमिका निभा रहा पाइन क्रस्ट स्कूल



आयारपाटा की सुंदर वादियों में पाईन क्रस्ट बोर्डिंग स्कूल देश के विभिन्न प्रांतों के बच्चों का भविष्य संवारने में जुटा हुआ है। विद्यालय में समस्त सुविधायें उपलब्ध हैं। बच्चों के बेहतर भविष्य बनाने के लिये वह जरूरत के मुताबिक आवश्यकताओं की पूर्ति की जाती विद्यालय अंग्रेजी माध्यम से संचालित किया जाता है। प्रबन्धक संतोष कुमार कहते हैं कि जिम्मेदारी के साथ अपना दायित्व निभ रहे हैं। विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास उनका लक्ष्य है।

## छात्राओं के लिये खोले लौंगव्यू पब्लिक स्कूल ने द्वार



लौंगव्यू पब्लिक स्कूल वर्तमान में छात्रों के साथ छात्राओं को भी उत्कृष्ठ शिक्षा प्रदान कर रहा है। नि:संदेह इस स्कूल ने अल्प समय में सफलता की सीढ़ियां तय कर शिक्षा की दिशा में नवीन आयाम स्थापित करने का सफल प्रयास किया है। जिसका प्रतिफल है कि विद्यालय में दी जा रही उत्कृष्ठ शिक्षा व कुशल संचालन को लेकर देश की कई संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। जिसके परिणामस्वरूप यह विद्यालय नगर व राज्य में अपना प्रमुख स्थान हासिल करने में कामयाब हुआ है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित लौंगव्यू पब्लिक स्कूल बारहवीं कक्षा तक विद्यालय का संचालन कर रहा है। विद्यालय में आधुनिक शिक्षा के साथ भावी शिक्षा को ध्यान में रखते हुए पठन पठन कार्य किया जाता है। प्रधानाचार्य बीसी त्रिपाठी कहते हैं कि वैश्विक शिक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यालय का संचालन कर रहे हैं। जिसका लाभविद्यार्थियों को मिलता है। जिसके बल पर विद्यालय प्रगति की ओर निरन्तर अग्रसर है।




## प्रतिभाओं को उभारने के साथ निरंतर प्रगति के पथ पर मदर हार्ट स्कूल




नगर के प्रमुख पब्लिक स्कूलों में सुमार मदर हार्ट पब्लिक स्कूल निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय पूर्णरूप से शिक्षा के मापदंडों के साथ बच्चों के चहुमुखी विकास करते आ रहा है। अनुभवी शिक्षकों द्वारा पठन पाठन कार्य संचालित किया जाता है। साथ ही बच्चों की प्रतिभाओं को उभारने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। जिसके चलते यह विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। प्रधानाचार्य नगमा परवेज कहती हैं कि उनका जीवन शिक्षा के प्रति समर्पित है। जिसे भविष्य में भी जारी रखेंगी।

## नैनीताल का गौरव है शेरवुड कालेज



फर्स्ट एयर मार्शल मानेक शाह और मिलेनियम स्टार अमिताभ बच्चन जैसे दिग्गज पुरुषों के साथ विभिन्न क्षेत्रों में हजारों नामी गिरामी हस्तियों का भविष्य संवारने वाले शेरवुड कालेज को नैनीताल का गौरव कहने में अतिशयोक्ति नहीं होगी और वर्तमान में भी विद्यालय देश के उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने वाले नामचीन स्कूलों में सुमार है। शेरवुड कॉलेज सह शिक्षा (को-एड.) पूर्ण रूप से आवासीय है। जिसमें विद्यार्थियों के भोजन, आवास तथा अन्य समस्त उत्तम सुविधायें विद्यालय प्रदान करता है। वैश्विक शिक्षा क मद्देनजर पठन-पाठन कार्य अनुभवी शिक्षकों द्वारा किया जाता है। बच्चों के बेहतर भविष्य बनाने के लिये वह सभी सुविधायें विद्यालय में मौजूद है, जो वर्तमान में जरूरत के हिसाब से आवश्यक होती है। अंग्रेजी माध्यम से यह विद्यालय कक्षा 3 से लेकर कक्षा 12वीं तक संचालित किया जाता है। वर्तमान में प्रधनाचार्य अमनदीप संधू विद्यालय का संचालन कर रहे है। वह कहते हैं कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्ध हैं और विद्यालय का गौरव बनाये रखने का प्रयास सर्वोपरि रहता है। वर्तमान में देश के तमाम प्रांतों के बच्चे विद्यालय में अध्ययनरत हैं।







## देश के अग्रणी स्कूलों में सुमार बिड़ला विद्या मंदिर



देश में बिड़ला विद्या मंदिर अग्रणी पब्लिक स्कूलों में अपना अलग नाम व मुकाम हासिल किया है। जिसके फलस्वरूप यह विद्यालय अपना एक अलग स्थान कायम किए हुए है। सीबीएसई से संबंद्ध यह विद्यालय पूर्ण रूप से आवासीय है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित नगर के सर्वाधिक ऊंचाई वाले नैसर्गिक वातावरण में स्थित है। बिड़ला विद्या मंदिर देश के अग्रणी सीबीएसई बोर्ड विद्यालयों में शामिल है। यह विद्यालय प्रधानाचार्य अनिल शर्मा के कुशल नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। देश-विदेश के कई हिस्सों से सैकड़ों की संख्या में छात्र वर्तमान में अध्ययनरत हैं। श्री शर्मा कहते हैं कि वर्तमान परिवेश को ध्यान में रखकर बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाने के साथ उन्हें एक अच्छा इंसान बनाने का प्रयास रहता है। जिसे ध्यान में रखकर विद्यालय में अनिवार्य विषयों के अलावा तमाम प्रतिस्पधाओं में भी छात्रों को निपूर्ण बनाया जाता है। विद्यालय का इतिहास है कि बोर्ड परिक्षाफल शत-प्रतिशत रहा है। जिसे भविष्य में भी कायम रखा जायेगा।

